फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 13 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -202, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री 16

सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा 15


## एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को सौंपा बॉण्ड का ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 12 मार्च तक का दिया था समय

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण सौंपा।

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण सौंपने का आदेश दिया था। आदेश के मुताबिक, निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी। निर्वाचन आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उच्चतम न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश के सिलसिले में एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड पर विवरण सौंपा है। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्त में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड जारी किए। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया था।

## अपनी विरासत को संजोते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा प्रदेश : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने शहरी विकास से जुड़ी 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को संरक्षित भी करता है। युवाओं के आजीविका की व्यवस्था करता है और आमजन की आस्था को सम्मान भी देता है। राज्य में सुरक्षा का बेहतर माहौल देता है तो समृद्धि के नित नए सोपान की ओर से अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य भी करता है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, 2017 में 24 फीसदी आबादी नगरीय क्षेत्रों में रहती थी, आज यह आबादी 30 फीसदी है और आने वाले पांच वर्ष में यह आबादी 40 फीसदी पहुंचने वाली है। उन्होंने कहा कि पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी स्मार्ट बना दिया। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपये की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। यहां योगी ने प्रदर्शनी-स्टॉल को देखकर नगर विकास विभाग की मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, मोहसिन रजा, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश को मिलीं तीन नई वंदे भारत, एक का हुआ विस्तार

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में शामिल रहे। योगी ने उप्र. में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। माना जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ने से इन स्थानों पर यात्री अब और अधिक सुविधा के साथ अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो प्रयागराज कुंभ का मेला होने वाला है तो इसका और भी महत्व बढ़ जाएगा। मोदी ने आस्था स्पेशल ट्रेनों का भी जिक्र करते हुए कहा, आस्था स्पेशल ट्रेनें तो देश भर से रामभक्तों को अयोध्या तक ले जा रही हैं।

### सरकारी बसों की यात्रा और सुरक्षित व सुलभ

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर की शुरुआत की। इस कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से बसों की लाइव ट्रैकिंग, आपात स्थिति में रियलटाइम लोकेशन पर तत्काल सहायता समेत पैनिक बटनअलर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे निगम की बसों को और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। मंगलवार को निगम द्वारा 3067 करोड़ रुपये की लागत से दस बस स्टेशनों के नव निर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि 1048 करोड़ की लागत से बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और तीन अन्य बस स्टेशन का लोकार्पण भी किया गया।







लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में नाटकीय घटनाक्रम

## खट्टर का इस्तीफा, सैनी बने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री

### राज्यपाल दत्तात्रेय ने नई सरकार के पांच मंत्रियों को भी दिलाई शपथ

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी





आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सैनी के साथ ही कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौधरी रंजीत सिंह चौटाला, जय प्रकाश दलाल और बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। सैनी (54) को खट्टर का करीबी माना जाता है। अक्टूबर के अंत में मुख्यमंत्री के रूप में खट्टर का दूसरा कार्यकाल खत्म होना था।

इससे पहले, भाजपा विधायक दल की बैठक में सैनी को नेता चुना गया। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और हरियाणा मामलों के प्रभारी बिप्लब देब मौजूद थे।

नेता चुने जाने के बाद सैनी ने खट्टर और अन्य नेताओं के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बदलाव को ओबीसी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के तौर पर देखा गया था। राज्य में सबसे अधिक आबादी जाट समुदाय की है। माना जाता है कि जाट वोट कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी (जजपा) और इंडियन नेशनल लोकदल के बीच बंट जाता है।

### हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए : हुड्डा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार अपना नैतिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से संबंधित घटनाक्रम का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि सत्ता विरोधी माहौल से बचने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने 'मिलीभगत' के तहत यह सब किया है।

### जजपा से लोकसभा की सीटों पर नहीं बनी बात

जजपा आगामी लोकसभा चुनाव में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से अपना उम्मीदवार उतारना चाह रही थी, लेकिन भाजपा दोनों सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उसने राज्य की सभी 10 सीट पर जीत हासिल की थी। दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ सीटों के बंटवारे के सिलसिले में बातचीत भी की थी, लेकिन संभवत: वह विफल रही। इससे पहले कि गठबंधन टूटने को लेकर कोई औपचारिक घोषणा होती, भाजपा ने मुख्यमंत्री खट्टर का इस्तीफा दिला दिया और विधायक दल के नए नेता का चयन कर लिया। वर्तमान में, 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक और जजपा के 10 विधायक हैं। इस गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त था।

### एक नजर

#### सोना बरामदगी मामले में इत्र कारोबारी पीयूष जैन बरी

**कानपुर।** इत्र कारोबारी पीयूष जैन को घर से बरामद हुए 23 किलो सोने के मामले में कस्टम विभाग की छह शर्तें पूरी करने के कारण स्पेशल सीजेएम की कोर्ट ने मंगलवार को दोष मुक्त करार दिया। वर्ष 2021 में जीएसटी इंटेलीजेंस महानिदेशालय की छापेमारी में इत्र कारोबारी के कानपुर व कन्नौज स्थित ठिकानों से 197 करोड़ रुपये नकद और 23 किलो सोना बरामद हुआ था। टीम ने पीयूष जैन के कन्नौज स्थित आवास में छापेमारी कर 23 किलो सोना बरामद किया था। छापेमारी में 197 करोड़ रुपये भी मिले थे। कारोबारी को जीएसटी चोरी व सोना तस्करी के आरोप में कस्टम एक्ट में मुकदमा दर्ज करके जेल भेजा गया था। (विस्तृत खबर पेज 3 पर)

## पहाड़ का टीला धसका, खदान में काम कर रहे चार श्रमिकों की मौत

संवाददाता, कबरई (महोबा)

- मलबे में दबे श्रमिकों को निकालने के लिए चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन
- जिलाधिकारी, एसपी व खनिज विभाग के अफसर घटनास्थल पर पहुंचे
- हादसे के बाद मची चीख पुकार के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर हुई इकट्ठा

**अमृत विचार :** थाना कबरई के ग्राम पहरा में खनन कार्य करते समय अचानक पहाड़ का टीला धसक गया। मिट्टी और पत्थर के मलबे में दबने से खदान पर काम कर रहे तीन श्रमिकों की मौत हो गई जबकि एक श्रमिक ने जिला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीन घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दबे श्रमिकों को बाहर निकालने को बचाव कार्य किया जा रहा है। मलबे को हटाने के लिए जेसीबी, एलएनटी मशीनों को लगाया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता और खनिज विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए।

ग्राम पहरा में धनराज सिंह निवासी कबरई का पहाड़ पर खनन चल रहा था। नीचे के हिस्से में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। ट्रैक्टर भी लगभग 100 फिट नीचे खदान से पत्थर लेने जा रहे थे। तभी अचानक खदान के ऊपरी हिस्से का टीला धसक कर नीचे काम कर रहे श्रमिकों पर जा गिरा। जिससे रामफूल 28 निवासी पहरा कबरई, प्रेमचंद्र कुशवाहा (19) निवासी घटेहरी व कुलदीप रैकवार निवासी नहदौरा की मलवे में दबने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राम मिलन की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मलबे में दबने से नीरज (26), अखिलेश (23) निवासी ग्राम पहरा घायल हो गए। रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में भर्ती कराया।

पत्थर लेने जा रहा ट्रैक्टर भी मलवे में दब गया, जिससे खदान में भगदड़ मच गई। हादसा होने की खबर मिलते ही जिले के आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। दो घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मृतकों और घायलों को बाहर निकाला गया। एक श्रमिक की तलाश के लिए ऑपरेशन शाम तक जारी रहा। हादसे के बाद मची चीख पुकार के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचकर चीखने चिल्लाने लगे।

### हादसा



मजदूर को मलबे से निकालकर ले जाते बचावकर्मी।

## कांग्रेस की दूसरी सूची जारी, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को दिया टिकट

नई दिल्ली, ब्यूरो

### लोकसभा चुनाव

- वैभव गहलोत जालौर, नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लड़ेंगे चुनाव
- उत्तराखंड से प्रदीप टम्टा सहित तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटों एवं हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए एक सांसद को टिकट दिया है। दूसरी सूची में 6 राज्यों के 43 नाम है। जिसमें उत्तराखंड, असम, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान व दमन दीव शामिल हैं।

दूसरी सूची में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ को छिंदवाड़ा से एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालौर से टिकट मिला है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा को फिर टिकट मिला है। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए सांसद राहुल कस्वा को चूरू से टिकट मिला है। बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह बरैया को मध्य प्रदेश के भिंड से टिकट मिला है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष सूची जारी करते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि 43 उम्मीदवारों में 13 पिछड़ा वर्ग, 10 सामान्य, 10 अनुसूचित जाति, एवं 9 अनुसूचित जनजाति एवं एक मुस्लिम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से प्रदीप टम्टा, पौड़ी गढ़वाल से गणेश गोदियाल एवं टिहरी गढ़वाल से जोत सिंह को टिकट दिया है। 43 उम्मीदवारों में उत्तराखंड से 3, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से 10-10, असम से 12, गुजरात से 7 एवं दमन दीव से एक उम्मीदवार का नाम है।

## नए मंत्रियों को मिले विभाग, ओमप्रकाश को अहमियत, दारा चौहान का कद घटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओमप्रकाश को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ, दारा चौहान को मिला केवल कारागार
- कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से वापस लेकर दो विभाग सौंपे


**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चारों नए कैबिनेट मंत्रियों को विभाग सौंपने में मंगलवार को उनके कद का भी ध्यान रखा गया। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ विभाग देकर अहमियत दी तो दलबदल में माहिर दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग देकर कद घटाया। कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से दो विभाग वापस लेकर सौंपा गया है। बंटवारे में धर्मपाल सिंह और धर्मवीर प्रजापति के विभाग भी प्रभावित हुए हैं।

राज्य सरकार ने बीते पांच मार्च को दूसरी बार मंत्रिमंडल विस्तार किया था। चार नए कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण और हज व मुस्लिम वक्फ विभाग सौंपा गया। दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग और अनिल कुमार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग दिया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री होंगे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को दिया गया पंचायती राज विभाग पहले भूपेंद्र चौधरी के पास था, जिसे उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद छोड़ दिया था।

### सीएए को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

## मुस्लिमों को भी नागरिकता के आवेदन की मिले अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को एक अर्जी दायर कर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित रहने तक नागरिकता संशोधन नियम, 2024 के अमल पर रोक लगाने का केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। 31 दिसंबर, 2014 से पहले बिना दस्तावेज के भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए त्वरित नागरिकता प्रदान करने से संबंधित नियमों को अधिसूचित करके सीएए लागू किए जाने के एक दिन बाद यह अर्जी दायर की गई है।

सीएए को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने अदालत से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि पूर्व में दायर रिट याचिकाओं का निपटारा किए जाने तक मुस्लिम समुदाय से संबंधित लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का शीर्ष अदालत से आग्रह किया गया है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने की अस्थायी अनुमति दी जाए और उनकी पात्रता पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। 'डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने भी एक पृथक याचिका दायर करके सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत पहले से ही सीएए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर विचार कर रही है।

### नागरिकता चाहने वालों के लिए पोर्टल लॉन्च

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों के लिए मंगलवार को एक पोर्टल लॉन्च किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

### जल्द ही मोबाइल एप भी शुरू करेगा गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियमों के तहत भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों की सहुलियत के लिए जल्द ही एक मोबाइल एप शुरू किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस अधिनियम के तहत नियमों के बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता और विश्वास का गवाह

पोखरण (राजस्थान), एजेंसी

### भारत शक्ति : प्रधानमंत्री मोदी ने देखा तीनों सेनाओं की क्षमताओं का प्रदर्शन





- स्वदेश निर्मित हथियारों ने दिखाई अपनी ताकत

राजस्थान में यहां मंगलवार को 'भारत शक्ति' अभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है। सेना के तीनों अंगों का समन्वित अभ्यास पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में करीब 50 मिनट तक हुआ, जहां भारत ने अपने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।

हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने आसमान में गर्जना की और अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर एमके-4 ने उड़ान भरी, जबकि मुख्य लड़ाकू टैंक अर्जुन और के-9 वज्र, धनुष तथा सारंग तोपखाना प्रणालियों ने जमीन पर गोलाबारी की। पिनाक उपग्रह प्रणाली जैसे प्लेटफॉर्म और कई ड्रोन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत शक्ति अभ्यास के दौरान आसमान में विमान की गर्जना और जमीन पर प्रदर्शित किया गया पराक्रम नए भारत का आह्वान है। उन्होंने याद किया कि यह पोखरण ही था, जहां अतीत में भारत का परमाणु परीक्षण किया गया। मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है।

यह अभ्यास जैसलमेर शहर से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर किया गया, जिस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इतने व्यापक स्तर पर किया गया अपनी तरह का यह पहला अभ्यास है जो किसी (उत्तरी या पश्चिमी सीमा की) दिशा या किसी विरोधी के प्रति निर्देशित नहीं था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को कहा था कि यह स्वदेश में तैयार किए गए समाधानों के जरिए समकालिक और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने एवं उनसे निपटने की भारत की तैयारियों का एक स्पष्ट संकेत देते है। साथ ही भारत शक्ति वैश्विक स्तर पर देश की रक्षा क्षमताओं की मजबूती और इसमें नवाचार को प्रदर्शित करता है।

### लड़ाकू विमान तेजस क्रैश, पायलट सुरक्षित

**जैसलमेर/नई दिल्ली।** वायुसेना का एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर के नजदीक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने बताया कि विमान का पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। वायुसेना ने कहा कि दुर्घटना पोकरण से लगभग 100 किमी दूर हुई। यहां मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मेगा युद्ध अभ्यास 'भारत शक्ति' चल रहा था। सैन्य सूत्रों ने संकेत दिया कि तेजस जेट को इस अभ्यास का हिस्सा बनना था।

## ईडी ने लालू के करीबी के परिसरों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित नौकरी के बदले रेलवे भूमि घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं।

## एक नजर

### मारपीट, लूटपाट का आरोप

रूरा। ग्वालियर के साकेत नगर निवासी शिवम ने बताया कि वह अपने ममेरे भाई की बारात में ककवन आया था। जहां से बारात नौरंगा लालपुर आनी थी। जब वह बारात के साथ रूरा थाना क्षेत्र के गहलो गांव में पहुंचा तो रोड पर एक कार लिए कुछ अज्ञात लोग आपस में नशे में लड़ रहे थे। उसने उक्त लोगों से साइड देने को कहा। इसपर उक्त लोगों ने उससे मारपीट कर दी। आरोप है कि छीनाझपटी में उसकी चेन भी तोड़ ली है और गाड़ी में रखे दो मोबाइल, एक लाख रुपये व प्लाट की रजिस्ट्री लूट ले गए। थाना प्रभारी दीपन दुबे ने बताया की मामला केवल मारपीट का लग रहा है। छानबीन की जा रही है।

### कथा के समापन पर भंडारा

रसूलाबाद। कस्बे के निरालानगर के दुर्गा माता के मंदिर में आचार्य कृष्ण मुरारी पांडेय ने कथा समापन पर सुबह हवन कराया। इसके बाद भंडारे में ब्राह्मण, साधु-संतो को भोजन कराने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। भंडारे में लोगों ने सहयोग किया। रात्रि में भजन कीर्तन हुए। यहां अमित पांडेय, हकीम शर्मा, विनोद पांडेय, महेश पांडेय, अवधेश पांडेय, धीरेंद्र सिंह, पवन शर्मा, अवधेश पांडेय, विनोद गुप्ता, बउआ पांडेय, मनीष पांडेय, शिवांशु पांडेय, शिवजी तिवारी, मोदी पांडेय, श्याम पांडेय, रानू पांडेय, अनिल पाल, राजा रामपाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु रहे।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ से ज्यादा की ठगी

**नई मुसीबत**

गौरव श्रीवास्तव, कानपुर

- साइबर ठगों ने एक हफ्ते में शहर में सात लोगों को हाई रिटर्न का झांसा देकर बनाया शिकार
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, टेलीग्राम, और व्हाट्सएप पर फैलाया तगड़ा नेटवर्क

**अमृत विचार।** शहर में साइबर अपराधी रोज नए-नए तरीकों से किसी न किसी को शिकार बना रहे हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगों ने अब पढ़े लिखे शेयर ट्रेडिंग करने वाले लोगों को ठगना शुरू कर दिया है। इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया पर तगड़ा नेटवर्क फैला रखा है। कमिश्नरेट के थानों में शेयर ट्रेडिंग के जरिए हाई रिटर्न का झांसा देकर एप डाउन लोड कराकर बीते सात दिन में सात लोगों से सवा करोड़ रुपये की ठगी की घटनाएं सामने आई हैं। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर सेल ठगों का पता लगाने में जुटी है।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों ने ज्यादातर मामलों में एक जैसा तरीका अपनाया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए ठगी का जाल फैलाया गया। शिकार को व्हाट्सएप ग्रुप 'गोल्डमैन सैक्स स्टॉक पुल' से जोड़ा। इसे कुछ दिन देखने पर लगा कि लोग इसमें ट्रेडिंग ही करते हैं और एप सेबी से सर्टिफाइड है। इसमें जुड़ने वाले सभी लोग ग्रुप एडमिन से चैट की। एडमिन के कहने पर लिंक शेयर करके धानिन 1 ए नामक एप डाउन लोड कराया गया। इस एप के जरिए ट्रेडिंग कराई गई।

पहले छोटा अमाउंट निवेश कराकर मुनाफे की रकम निकालने दी गई। इसके बाद खाते को प्रीमियम बताकर शिकार से मोटी रकम निवेश कराई गई लेकिन रिफंड नहीं दिया गया, जबकि ट्रेडिंग एप अकाउंट के वॉलेट में निवेश से तीन या चार गुना रकम दिख रही थी। हालत यह है कि लोग तेजी के साथ ठगों के चंगुल में फंस रहे हैं।

### अमीर बनने के झांसे में फंस रहे लोग

एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि साइबर ठगों ने इस समय शेयर बाजार को अपना हथियार बनाया हुआ है। लोगों को रातों-रात करोड़ों रुपये मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाते हैं। इसके बाद फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड करवाकर ठगी करते हैं। एक सप्ताह में सात बड़े मामले सामने आए हैं। इनमें एक करोड़ से ज्यादा की ठगी हुई है। सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

"साइबर ठगों के खातों को फ्रीज कराया गया है। उनके खाते में करीब 3 .50 करोड़ कैश जमा मिला है। ठगी के शिकार लोगों को उनकी पूरी रकम जल्द ही कोर्ट के आदेश पर बैंक से वापस करा दी जाएगी। मामले की गहन जांच कर कार्रवाई की जा रही है।
-मनीष सोनकर, एडीसीपी अपराध



### कृष्णा नगर की महिला से 23 लाख रुपये ठगे

चकेरी थानाक्षेत्र के कृष्णा नगर निवासी महिला से साइबर ठगों ने 23 लाख रुपये ठग लिए। महिला ने साइबर सेल को बताया कि उसे झांसे में लेकर फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराया गया। इसके बाद निवेश कराकर पूरी रकम हड़प ली गई। वह सोशल मीडिया के जरिए शातिर ठगों के संपर्क में आई और अपने नजदीकियों से उधार लेकर रकम निवेश की थी। पहले उन्होंने थोड़ी रकम लगाई तो तगड़ा मुनाफा हुआ। इस पर धीरे-धीरे कर 23 लाख लगा दिए। साइबर सेल की टीम मामले की जांच कर रही है।

### पीयूष मोहन ने 31 लाख गंवाए

नवाबगंज निवासी पीयूष मोहन से साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 31 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीयूष ने साइबर सेल को बताया कि उन्हें फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया के जरिए शेयरों में निवेश के सुझाव देकर झांसे में लिया गया। ठगों ने दावा किया कि उनकी बताई गई कंपनियों के शेयर खरीदें ज्यादा मुनाफा होगा। उन्हें अपने व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ लिया और फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराया। पीयूष ने पहले पांच लाख लगाए तो उनकी रकम रातोंरात दोगुनी हो गई। उन्होंने कई बार में एप के जरिए 31 लाख 80 हजार रुपये निवेश कर दिया। पीयूष ने साइबर सेल को बताया कि मोबाइल पर तो उन्हें एप में लाखों की रकम दिखाई दे रही थी, लेकिन जब अपनी रकम को उन्होंने निकालने का प्रयास किया तो असफल रहे। उन्होंने ठगों के व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप पर शिकायत की तो ग्रुप से उन्हें रिमूव कर दिया गया।

### कारोबारी के 51 लाख रुपये डूबे

लाजपत नगर में रहने वाले कारोबारी पंकज मिश्रा ने साइबर सेल को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के जरिए कौन सा शेयर खरीदें इसके सुझाव मिले। उन्होंने बताई गई कंपनियों के शेयर खरीदे, तो भारी उछाल देखने को मिला। रातों-रात उन्होंने लाखों रुपये कमा लिए। इसके बाद साइबर ठगों ने उन्हें झांसे में लिया। उन्हें अपने व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ लिया। कुछ कंपनियों के शेयर में तेजी से उछाल की जानकारी दी। इस पर उन्होंने उन शेयर को खरीदने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। इस पर ठगों ने कहा कि इसके लिए उन्हें कॉर्पोरेट अकाउंट खोलना पड़ेगा। उन्हें लिंक शेयर करके फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराया गया। उन्होंने 51 लाख रुपये एप के जरिए शेयर में निवेश किया। एप पर उन्हें मुनाफा तो दिखने लगा, लेकिन रकम निकालने का प्रयास किया तो एप काम नहीं कर रहा था।

### जागरुकता ही बचाव

कानपुर। शेयर बाजार लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है। ऐसे में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले सक्रिय हैं। ठगों के जाल में पढ़े-लिखे लोग भी फंस रहे हैं। इससे बचाव में वित्तीय साक्षरता और जागरुकता की अहम भूमिका है। यह कहना है, आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का। शेयर बाजार में पैसा लगाने वाले निवेशकों को गांठ बांध लेनी चाहिए कि रातों-रात अमीर नहीं बना जा सकता है। सोशल मीडिया पर मोटा मुनाफा दिलाने का दावा करने वाले जालसाजों से बचें। राजीव सिंह के अनुसार सोशल मीडिया पर ऐसे जालसाजों की भरमार है जो रिस्क बनाकर कई गुना मुनाफे का दावा करते हैं। लालच में लोग फंस जाते हैं। गारंटी वाले मुनाफे के झांसे में भी न आयें। शेयर बाजार में मुनाफे की गारंटी नहीं होती है। डीमैट और ट्रेडिंग खाता खोलते समय कंपनी के बारे में पता कर लें कि कंपनी सेबी और एक्सचेंज में पंजीकृत है या नहीं। अनजान व्यक्ति से पैन, आधार, बैंक विवरण, ईमेल, ओटीपी साझा मत करें। कोई व्यक्ति शेयर बाजार का रिसर्च एनालिस्ट होने का दावा करता है, तो जांच कर लें।


राजीव सिंह।

# सीएसजेएमयू अनुसंधान और नवाचार के लिए महाविद्यालयों की करेगा मदद

## वित्त समिति ने शैक्षिक उन्नयन और उपकरणों के लिए 20 करोड़ का बजट पास किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाविद्यालयों में टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ की होगी भर्ती तैयारियां शुरू हुईं

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू की वित्त समिति की मंगलवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। तय हुआ कि अनुसंधान और नवाचार के लिए संबद्ध महाविद्यालयों को सीएसजेएमयू आर्थिक मदद मुहैया कराएगा। इसके तहत महाविद्यालयों के शिक्षकों के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय 30 हजार रुपये तक आर्थिक मदद देगा। बैठक में 20 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ अकादमिक भवन में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई वित्त समिति की बैठक में विश्वविद्यालय का आगामी बजट पास किया गया। इसमें उपकरणों और शैक्षिक विकास के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। विश्वविद्यालय कर्मचारियों के ग्रुप इंश्योरेंस पॉलिसी में विश्वविद्यालय की ओर से 60 फीसदी भुगतान व कर्मचारियों से 40 फीसदी भुगतान के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। इसके साथ विश्वविद्यालय की ओर से संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम व संघटक महाविद्यालयों में नई टीचिंग व नॉन टीचिंग भर्ती किए जाने का प्रावधान किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। विश्वविद्यालय के नए संघटक कॉलेज राजकीय महाविद्यालय घाटमपुर के लिए बजट प्रावधान के साथ ही विश्वविद्यालय के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट रखा गया। रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए माइनर रिसर्च स्कीम को भी बजट दिया गया। इसका लाभ विश्वविद्यालय में अनुसंधान की दिशा में मिल सकेगा। विऑनलाइन कोर्स चलाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापना बजट का प्राविधान किया गया। विश्वविद्यालय में नए भवन के निर्माण के लिए भी बजट रखा गया है। प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव आदि रहे।


वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक।

## डॉक्टर के खाते से साइबर ठग ने पार किए डेढ़ लाख

**कानपुर।** साइबर ठगों ने एक डॉक्टर के खाते से डेढ़ लाख रुपये पार कर दिए। डॉक्टर ने पत्नी के साथ बेंगलुरु जाने के लिए ऑनलाइन टिकट बुक कराई थी। फ्लाइट कैंसिल होने पर रुपये वापस करने के नाम पर ठगी हो गई।

काकादेव निवासी डॉ. रमेश कुमार गुप्ता के अनुसार पत्नी अनीता के साथ बेंगलुरु जाने के लिये 25 नवंबर को मेक माई ट्रिप से इंडिगो की फ्लाइट बुक की थी। बाद में जानकारी हुई कि फ्लाइट कैंसिल हो गई है। इस पर उन्होंने रुपये वापस लेने के लिए गूगल पर मेक माई ट्रिप का कस्टमर केयर नंबर निकाला। फोन मिलाने पर साइबर ठग ने उनसे एक एप डाउन लोड करने को कहा। एप इंस्टाल करते ही उनके एसबीआई खाते से 98,363, एचडीएफसी के खाते से 47.006 और बैंक ऑफ बड़ौदा में 1995 रुपये निकल जाने का मैसेज आया। उन्होंने बैंक में जाकर मामले की शिकायत की।

# गंगा पुल पर हादसा, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छावनी थानाक्षेत्र में सोमवार देर रात शादी से लौट रही सवारियों से भरी ऑटो की सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो में बैठी सवारियां घायल हो गईं। राहगीरों की मदद से उन लोगों को अस्पताल भिजवाया गया। जहां देर रात एक युवक की मौत हो गई।

कोतवाली थानाक्षेत्र में बाबा घाट सिविल लाइंस के रहने वाले 35 वर्षीय आनंद निषाद उर्फ मंगरू सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार को वह लोग शुक्लागंज स्थित पारिवारिक शादी समारोह में गए थे। इस दौरान उनके साथ पत्नी पूजा, गुनगुन, परी, ज्योति, करन, मुन्नू, सुभाष के साथ थे।

साले मुन्नू ने बताया कि देर रात 12 बजे सभी लोग ऑटो से घर लौट रहे थे। अभी वह लोग शुक्लागंज नवीन पुल पर छावनी थानाक्षेत्र के पास पहुंचे ही थे कि सामने से तेज रफ्तार में आ रही डीसीएम ने लोडर को ओवरटेक कर सीधे ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो क्षतिग्रस्त हो गई। चालक नाम पता अज्ञात, आनंद निषाद और सभी लोग घायल हो गए।

राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। डायल 112 के सिपाहियों ने आनन-फानन सभी घायलों को हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान आनंद की मौत हो गई। पत्नी पूजा का हाथ टूट गया। अन्य सवारियों को भी चोटें आईं हैं। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


आनंद निषाद।


घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

- छावनी थाना क्षेत्र में नए गंगा पुल के पास सोमवार देर रात डीसीएम ने मारी टक्कर

### सवारियों से ओवरलोड थी ऑटो, कार्रवाई होगी

कमिश्नरेट की यातायात पुलिस लगातार लोगों को सुगम और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए तमाम प्रयास कर रही है। इसके बावजूद लोग बाज नहीं आ रहे हैं। यातायात पुलिस लगातार टैंपो, ई रिक्शा और लोडर चालकों को सही ढंग से वाहन चलाने के साथ क्षमता के अनुसार ही सवारियां बैठाने के निर्देश देती रही है। इसके बाद भी गंगापुल के पास हुए हादसे में ऑटो पर क्षमता से ज्यादा सवारियों को बैठाया गया था। ऑटो में चार बच्चे भी बैठे थे, बड़ी घटना हो सकती थी।

# छह दिनों से लापता फैक्ट्री कर्मी का शव नहर में मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंगलवार रात पांडु नदी में उतराता मिला शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र के दादा नगर फैक्ट्री एरिया में बीते छह दिनों से लापता युवक का शव मंगलवार देर रात पांडु नदी में उतराता मिला। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने फैक्ट्री संचालक समेत साथी कर्मचारियों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बिधनू थानाक्षेत्र के रमईपुर गांव निवासी विनोद राजपूत (30) नौरैयाखेड़ा में किराए का मकान लेकर दादानगर स्थित रैपर बनाने वाली फैक्ट्री में काम करते थे। बीते पांच मार्च से विनोद लापता थे, जिसकी परिजनों ने गोविंद नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मंगलवार देर रात विनोद का शव नौरैयाखेड़ा स्थित पांडु नदी में उतराता मिला। राहगीरों की सूचना पर दादानगर चौकी इंचार्ज अंकुर मलिक व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य संकलित किए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने फैक्ट्री संचालक व कर्मचारियों पर हत्या करने का आरोप लगाया।

# सफाई न होने से नाराज युवक नाले में उतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर डीबीएस बस्ती में सफाई न होने पर एक युवक नाले में घुस गया। गंदगी के बीच गर्दन तक उतर कर बोला कि क्षेत्र के बच्चे बीमार हो रहे हैं। नगर निगम में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। युवक ने कहा कि जब तक सफाई नहीं होगी तब तक बाहर नहीं निकलूंगा, इसके बाद नगर निगम अधिकारियों व क्षेत्रीय जनता के आश्वासन पर युवक बाहर निकला।

गोविंद नगर वार्ड-2 हरिजन बस्ती में काफी समय से सफाई न होने के कारण नाला गन्दगी से पट चुका है। जिस कारण नाले का पानी रोड पर आ गया। वहीं इलाके के रहने वाले विकास कठेरिया आज भरे नाले में घुसकर हाथ जोड़ नाला सफाई के लिए प्रदर्शन करने लगे। विकास को देख आसपास के लोग भी उसके समर्थन में आ गए। बस्तियों के लोगों ने नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवक ने कहा कि जब तक नाले की साफ सफाई नहीं तब तक नाले से नहीं निकलूंगा। वहीं, इस गन्दगी और भरे पानी से जनता और बच्चे बीमार हो रहे हैं।

लोगों ने बताया कि काफी समय से नाले की सफाई नहीं हुई है। जिससे रहने वालों लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। होली का पर्व भी नजदीक है। पार्षद भी सुनते नहीं हैं। घर जाओ तो कहते हैं कि सरकार हमारी नहीं है, काम नहीं हो पाएगा। इसकी जानकारी नगर निगम विभाग को दे चुके है। लेकिन अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है।


वीडियो ग्रैब।

- पार्षद से शिकायत करने पर भी काम नहीं होने पर उठाया कदम
- बोला, बच्चे बीमार हो रहे, सफाई के लिए हाथ जोड़कर प्रदर्शन

### नाले में गिरकर चोटहिल हो रहे लोग

बस्ती निवासी सुनीता ने बताया कि नाला सफाई न होने के कारण बच्चे बीमार रहते हैं। वहीं ये दिक्कत आज की नहीं है। पहले भी रह चुकी है। नाला सफाई बस कागजों पर होती है। बस्ती होने के कारण सफाई नहीं होती है। आज नाले का पानी रोड पर आ गया है। नाले के पानी की बदबू से घर में बैठना मुश्किल हो गया। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक खुले नाले में गिरकर कई लोग चोटहिल हो चुके हैं। छोटे बच्चों को घर से अकेले निकलने नहीं देते हैं।

**राष्ट्रीय सम्मेलन** | भाषा होती है विरासत, कला, साहित्य और इतिहास का प्रतीक

# विकास में भाषा देती महत्वपूर्ण योगदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के सीनेट हॉल में स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज की ओर से मंगलवार को भारतीय भाषा सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें संदेश दिया गया कि भाषा विरासत, कला, साहित्य और इतिहास की प्रतीक होती है। विकास के लिए यह सभी जरूरी हैं।

भारतीय भाषा समिति भारत सरकार और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास समिति की ओर से हुए सम्मेलन में भाषा का महत्व बताया गया। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि विकास के पहले पायदान पर मां और मातृभाषा ही रोडमैप बनाने का कार्य करते हैं। यह महज शब्दों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, विरासत और पहचान का प्रतीक है। एआई के युग में भी मातृभाषा की महत्ता सहज ही देखी जा सकती है। इसी तरह प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि मातृभाषा की प्रासंगिकता हमेशा से रही है। इसे विमर्श के बिंदु पर लाने की जरूरत है। सम्मेलन में काशी हिंदी विश्वविद्यालय के प्रो. राम नरायन द्विवेदी ने कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं ने संस्कृति को संजोकर रखा है। इसे हमें प्रमुखता से मानस पटल पर लाने की आवश्यकता है। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. श्रवण कुमार शर्मा ने कहा कि भाषाएं ही हमारा भविष्य तय करती हैं। बेहतर भविष्य को मातृभाषा के माध्यम से संवारा जा सकता है। उधर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास समिति के क्षेत्रीय संयोजक जगराम सिंह ने कहा कि हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिये। जब हमारी नींव मजबूत होगी तो हम भी मजबूत होंगे। इसलिए हमें अपनी भाषाओं को सुदृढ़ करना चाहिये, जिससे हमारी भावनाएं जुड़ी होती है। सम्मेलन को संयुक्त पुलिस आयुक्त आरएस गौतम, विशिष्ट अतिथि प्रतिकुलपति इग्नू प्रो. सुमित्रा कुकरेती, प्रोफेसर गीता नायक, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. प्रवीण तिवारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डॉ. पतंजलि मिश्र, डीएवी कॉलेज से प्रो. रेनू दीक्षित, प्रो. नीरू टंडन रहीं।


सम्मेलन की शुरुआत करते सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो विनय पाठक। अमृत विचार

- सीएसजेएमयू में हुए भाषा सम्मेलन में देश भर से सम्मिलित हुए विशेषज्ञ

# स्क्रीन के माध्यम से उद्यमी सीएम से जुड़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के उद्यमी मंगलवार को स्क्रीन के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जुड़े और लखनऊ में इन्वेस्ट यूपी के नवीन कार्यालय की शुरुआत पर तालियां बजाकर स्वागत किया। उद्यमियों ने 'उद्यमियों से संवाद' कार्यक्रम से जुड़कर प्रदेश के विकास पर चुनौतियों और प्रगति का भी आकलन किया।

नवीन भवन की शुरुआत और उद्यमियों से संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में हुआ। उद्यमी एमकेयू इंडस्ट्रीज के प्रबंधक निदेशक मनोज गुप्ता लखनऊ से कार्यक्रम में जुड़े। सीएम के साथ संवाद में उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश 14वें से 5वें स्थान पर पहुंच गया है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग सुधीर श्रीवास्तव, आईआईए के अध्यक्ष दिनेश बरासिया, आईआईए के राष्ट्रीय महासचिव आलोक अग्रवाल, पीआईए के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सेठ मौजूद रहे।

### दिल्ली की दो फ्लाइट हों

उद्यमी अतुल सेठ ने जिलाधिकारी से शहर को उड़ान क्षेत्र में विस्तार की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली के लिए एक सुबह व एक शाम की फ्लाइट मिलती है तो बेहतर होगा। उद्यमी सुबह दिल्ली जाकर शाम को अपना काम खत्म कर वापस आ सकता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक- 1017171, इंटर मीडियट वर्ष 2007 अनुक्रमांक- 0548744, जीएनएम नर्सिंग वर्ष 2014 अनुक्रमांक- 111707941 के शैक्षिक प्रमाण पत्र व जीएनएम नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नंबर 25100 के सभी प्रमाणपत्र कही खो गये हैं। **अमित कुमार पुत्र लाखन लाल निवासी ग्राम पोस्ट बरौना थाना मल्लांवा जनपद हरदोई। मोबाइल नंबर- 7619002556**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि शपथकर्ता धर्मेंद्र यादव पुत्र बुधराम निवासी ग्राम अनारपटी मजरे शरवन टिकठा थाना असंद्रा तहसील रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी का नाम त्रुटिवश धर्मेंद्र कुमार यादव हो गया है। जिनका सही व सत्य नाम धमेंद्र यादव है। जिनको भविष्य में धर्मेंद्र यादव के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
सदर तहसील में दिनांक- 05/06/2009 के बैनामा जिसका बही संख्या 01 जिल्द संख्या- 4771 पेज् नं. 233 से 252 क्रम संख्या 6771 तथा दूसरा बैनामा दिनांक- 05/06/2009 के बही संख्या 01 जिल्द संख्या- 4773 पेज् नं. 181 से 206 क्रम संख्या 6769 हैं। मेरे पास से उपरोक्त दोनों मूल रजिस्ट्री दिनांक- 05/02/2024 को पटेल नगर चौराहे के पास कहीं गिर गयी है। **प्रदीप सिंह पुत्र श्री सत्यनारायण सिंह निवासी- ग्राम गढ़ी, पोस्ट मवैया, जिला- फतेहपुर।**

**बैठक सूचना**
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. खोजारामपुर वि0खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक द्वितीय आवश्यक बैठक दिनांक 13/03/2024 को ग्राम सभा खोजारामपुर के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 12: 30 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।
निवेदक- **पिंटू सिंह**
ग्राम- खोजारामपुर, कानपुर देहात

**सूचना**
मैं आनुली देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह के आर्मी नं.- 4198003P, ग्राम-पिंगलो, पो.ओ.- पिंगलो, तहसील-गरुड, जिला- बागेश्वर, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम आनंदी देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम आनुली देवी है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में आनुली देवी दर्ज किया जाये।

**सूचना**
मैं संगीता सिंह राना अपने पति राजकिशोर के आर्मी नं.- 4200648Y, ग्राम-पिपलिया पिस्तौर, पो.आ.- नानकमत्ता, जिला- उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड, मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम संगीता राना दर्ज है जबकि मेरा सही नाम संगीता सिंह राना है। अतः मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में संगीता सिंह राना दर्ज किया जाये।

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा अपने ग्राहक श्री मोहम्मद तनवीर आलम, पुत्र श्री इफ़्तिखार हुसैन खान को उनकी संपत्ति भूखंड संख्या 01, क्षेत्रफल 1700 वर्गफीट जो खसरा संख्या 335 मिन, स्थित भूहर, वार्ड हैदरगंज, लखनऊ के विरुद्ध ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित ऋण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपने पक्ष में विधिक साक्ष्य के साथ मुझसे 7 दिनों के अंदर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति न प्राप्त होने पर मेरे उपरोक्त मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान कर उक्त संपत्ति को बंधक किया जायेगा तथा उक्त संपत्ति पर मेरे मुवक्किल का प्रथम प्रभार होगा।
**(तरुण प्रकाश श्रीवास्तव)**
**एडवोकेट, मो0- 9335914262**
रूम नं0-110-111, सिटी होटल, बी.एन. रोड, लालबाग, लखनऊ-226001

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत बहुवन मदार मांझा विकास खण्ड-परसपुर जनपद गोण्डा के अन्तर्गत प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड नन्दौर रेती का गठन कराया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 18/03/2024 को ग्राम पंचायत नन्दौर के पंचायत भवन प्रांगण में दिन में 12:00 बजे बैठक की जायेगी जिसमें उक्त न्याय पंचायत के महुआ समुदाय/ अनुसूचित जाति के व्यक्ति समिति में सदस्यता ग्रहण करने हेतु भाग ले सकते हैं।
**मुख्य प्रवर्तक**
**मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड**
**नन्दौर रेती, गोण्डा**

**आज का मौसम**
अगले पांच दिन आसमान साफ रहेगा।

| 30.8° | 13.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 20 | सूर्यास्त 06 : 17 |

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (बुधवार) | सहरी (गुरुवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :16 | सुन्नी-05 :03 |
| शिया-06 :29 | शिया-04 :49 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### भूमिगत सेक्शन में आज फाइनल टनल ब्रेकथ्रू

**कानपुर।** यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन के फाइनल टनल ब्रेकथ्रू का आयोजन किया जाएगा। मैकरॉबर्टगंज से निर्माणाधीन चुन्नीगंज स्टेशन तक 'डाउनलाइन' पर टनल निर्माण कर 'तात्या' टनल बोरिंग मशीन चुन्नीगंज स्टेशन पहुंचेगी। इसके साथ ही चुन्नीगंज- नयागंज भूमिगत सेक्शन का टनलिंग कार्य पूरा हो जाएगा।

### निर्यात से प्याज में उछाल

**कानपुर।** सब्जी विक्रेताओं ने सपा कार्यालय में हुई जिलाध्यक्ष फ़ज़ल महमूद को बैठक के दौरान बताया कि प्याज का निर्यात होने के कारण प्याज का खुदरा बिक्री में बेतहाशा मूल्य बढ रहा है। इसकी वजह से जनता की आम लोगों की जेब पर बेवजह भार बढ़ रहा है। सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि देश में प्याज के उत्पादन गिरावट आई है, लेकिन सरकार ने प्याज निर्यात की अनुमति देकर जनता का बजट बिगाड़ दिया है।

### विहिप की बैठक 15 से

**कानपुर।** नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने का स्वागत करते हुए विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत के अध्यक्ष राजीव महाना ने बताया कि 2014 से पहले आए गैर मुस्लिम देशों के गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों भारत की नागरिकता देना सर्वथा स्वागत योग्य है। नारामऊ स्थित जैपुरिया स्कूल में प्रांतीय संगठन की दो-दिनी (15 और 16 मार्च को बैठक बुलायी गई है। इसमें सीएए पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

### तीन अपराधी जिलाबदर

**कानपुर।** एडिशनल सीपी कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने कमिश्नरेट में शांति व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में तीन अभियुक्तों पर जिलाबदर की कार्रवाई की है। जिनकी पहचा हनुमंत विहार निवासी शैलेश तिवारी उर्फ पंडित, यशोदा नगर निवासी रजत यादव उर्फ उत्कर्ष और बिधनू निवासी विनय चंदेल के रुप में हुई। अभियुक्तों के खिलाफ कमिश्नरेट में विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

स्पेशल सीजेएम कोर्ट ने सुनाया फैसला, वर्ष 2021 में आवास से बरामद हुआ था सोना

# 23 किलो सोना बरामदगी में इत्र कारोबारी पीयूष जैन बरी

- इत्र कारोबारी ने जब्त लगभग 18 करोड़ के सोने पर छोड़ा दावा, 56.86 लाख पेनाल्टी जमा की
- बरामद सोना अब सरकार करेगी जब्त 197 करोड़ रुपये नकद बरामद होने के मामले में होगी सुनवाई

**'कालेधन का कुबेर'**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर से मिले 23 किलो सोने के मामले में मंगलवार को फैसला आया। कस्टम विभाग की छह शर्तें पूरी करने के बाद स्पेशल सीजेएम की कोर्ट ने इत्र कारोबारी को दोष मुक्त करार दिया।


पीयूष जैन।

वर्ष 2021 में जीएसटी इंटेलीजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) अहमदाबाद की छापेमारी में इत्र कारोबारी के कानपुर व कन्नौज स्थित ठिकानों से 197 करोड़ रुपये नकद और 23 किलो सोना बरामद हुआ था। जीएसटी चोरी व कस्टम एक्ट के तहत सोना तस्करी का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

इत्र कारोबारी पीयूष जैन के आनंदपुरी निवासी में छापेमारी के दौरान टीम ने आवास की दीवारें और फर्श तोड़ी थीं तो नोटों की गड्डियां गिरने लगी थीं।

डीजीजीआई टीम ने रुपयों से भरे 42 बक्से जब्त किए थे। टीम ने पीयूष जैन के कन्नौज स्थित आवास में भी छापेमारी की थी, वहां से करीब 23 किलो सोना बरामद किया गया था। टीम ने छापेमारी में 197 करोड़ रुपये व 23 किलो सोना जब्त कर जीएसटी चोरी व सोना तस्करी के आरोप में कस्टम एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपी पीयूष जैन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

**कुछ इस तरह शुरू हुई थी कार्रवाई :** डीजीजीआई टीम ने सबसे पहले गुजरात में पान मसाला लदे चार ट्रकों को पकड़ा था। ट्रक ट्रांसपोर्ट नगर के गणपति रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट कंपनी के थे और माल त्रिमूर्ति फ्रेगरेंस प्राइवेट लिमिटेड का था। ट्रक में जो माल बरामद हुआ उसके कागजात फर्जी मिले और उनका ई-वे बिल भी जारी नहीं किया गया था। टीम ने छापेमारी की तो जानकारी मिली की पान मसाला कंपनी को पीयूष जैन अपना एसेंस सप्लाई करते हैं। इसके बाद टीम ने पीयूष जैन के आवास में छापेमारी की थी।

**42** बक्से रुपये से भरे डीजीजीआई टीम ने जब्त किए थे

**06** शर्तें कस्टम विभाग की पूरी करने पर हुए दोषमुक्त



### जब्त सोने और अन्य सामग्री पर छोड़ दिया अपना दावा

- कस्टम एक्ट के मामले में पीयूष जैन ने मुख्य आयुक्त कस्टम (निवारक) प्रक्षेत्र पटना को प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसमें मामले में बरामद किया गया सोना जब्त कर दोष मुक्त करने की अपील की गई थी। इस पर कस्टम विभाग ने छह सूत्रीय मांग पूरी करने के निर्देश दिए थे। इनमें 30 दिन के भीतर 56.86 लाख रुपये पेनाल्टी जमा करने, आरोपी द्वारा जब्त सोने व अन्य सामग्री के पर कोई दावा न करने, लखनऊ आयुक्त (अपील) के समक्ष वापस ली गई अपील पुर्नजीवित न करने तथा उन्मुक्ति का आदेश न्यायालय के अनुमोदन के आधीन होगा जैसे दिशा-निर्देश शामिल थे।

### अब 197 करोड़ के मामले में होनी है सुनवाई

- पीयूष जैन ने कस्टम विभाग की शर्तों को पूरा करते हुए 56.86 लाख की पेनाल्टी जमा कर दी थी। इसके बाद पीयूष जैन ने स्पेशल सीजेएम स्नेहा की कोर्ट में मुकदमा खत्म करने की अपील दाखिल की थी। मंगलवार को कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए पीयूष जैन को दोष मुक्त करार दिया। अब इत्र कारोबारी के खिलाफ बरामद किए गए लगभग 200 करोड़ कैश के मामले में सुनवाई होनी है।

# नकली पुलिस वाहन चेकिंग में कर रही ऑनलाइन वसूली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में चेकिंग के नाम पर वर्दी पहनकर फर्जी होमगार्ड व सिपाहियों द्वारा वसूली किए जाने की शिकायत अधिवक्ताओं ने पुलिस कमिश्नर से करते हुए ऑनलाइन घूस लिए जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस कमिश्नर ने एसीपी को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

आजाद नगर सतबरी रोड, चकेरी निवासी अधिवक्ता अंकित यादव ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से बताया कि 25 जनवरी को वह अपनी कार से घर जा रहे थे। श्याम नगर में चेकिंग कर रहे एक होमगार्ड ने सीट बेल्ट न लगाने की बात कहते हुए रोक लिया। आरोप है कि होमगार्ड ने मोबाइल से फोटो खींची और कहा कि एक हजार रुपये घूस दो नहीं तो चालान हो जाएगा। अंकित ने बताया कि वह लोवर पहनकर निकले हैं, पर्स घर पर छूट गया है। लेकिन होमगार्ड नहीं माना और ऑनलाइन अपने मोबाइल पर क्यूआर कोड से 500 रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में उन्होंने होमगार्ड के बारे में पता लगाया तो जानकारी हुई कि शिवम शुक्ला नामक व्यक्ति होमगार्ड नहीं है। वर्दी पहनकर वसूली करता है। अधिवक्ता का आरोप है कि उसके साथ टीएसआई बनकर चलने वाला राजीव दीक्षित भी नकली पुलिस वाला है। आरोप है कि दोनों फर्जी तरीके से वर्दी पहनकर वसूली का सिंडीकेट चला रहे हैं। पीड़ित अधिवक्ता ने उनके तीन वीडियो संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर को सौंपे हैं। इसमें वर्दी पहने आरोपी पुलिस की बाइक से घूमते सीसीटीवी में कैद हुआ है। दूसरे वीडियो में जीटी रोड पर एक परिवार से चालान की धमकी देकर वसूली का दबाव बना रहा है। अधिवक्ता का कहना है कि फर्जी होमगार्ड रोज चेकिंग के नाम पर पांच हजार रुपये वसूली कर रहा है।

> गंभीर मामला है, शिकायत मिली है, जांच के लिए एसीपी चकेरी को कहा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -हरीश चंदर, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था


मेट्रो प्रोजेक्ट के बन रहे पिलर। अमृत विचार

# मेट्रो के बारादेवी-नौबस्ता रूट पर एलिवेशन का काम पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पियर कैप्स और डबल टी गर्डर्स की कास्टिंग हुई पूरी

**अमृत विचार।** बारादेवी से नौबस्ता के बीच मेट्रो के बन रहे एलिवेटेड सेक्शन का निर्माण कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मंगलवार को लगभग 5 किमी लंबे सेक्शन में कुल 264 डबल टी-गर्डर्स और 186 पियर कैप्स की कास्टिंग का काम पूरा कर लिया गया। एलिवेटेड सेक्शन में प्रयुक्त होने वाले पियर कैप्स और गर्डस नौबस्ता स्थित कास्टिंग यार्ड में प्री-कास्ट किए गए हैं। इन्हें क्रेन की सहायता से कॉरिडोर में निर्धारित स्थान पर रखा जाता है। यूपीएमआरसी के सिविल इंजीनियरों की टीम ने मंगलवार को नौबस्ता स्थित कास्टिंग यार्ड में आखिरी 264वें डबल टी-गर्डर की कास्टिंग प्रक्रिया पूरी की।

कानपुर मेट्रो के एलिवेटेड अवसंरचना में डबल टी-गर्डर्स का प्रयोग मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल (एलिवेटेड स्टेशन का पहला तल) को आधार प्रदान करने के लिए किया जाता है। बारादेवी और किदवई नगर स्टेशन पर परिनिर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

# सांसद रावत ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**चौबेपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में टिकट फाइनल होने के बाद सांसद अशोक रावत ने क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ा दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को ब्लॉक सभागार में जनप्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित कर उनका सम्मान किए जाने के साथ भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उनको सहयोग बनाए रखने की अपील की।

मंगलवार को ब्लॉक सभागार मे आयोजित जनप्रतिनिधियों की बैठक में क्षेत्रीय भाजपा सांसद अशोक रावत ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की चर्चा कर जनप्रतिथियों से आगे भी सहयोग दिए जाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के बाबत भी लोगों से जानकारी की। जिस पर मरियानी, भिंडुरी,काशीनाथ पुरवा व जरारी के लोगों ने मरियानी गांव के सामने हाईवे पर अंडरपास कट न दिये जाने से उत्पन्न समस्या को प्रमुखता से उठाया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राजपूत , पूर्व मंडल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी ,संतोष यादव, ग्राम प्रधान कल्लू यादव रहे।

# प्लॉट पर आगजनी मामले में फैसला आने को लेकर पुलिस बल अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल छावनी में तब्दील रहेगा कोर्ट परिसर फैसला आने पर सभी आरोपी अदालत में पेश किए जाएंगे

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी से सीसामऊ के विधायक इरफान सोलंकी की आने वाली दिनों में और मुसीबतें बढ़ सकती हैं। दरअसल जाजमऊ के डिफेंस कालोनी निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट पर आगजनी और तोड़फोड़ करने के मामले में कोर्ट में 14 मार्च गुरुवार को फैसला आने की पूरी उम्मीद है। इसको लेकर किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था न बिगड़े इसको लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था कर ली है। कोर्ट छावनी में तब्दील रहेगा। फैसला आया तो विधायक और उनके सहयोगियों को अदालत में पेश किया जाएगा। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को फैसला आने की उम्मीद है। इसको लेकर भारी संख्या में फोर्स की तैनाती की जाएगी। डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर भी रहेंगे। सभी की नामवार ड्यूटी बुधवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को बता दी जाएगी। इस संबंध में अधिवक्ता शिवकांत दीक्षित ने बताया कि अभियोजन की तरफ से इस मामले में 18 गवाह पेश किए गए जबकि बचाव पक्ष की तरफ से तीन गवाह पेश किए गए हैं।



आठ नवंबर 2022 को डिफेंस कालोनी जाजमऊ निवासी नजीर फातिमा ने विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि नजीर फातिमा के घर पर आरोपी जबरन कब्जा करना चाहते हैं और इसी कड़ी में षड्यंत्र रचकर पूर्व में भी तीन हत्याएं करा चुके हैं। सात नवंबर 2022 की रात आठ बजे नजीर फातिमा का परिवार शादी समारोह में गया हुआ था। उसी दौरान विधायक और उनके भाई ने नजीर फातिमा के घर में आग लगा दी। जिसमें उनके गृहस्थी का सारा सामान खाक हो गया था। इस मामले में पुलिस ने पहले विधायक इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।

### कोर्ट गेट पर पूछकर होगी इंट्री

गुरुवार को कोर्ट छावनी में तब्दील रहेगी। इसको लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। असल में रमजान माह साथ ही लोकसभा चुनाव से पहले इस तरह का फैसला आना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोर्ट परिसर से पहले ही गेट पर बाहरी व्यक्ति को रोका जाएगा। साथ ही किसी को भी ऐसे इंट्री कतई नहीं दी जाएगी।

# केडीए में नामांतरण फाइल दबाने पर लिपिक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए वीसी राकेश कुमार सिंह ने एक साल तक नामांतरण की फाइल दबाने पर जोन-2 के द्वितीय श्रेणी लिपिक विकास भारती को निलंबित कर दिया। आवेदक नामांतरण नहीं होने से परेशान था। केडीए उपाध्यक्ष ने जांच के बाद लिपिक को दोषी पाने पर कार्यवाही की और अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनता को परेशान न किया जाए। केडीए के पीआरओ एसबी राय ने बताया कि जनता दर्शन में जिलाधिकारी के समक्ष काकादेव के भूखण्ड संख्या-32, ब्लाक-सी, योजना प्रथम का नामान्तरण लम्बित रखने के सम्बन्ध में शिकायत मिली। पत्रावली के अवलोकन के दौरान यह पाया गया कि आवेदक रमेश कुमार दीक्षित द्वारा प्राधिकरण के एकल विंडो के माध्यम से प्रार्थना पत्र दिया गया था।

# खुशखबरी : टू लेन होगा घाटमपुर-साढ़ मार्ग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**14** किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए 4.51 करोड़ की पहली किस्त मिली

**अमृत विचार।** सालों से जर्जर अवस्था में पड़ा घाटमपुर साढ़ मार्ग 22.58 करोड़ की लागत से निर्माण किया जाएगा। 14 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति मिलने के साथ पहली किस्त में 4.51 करोड़ रुपये पीडब्ल्यूडी को दिए गए है। जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। सड़क निर्माण से करीब 10 गांवों की 50 हजार आबादी को लाभ मिलेगा।

रामसारी, चंदनपुर, बेहटा बुजुर्ग, बेहटा, भीतरगांव, बिरसिंगपुर, गंभीरपुर, खदरी समेत करीब 10 गांवों से होकर गुजरने वाली 14 किलोमीटर लंबी घाटमपुर साढ़ मार्ग कई वर्षों से जर्जर पड़ी हुई थी। जगह-जगह पर छोटे-बड़े सैकड़ों गड्ढे थे। इस सड़क का पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की ओर से तीन माह पूर्व सर्वे किया गया था। जिसके बाद एस्टीमेट बनाकर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया था। 22.58 करोड़ की लागत से तैयार होगी। मंगलवार को शासन से स्वीकृति मिलने के साथ ही सड़क निर्माण के लिए 4.51 करोड़ रुपये की पीडब्ल्यूडी को मुहैया कराई गई है।

धन अवांटित होने के बाद पीडब्ल्यूडी ने तैयारी तेज कर दी है, जल्द ही सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता राकेश यादव ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए 22.58 करोड़ की धनराशि स्वीकृति हो चुकी है। पहली किस्त भी मुहैया कराई गई है। टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। बता दें कि सरसौल से नर्वल तक सड़क टू लेन सड़क बन गई है। अब नर्वल से साढ़ चौराहा तक टू लेन सड़क बनाने की योजना है। ए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेजी गई है।

**मिला तोहफा** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अत्याधुनिक मेमू शेड और 'एक स्टेशन-एक स्टाल' का वर्चुअल लोकार्पण किया

# जल्द ही दौड़ेंगीं नई मेमू ट्रेनें, शुरू हुआ इको फ्रेंडली शेड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में नए मेमू शेड की शुरुआत हो गई है। इस शेड के शुरू होने से अब मेमू ट्रेनों की मरम्मत का कार्य यहीं हो सकेगा। नया शेड शुरू होने से नई मेमू ट्रेनें भी पटरी पर दौड़ने का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से नए मेमू शेड और सभी स्टेशनों पर 'एक स्टेशन एक स्टॉल' योजना के तहत स्टॉलों की शुरुआत की। इस दौरान स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

पूरे देश में मंगलवार को 85 हजार करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं की शुरुआत पीएम ने की। इस सौगात से शहर में अत्याधुनिक मेमू ट्रेनें यात्रियों के लिए लाइफ लाइन बनेगी। इसके लिए इको फ्रेंडली अत्याधुनिक मेमू शेड की शुरुआत हो गई। अब यहां 18 मेमू का मेंटेनेंस होने के साथ नई मेमू चलने की रुकावट दूर हो गयी। रेलवे अधिकारियों की माने तो जल्द ही यहां वंदेभारत के कोच का मेंटेनेंस कार्य भी शुरू हो जाएगा। इसके बाद सेंट्रल से भी वंदेभारत ट्रेन दौड़ सकेगी। लोकार्पण कार्यक्रम में पीएम को सुनने के लिए मेमू शेड में आयोजन हुआ।


लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर प्रमिला पाण्डेय व स्नातक विधायक डॉ. अरुण पाठक।

कार्यक्रम में महापौर प्रमिला पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विधायक सरोज कुरील, एमएलसी अरुण पाठक, एमएलसी अविनाश सिंह चौहान, पूर्व विधायक रघुनंदन भदोरिया, जोनल रेल सलाहकार समिति के सदस्य विजय कुमार मिश्रा व मंडल रेल सलाहकार समिति के सदस्य जितेंद्र कुमार पांडेय मौजूद रहे। इस दौरान कहा गया कि पिछले दस वर्षों में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिली है। कार्यक्रम में ओंकारेश्वर विद्या निकेतन की बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर केपी इन्फो मीडिया के प्रबंध निदेशक अभिनव अवस्थी, शुगर पद्धति के विशेषज्ञ राहुल पांडे, उत्तर मध्य रेलवे के सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कोचिंग अभिषेक सिंह, सिग्नल एंड टेली कम्युनिकेशन इंजीनियर निवेदिता त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता अभिषेक शर्मा, स्टेशन अधीक्षक अनिल तिवारी, सीएमआई विजय शर्मा, आरपीएफ इंस्पेक्टर बीके सिंह, सीएचआई अतुल गंगवार मौजूद रहे।

हेलो डाक्टर
दाँतों से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
टेढ़े मेढ़े दांत, मसूड़ो से खून आना, पॉयरिया, दांतो मे कीड़े लगना एवं दांतो में सड़न जैसी समस्याओं के उपचार के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के दंत रोग विभाग की विशेषज्ञ डा0 अनु मयंक से करें सवाल।

दिनांक 13 मार्च दिन बुधवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं.: 9219805718

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### धोखाधड़ी करने पर रिपोर्ट

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र के चंद्र विहार की रहने वाली अर्चना चड्ढा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2007 में उनके पति की मौत हो गई थी। वर्ष 2020 में भन्नानापुरवा स्थित अचल संपत्ति की पावर ऑफ अटार्नी अशोक चड्ढा के हक में की थी। लेकिन नीयत में खोट देखकर उसे वर्ष 2021 में निरस्त करा दिया। आरोप है कि कोरोना काल के समय देवर अशोक ने वह संपत्ति बेच दी। आरोप है कि इस संपत्ति पर अशोक की फर्म पर ओवर ड्रॉफ्ट था। नवाबगंज थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि अशोक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### डॉक्टर के खाते से साइबर ठग ने पार किए डेढ़ लाख

**कानपुर।** साइबर ठगों ने एक डॉक्टर के खाते से डेढ़ लाख रुपये पार कर दिए। काकादेव निवासी डॉ. रमेश कुमार के अनुसार पत्नी अनीता के साथ बेंगुलरू जाने के लिये 25 नवंबर को मेक माई ट्रिप से इंडिगो की फ्लाइट बुक की थी। बाद में फ्लाइट कैंसिल हो गई है। इस पर उन्होंने रुपये वापस लेने के लिए गूगल पर मेक माई ट्रिप का कस्टमर केयर नंबर निकाला। फोन मिलाने पर साइबर ठग ने उनसे एक एप डाउन लोड करने को कहा। एप इंस्टाल करते ही उनके एसबीआई खाते से 98,363, एचडीएफसी के खाते से 47 .006 और बीओबी में 1995 रुपये निकल जाने का मैसेज आया। उन्होंने बैंक में जाकर शिकायत की।

# बाकरगंज से घंटाघर की शटल सेवा शुरू, ई-रिक्शा चालकों का हंगामा

## आनंदपुरी पेट्रोल पंप पर ट्रैफिक पुलिस ने बिना 'लोगो' वाले वाहनों से उतारी सवारियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ई-रिक्शा चालकों की टीएसआई से हुई झड़प, पैदल आने-जाने को मजबूर हुए लोग
- शटल सेवा के तहत कुल 180 वाहनों का बाकरगंज से घंटाघर तक होगा आवागमन

**अमृत विचार।** घंटाघर को ई-रिक्शा फ्री जोन बनाने के लिए मंगलवार से शटल सेवा पूरी तरह से लागू कर दी गई। आनंदपुरी पेट्रोल पंप के पास ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने बिना लोगो लगे वाहनों को रोक कर सवारियां उतारी। इस पर ई-रिक्शा चालकों ने हंगामा शुरू कर दिया। ई-रिक्शा चालकों की ट्रैफिक पुलिसकर्मियों से तीखी झड़प भी हुई। घंटाघर को ई-रिक्शा फ्री जोन बनाने के पहले दिन सवारियां घंटों वाहनों के इंतजार में खड़ी रहीं।

ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण घंटाघर चौराहा भीषण जाम के बोझ से दबा था। ऐसे में शहर के प्रमुख चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बाकरगंज से घंटाघर तक ई-रिक्शों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया था। बीते दो मार्च को एडीसीपी ट्रैफिक शिवा सिंह व एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने बाकरगंज से घंटाघर तक शटल सेवा का शुभारंभ किया था, जिसमें करीब 45 टेंपों को सवारियों के आवागमन के लिए लगाया गया था। जिसके बाद ई-रिक्शा चालकों ने बाकरगंज चौराहा जाम कर हंगामा किया था। एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने चालकों को समस्याओं को लिखित कार्यालय में देने को कहा था। मंगलवार से बाकरगंज से घंटाघर तक ट्रैफिक पुलिस ने पूरी तरह से शटल सेवा शुरू कर दी। ट्रैफिक पुलिस ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो पर सख्ती करते हुए आनंदपुरी स्थित पेट्रोल पंप के पास से बिना लोगो लगे वाहनों को रोक कर सवारियां उतारी। जिस पर ई-रिक्शा, ऑटो चालकों ने हंगामा शुरू कर दिया। ई-रिक्शा चालकों ने कहा कि किदवई नगर से घंटाघर रूट तक काफी सवारियों का आवागमन होता है। चालक सद्दाम, संजय, यश, राशिद, इमरान ने बताया कि बाकरगंज से किदवई नगर तक सवारियां उचित दाम देने में कतराती हैं। अधिकांश ई-रिक्शा फाइनेंस है, व्यवस्था लागू होने के बाद किस्तें निकालना मुश्किल होगा।

### पैदल रेलवे स्टेशन जाने के लिए मजबूर हुए यात्री

ई-रिक्शा, ऑटो पर पूरी तरह प्रतिबंध की जानकारी न होने के कारण राहगीरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। लोग घंटों बाकरगंज चौराहे पर सवारियों के इंतजार में खड़े रहे। तमाम लोग प्राइवेट वाहन स्वामियों से मदद मांगते नजर आए। पैदल रेलवे स्टेशन जाने के लिए तमाम यात्री मजबूर हुए। नौबस्ता निवासी रिश्तेदार के घर से लौट रहे धनकुट्टी निवासी बुजुर्ग दंपत्ति सुरेश चतुर्वेदी व बीना ट्रैफिक पुलिसकर्मियों से मिन्नत करते रहे। उन्हें व्यवस्था लागू होने की जानकारी नहीं थी। पुलिसकर्मियों ने ऑटो से उतार कर उन्हें वापस भेज दिया। वहीं लखीमपुर खीरी जाने निकले किदवई नगर निवासी ऋषभ शुक्ला वाहन नहीं मिलने पर समय से स्टेशन पहुंचने के लिए पैदल रेलवे स्टेशन की ओर रवाना हुए।

### 40 टेंपो और 40 ऑटो के साथ 100 ई-रिक्शा शटल सेवा में

टीआई साउथ हरिकेश आर्या ने बताया कि बाकरगंज से घंटाघर तक शटल सेवा के लिए 40 टेंपो व 40 ऑटो को अनुमति दी गई है। यह वाहन घंटाघर से सवारियों को लेकर बाकरगंज चौराहे पर उतार देंगे। ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन से 100 ई-रिक्शा शटल सेवा के लिए मांगे गए है। जिसमें बाकरगंज से झकरकटी बस अड्डे तक 40 ई-रिक्शा जा सकेंगे। वहीं बाकरगंज से सिटी साइड स्टेशन जाने के लिए 40 व टाटमिल से घंटाघर की ओर जाने के लिए 20 ई-रिक्शा लगाए जाएंगे।

## युवती ने गैंगरेप की तहरीर दी, पुलिस जांच में जुटी

**कानपुर देहात:** एक गांव की एक युवती ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर मंगलवार की शाम पुलिस को तहरीर दी है। घटना एक दिन पहले की है। दो गांवों के युवकों के बीच मारपीट के बाद मंगलवार को मामला तूल पकड़ गया है। पुलिस प्रेम प्रसंग और आपसी मारपीट का मसला मान रही है। पुलिस जांच कर रही है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने आरोप लगाया कि वह पड़ोसी के यहां कार्यक्रम में जा रही थी। उसी समय पड़ोस के गांव के कुछ युवक आ गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना से संबंधित पीड़िता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार उसकी पुष्टि नहीं करता है।

मंगलवार को इसी प्रकरण को लेकर युवती के गांव के कुछ लड़कों को पीट दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी तक प्रेम प्रसंग और दो गांवों के लड़कों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है, फिर भी हर पहलू पर बारीकी से छानबीन की जा रही है।

## सेंट्रल के विश्राम गृह में मृत मिले टिकट निरीक्षक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचल दल में थी तैनाती, लक्ष्य को लेकर पड़ रहे दबाव से थे परेशान
- जीआरपी ने शुरू की मामले की जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति होगी स्पष्ट

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह सेंट्रल स्टेशन के विश्राम गृह में ट्रेन टिकट निरीक्षक (टीटीई) मृत अवस्था में पड़े मिले। जिससे हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर जीआरपी ने मामले की जांच शुरू की। साथ काम करने वाले कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लक्ष्य को लेकर टिकट जांच बढ़ाने व राजस्व वसूली को लेकर रेलवे अधिकारियों के दबाव बनाने से वह तनाव में थे। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जीआरपी ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि फिरोजाबाद के टूंडला नगर पालिका दुर्गा कॉलोनी के रहने वाले 56 वर्षीय चंद्र प्रकाश सिंह का एक माह पहले कानपुर में ट्रांसफर हुआ था। वह सचल दल इकाई में काम कर रहे थे।

एक साथी कर्मचारी ने जीआरपी को बताया कि दो दिन पहले ही एक अधिकारी ने उन्हें लक्ष्य पाने के लिए फटकार लगाई थी। जिसके बाद मंगलवार सुबह वह प्लेटफार्म संख्या छह स्थित विश्राम गृह में मृत मिले। उनके परिवार में पत्नी ब्रजलता बेटा वरुण और चार बेटियां प्रतिभा, प्रियंका, शिवानी व सबसे छोटी बेटी यंशिका है। परिजनों के अनुसार तीन बेटियों की शादी हो गई है और छोटी बेटी अभी पढ़ाई कर रही है।

इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया प्रथमष्टया हृदयगति रुकने से मृत्यु की बात सामने आई है। पता चला है कि वह डायबिटीज व हार्ट के मरीज भी थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का कारण स्पष्ट होने व परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सेंट्रल स्टेशन के निदेशक आशुतोष सिंह ने बताया कि राजस्व वसूली का लक्ष्य पाने के लिए किसी भी कर्मचारी पर दबाव बनाने का मामला संज्ञान में नहीं है। अगर प्रताड़ना की कोई बात आती है, तो जांच करा कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों को दूध पिला रही श्वान को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी के साहदुल्लापुर में नशेबाज की अमानवीयता का वीडियो हुआ वायरल

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक नशेबाज ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए सड़क किनारे पिल्लों को दूध पिला रही श्वान की सिर पर बेरहमी से डंडा मार-मारकर हत्या कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। पुलिस और एनजीओ सक्रिय हो गई। एनजीओ आवारा बींग ने आरोपी के खिलाफ चकेरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

साहदुल्लापुर पीएसी मोड़ निवासी चंदर सिंह रोज शराब पीकर पत्नी से विवाद करता है। सोमवार शाम भी आरोपी शराब पीकर घर पहुंचा और विवाद के बाद डंडा लेकर घर से निकल गया। कुछ दूरी पर एक मकान के बाहर सड़क किनारे श्वान अपने पिल्लों को दूध पिला रही थी। आरोपी ने बेरहमी से श्वान के सिर पर कई बार डंडा मारा और वहां से चलता बना। श्वान की तड़पकर मौत हो गई।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से लोग आक्रोशित हो उठे। एनजीओ आवारा बींग के संयोजक परीक्षित सिंह ने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### खड़े होकर मौके पर तमाशा देखते रहे लोग

घटनास्थल पर काफी लोग थे, लेकिन किसी ने भी आरोपी को रोकने की कोशिश नहीं की। लोग घटना के तमाशबीन बने रहे। इसी दौरान किसी ने वीडियो भी बनाया।

### पशु क्रूरता के कई मामले आ चुके सामने

बीते कुछ महीनों में पशु क्रूरता के कई मामले सामने आए हैं। किदवई नगर स्थित गीता पार्क में एक मादा ने चार कुत्ते के बच्चों को जन्म दिया था। स्थानीय लोगों ने सर्दी से बचाने के लिए घास और बोरे की मदद से घर बनाया था। बेगमपुरवा में रहने वाले 8 से 12 साल की उम्र के तीन बच्चों ने खेल-खेल में उनके घर में आग लगा दी थी। इसकी चपेट में आकर चारों कुत्ते के बच्चों की मौत हो गई थी। बर्रा में कुत्ते के बच्चों पर जानबूकर ऑटो रिक्शा चढ़ाकर मार दिया था, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। बर्रा में गाय को खूंटे से बांधकर बेरहमी से पीटा था। इसका भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बीते शनिवार को दूध पी रहे कुत्ते के बच्चे को एक युवक ने ईंट से कूचकर मार डाला था। समाजिक संस्था पीपुल्स फॉर एनीमल्स ने कल्यानपुर थाने में केस दर्ज कराया है।

## जेबकतरों ने व्यापारी के उड़ाए 45 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दक्षिण क्षेत्र में ई-रिक्शे में बैठी सवारियों को चपत लगाने वाला गैंग सक्रिय हो गया है। मंगलवार को एक बार फिर गिफ्ट व बर्तन कारोबारी को गैंग ने निशाना बनाया। दुकान का सामान खरीदने ई-रिक्श से जा रहे कारोबारी के बगल में सवारी बन कर बैठे युवक ने जेब काट कर 45 हजार रुपये पार कर दिए। जानकारी होने पर शोर मचाया तो युवक ई-रिक्शे से उतर पीछे से आ रही बाइक में बैठ कर फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत जूही पुलिस से की। पुलिस ने घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरों की जांच की जिसमें संदिग्ध कैद हो गए।

किदवई नगर जी ब्लॉक निवासी अनिल गुप्ता ने बताया कि उनकी के ब्लॉक में गिफ्ट व बर्तन की दुकान है। बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे दुकान का सामान खरीदने के लिए घंटाघर जाने के लिए साइड नंबर वन पर ई-रिक्श में बैठे थे। बताया कि ई-रिक्श में दो अन्य व्यक्ति बैठे हुए थे। वह साउथ एक्स मॉल के पास पहुंचे ही थे, तभी बगल में बैठे युवक ने उनकी जेब काट कर 45 हजार रुपये पार कर दिए। जानकारी होने पर उन्होंने शोर मचाना शुरु किया तो युवक ई-रिक्शे से उतर कर पीछे से आ रही बाइक में सवार हो फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की जानकारी आनंदपुरी चौकी में दी। सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने बाबाकुटी के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें संदिग्ध कैद हो गए। जूही थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि चौकी प्रभारी ने घटनास्थल की जांच की जिसमें संदिग्ध युवक कैद है, लेकिन साइड नंबर वन के पास कारोबारी ई-रिक्शा पर बैठते हुए नहीं दिखाई दे रहा है।

### जल्दबाजी में धक्का-मुक्की...



मेमू का किराया कोरोना काल में जो लागू किया गया था वह अब घटकर पहले जितना हो गया है। इससे मेमू में भीड़ इतनी बढ़ गई है कि लोग ट्रेन पकड़ने के लिए अपनी जान तक जोखिम में डाले दे रहे हैं। यह दृश्य रावतपुर स्टेशन पर अमृत विचार के कैमरे की आंख से दिखा। यहां लोग ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में प्लेटफार्म के दूसरी तरफ से चढ़ रहे हैं। सभी को इतनी जल्दी है कि बस किसी तरह कोच में घुस जाएं। इसमें धक्कामुक्की भी हो रही है। ऐसे में अगर कोई गिर जाए तो उसको यहां पड़े पत्थरों से काफी चोट लग सकती है। इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा यह तो रेलवे अधिकारी भी नहीं बता पाएंगे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर पेंटर की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्याम नगर में निर्माणाधीन मकान में हुई घटना
- मुआवजे की मांग पर मृतक के परिजनों ने काटा हंगामा

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर इलाके में निर्माणाधीन मकान में पुताई करते समय पेंटर हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा काटा।

नौबस्ता के मछरिया निवासी 40 वर्षीय कृपा शंकर रावत पेंटिंग का काम करता था। परिवार में पत्नी कुसुमा और बेटी तानिया और बेटा सागर है। परिजनों ने बताया कि वह श्याम नगर के चार खंभा स्थित विश्वनाथ मिश्रा के निर्माणाधीन मकान में पुताई का काम कर रहे थे। मंगलवार दोपहर को वह सीढ़ी लगाकर छज्जे में पुताई कर रहे थे। तभी छज्जे के पास से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए। जिससे कृपा शंकर बुरी तरह से झुलस गए। आनन-फानन उन्हें कांशीराम अस्पताल सेंटर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं जाने दिया। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पुताई करने समय पेंटर एचटी लाइन की चपेट में आ गया।

## बाइक न देने पर युवक को पीटा

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र में एक युवक को अपनी बाइक न देना भारी पड़ गया। आरोपियों ने पीड़ित को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शास्त्री नगर निवासी सचिन शर्मा ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह काम से फजलगंज आए हुए थे। वापस घर जाते हुए गडरियनपुरवा शनिदेव मंदिर चौराहे के पास पहुंचा तो क्षेत्र का ही अक्षय राजपूत अपने दोस्त शनि यादव के साथ मिला। दोनों लोग उससे उसकी नई बाइक मांगने लगे, विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। क्षेत्रीय लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। पीड़ित ने मामले की शिकायत फजलगंज थाने में की।

## खेलते-खेलते पानी भरे टब में डूबा बच्चा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेउना थानाक्षेत्र के पुरौली गांव में खेलते समय हादसा, नानी के आया था बच्चा

**अमृत विचार।** रेऊना थानाक्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जरा सी लापरवाही के कारण एक बच्चे की जान चली गई। घर पर परिजन अपने-अपने काम में व्यस्त थे, इसी दौरान पानी भरे टब में खेलते-खेलते बच्चा उसके भीतर चला गया। उसका सिर पानी में डूब गया। कुछ देर में पिता की नजर उस पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। बच्चे में हल्की हरकत देखकर उसे अस्पताल लेकर भागे। जहां से हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



आरव।

जिला फतेहपुर के औंग शादीपुर निवासी सुरेंद्र कुमार मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। उसने बताया कि 22 माह का पुत्र आरव और पत्नी अनीता के साथ नानी मुन्नी देवी रेऊना थानाक्षेत्र के पुरौली में दस से 15 दिन पहले रुकने आए थे। पांच मार्च की शाम को वह खेल रहा था। वह लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान खेलते-खेलते किसी तरह बच्चा बाथरूम के पास पहुंच गया। जहां पानी से भरे टब में वह सिर के बल गिर गया। उसकी हालत बिगड़ती देख पास के डॉक्टर के यहां ले जाया गया, फिर हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे सोमवार रात 1.50 पर मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पिता ने बताया कि आरव उनका पहला बच्चा था जो काल के गाल में समा गया। मां अनीता ने कहा कि उसका दिल मानने को तैयार नहीं है कि आरव अब इस दुनिया में नहीं है।

### पूर्व में हो चुकी कुछ घटनाएं

- यशोदानगर पी ब्लॉक निवासी संजय पाल की पत्नी माया होली के पापड़ बनाने में व्यस्त थीं। आंगन में डेढ़ वर्षीय जुड़वा बेटे लव व कुश खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद लव आंगन में रखी पानी भरी बाल्टी में औंधे मुंह डूबा हुआ मिला।
- कल्याणपुर में पुराना शिवली रोड निवासी पप्पू सिंह मार्केट गए थे। घर पर पत्नी किरण और बेटे कुसुम थी। किरण घरेलू काम में व्यस्त थीं। इसी दौरान कुसुम पानी भरी बाल्टी मे चली गई और मौत हो गई।
- पतारा के हिरनी गांव में संजय पासवान खेत पर गए थे। घर में तीन वर्षीय बेटी अनन्या आंगन में चारपाई में सो रही थी। मां घर के बाहर काम में व्यस्त थी। चारपाई के पास पानी भरी बाल्टी रखी हुई थी। बच्ची ने करवट बदला और मुंह के बल सीधे बाल्टी में जा गिरी। उसकी मौत हो गई।
- काकादेव के राजापुरवा बस्ती निवासी संजय श्रीवास्तव की पत्नी खुशबू बड़े बेटे ओम से रेयांश को देखने की बात कहकर बस्ती में दूध लेने चली गई थी। रेयांश घुटनों के बल घिसटता हुआ किचन में पहुंचा। पानी भरी बाल्टी में सिर के बल जा गिरने से उसकी मौत हो गई थी।

### घर में छोटे बच्चे हो तो बरतें सावधानी

- बच्चा छोटा हो तो बाथरूम या किचन में पानी भरी बाल्टी, ड्रम या बाथ टब न रखें और दरवाजा बंद रखें।
- घर में बिजली के सारे साकेट ब्लाकर वाले लगवाएं ताकि बच्चे उसमें अंगुली न डाल सकें।
- कोई भी नुकीली चीज, सिक्के, बीज, रबड़, कलर आदि बच्चे के पास न छोड़ें।
- तीन साल तक की उम्र के बच्चों को टाफियां न दें ये उनके गले में फंस सकती हैं।
- बच्चों के सामने कान या नाक में कुछ न डालें ईयरबड्स भी नहीं, वह अकेले में ऐसा करके खुद को नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- खुली छत पर कभी बच्चों को अकेला न छोड़ें।

**फैलेगा उजाला** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रेलवे साइडिंग का किया लोकार्पण

# घाटमपुर के नेयवेली पॉवर प्लांट में जून से बनने लगेगी बिजली

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** नेयवेली उत्तर प्रदेश पॉवर लिमिटेड (एनयूपीपीएल) में मंगलवार को झारखंड के डुमका जिले के पचवारा साउथ ब्लाक से कोयले की पहली खेप लेकर ट्रेन हमीरपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से वर्चुअल माध्यम से नेयवेली पावर प्लांट के रेलवे साइडिंग का उद्घाटन किया गया।

इसके बाद पावर प्लांट के अंदर विद्युत उत्पादन के लिए पहली ट्रेन कोयला लेकर पहुंची। नेयवेली पावर प्लांट के सीईओ संतोष सीएस ने बताया कि उम्मीद है कि महीने के अंतिम तक कोल फायर टेस्ट किया जाएगा। इसके बाद यहां पर पहली यूनिट का बिजली उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

यहां 58 बोगी में 4000 मैट्रिक टन कोयला पहुंचा है। यहां 1980 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। प्लांट में 660 मेगावट की तीन यूनिट हैं, जिसकी पहली यूनिट बनकर तैयार है।

बीते दिनों डीजल से यूनिट को संचालित कर ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन किया गया था। इस उपलब्धि के बाद अब कोल फायरिंग टेस्ट की बारी है। यह टेस्ट महीने के अंतिम तक किया जाएगा। जिसके लिए पावर प्लांट में तैयारियों जोरों पर हैं।



पीएम का वर्चुअल संबोधन सुनने के लिए हुआकार्यक्रम। अमृत विचार



कोयले की पहली खेप लेकर आई मालगाड़ी। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि जल्द ही पहली यूनिट का बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा, जिसे देश को समर्पित कर दिया जाएगा। नेयवेली पावर प्लांट में बनने वाली बिजली असम तक पहुंचेगी। यह पॉवर प्लांट एनएलसी (नेयवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन) इंडिया लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, डीजीएम एचआर वैंकेट स्वामी समेत हमीरपुर के भाजपा सांसद और संस्थान के अधिकारीतथा कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सीआरपीएफ के एएसआई का एटीएम चोरी करके ढाई लाख रुपये पार किए

**कानपुर।** बिहार मुजफ्फरपुर निवासी शैलेंद्र पांडेय सीआरपीएफ में एएसआई हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 10 फरवरी को वह नई दिल्ली से संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में चढ़े थे। रास्ते में एक युवक मिला जिसने खुद को आर्मी जवान बताया। कानपुर सेंट्रल पर युवक ने दूसरी ट्रेन से चलने को कहा। वह होटल में उस व्यक्ति के साथ रुके। जब घर पहुंचकर खाता चेक किया तो उससे ढाई लाख रुपये कट चुके थे। पीड़ित ने हरबंश मोहाल थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**कार्यालय ग्रा. पं. चिरली वि.ख. भीतरगांव, कानपुर नगर**

दिनांक 11.03.2024 को प्रकाशित अल्प कालीन निविदा ग्राम पंचायत चिरली हेतु प्रकाशित सूचना में राघव त्रिवेदी के घर से देवी प्रसाद के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य (प्राक्कलन धनराशि 3.99 लाख) को भी सम्मिलित कर पढ़ा जाये। शेष नियम व शर्तें पूर्ववत् निविदा सूचना अनुसार ही रहेंगी।

ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.–चिरली
वि.ख.–भीतरगांव, कानपुर नगर।

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा.पं.–चिरली
वि.ख.–भीतरगांव, कानपुर नगर।

# कारोबार-व्यापार की उड़ान के लिए बड़े शहरों की चाहिए सीधी फ्लाइट

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


'जनता का मुद्दा' कार्यक्रम में बेबाकी से अपने विचार रखते शहर के उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के उद्यमी कारोबार की उड़ान के लिए दिल्ली, मुंबई और बेंग्लुरू के अलावा कोलकाता, सूरत, जयपुर, हैदराबाद जैसे बड़े शहरों के लिए सीधी विमान सेवा उपलब्ध कराए जाने पर बल दे रहे हैं। उनकी मांग शहर में जाम, अतिक्रमण और खराब यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त किए जाने की है। इसके साथ ही बारा टोल प्लाजा को शहर के लोगों के लिए भी टोलफ्री किए जाने की बात फिर से दोहराई है।

अमृत विचार के 'जनता का मुद्दा' कार्यक्रम में मंगलवार को कारोबारियों पुनीत गुप्ता, हरेंद्र मुरजानी, संदीप अरोड़ा, सुशील मोहन टकरू, मनोज अग्रवाल, सुबोध प्रहलादका व लाडली प्रसाद ने कहा कि शहर में ऐसा माहौल बने जिससे बाहर से आने वाला खरीदार आसानी से कारोबार कर वापस लौट सके। इसके लिए कई तरह की समस्याओं को दूर करना जरूरी है। इनमें सबसे पहले प्रमुख शहरों के लिए फ्लाइट नहीं होना भी है। सूरत, कोलकाता, चेन्नई जैसे शहर के लिए फ्लाइट मिलने से व्यापार को बढ़ाया जा सकेगा। फ्लाइट की कमी से बड़े शहरों से कारोबारी पूरी तरह से कटा हुआ है।

**नीचे की सरकारी मशीनरी को दुरुस्त करना जरूरी:** उद्यमियों ने बताया कि सरकार की मंशा और पॉलसी ऊपर से देखने में बहुत अच्छी लगती है। इसके बावजूद नीचे की सरकारी मशीनरी उद्यमियों को परेशान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती है। बिगड़ी हुई सरकारी मशीनरी को दुरुस्त कर उद्योग को और अधिक बेहतर स्वरूप में लाया जा सकता है।

**पार्टनरशिप व प्राइवेट लिमिटेड फर्म पर इनकम टैक्स हो समान:** कारोबारियो ने वित्त मंत्रालय से इनकम टैक्स के पार्टनरशिप फर्म पर अतिरिक्त कर लगाए जाने का विरोध किया। उन्होंने बताया कि पार्टनरशिप फर्म पर 30 फीसदी तक इनकम टैक्स देय होता है। इसके उलट प्राइवेट लिमिटेड पर यह सीमा 25 फीसदी ही है। दोनों फर्म को समान इनकम टैक्स के प्रावधानों के तहत लाया जाना चाहिए।

**जीएसटी भुगतान बनाएं आसान:** कारोबारियों ने जीएसटी के तहत अतिरिक्त देय कर वापस किए जाने के लिए आसान प्रावधान की मांग की। कारोबारियों ने बताया कि इनकम टैक्स के तहत यदि अधिक टैक्स कारोबारियों की ओर से दिया जाता है तो उसे बगैर अप्लाई किए विभाग कारोबारी के खाते में डाल देता है। जीएसटी में ऐसा नहीं है। जीएसटी में लंबी चौड़ी प्रक्रिया है। इससे परेशानी उठानी पड़ती है।

### जाम और अतिक्रमण का व्यापार पर विपरीत प्रभाव

- कारोबारी अमित खांडनिया, अमन घई, पार्थ गुप्ता, अनुज गुप्ता व हिमांशू सिंह ने कहा कि शहर में अतिक्रमण, जाम और अव्यवस्थित यातायात की समस्या बड़ी है। इससे भी शहर में कारोबार अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है। इन समस्याओं से बाहर के कारोबारी के सामने शहर की छवि खराब होती है। वे शहर आने से बचता है। इसके अलावा उत्पादन को लाने व ले जाने में भी तकलीफ उठानी पड़ती है। कारोबारियों ने सुझाव दिया कि अतिक्रमण हटाकर व चौराहों को छोटा कर यातायात को कुछ हद तक बेहतर किया जा सकता है। इसके अलावा कई ऐसे शहर हैं जहां की सड़कें शहर से भी छोटी हैं वहां का मॉडल शहर में अपनाया जा सकता है।

### शहर की ब्रांडिंग की जाए

- कारोबारियों ने शहर की ब्रांडिंग किए जाने की मांग भी की। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों के कारोबारियों की मंशा शहर के प्रति ठीक नहीं है। वे नोएडा व लखनऊ के कारोबारियों को अधिक बेहतर मानते हैं। इसका असर बड़ी डील में भी पड़ता है। इसलिए सरकार को शहर की ब्रांडिंग किए जाने की भी बहुत अधिक जरूरत है।

### बारा टोल प्लाजा को शहर के लिए टोल फ्री किया जाए

- कारोबारियों ने कहा कि जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र में इकाई लगाने वाले 95 फीसदी उद्यमी शहर में ही रहते हैं। वहां पर लगी लगभग 25 सौ यूनिट के लगभग 80 फीसदी कर्मचारी भी शहर में रहते हैं। ऐसे में रोजाना उन लोगों को यूनिट तक पहुंचने में टोल देना होता है। ऐसे में यह जरूरी है कि कानपुर देहात की तरह ही शहर के निवासियों का भी टोल माफ किया जाए या जैनपुर में यूनिट लगाने वाले लोगों व उनके यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए इस संबंध में संशोधित प्लान बनाया जाना चाहिए।

### औद्योगिक क्षेत्र में होटल बनाए जाने की जरूरत

- कारोबारियों ने औद्योगिक क्षेत्र में तीन से पांच सितारा होटल बनाए जाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि नामी होटल शहर के बीच बने हुए हैं। यहां पर ज्यादातर चमड़ा उद्योग से जुड़े कारोबारी रुकते हैं। पनकी सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर होटल न होने से बाहर से आने वाले कारोबारियों को काफी दिक्कत होती है। उद्यमियों को भी नुकसान उठाना पड़ता है।

### समस्या समाधान के लिए सचिव स्तर पर पैनल बने

- उद्यमियों ने बताया कि वे लोग अपनी समस्याओं को लेकर कई बार आवाज उठा चुके हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं की फाइल कहां धूल फांक रही है उन्हें नहीं पता। ऐसे में सेकेट्री स्तर का आधिकारिक पैनल होना चाहिए जो उनकी समस्याओं को 90 दिन के भीतर हल कर उन्हें सूचना भी दे।

# भूमिगत पार्किंग पर गार्डेन बनाकर भूल गया केडीए

## फूलबाग में पार्किंग शुरू, लेकिन खूबसूरत निर्माण पड़ा बंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


फूलबाग की पार्किंग के ऊपर बने गार्डेन का उपयोग नहीं हो रहा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फूलबाग में भूमिगत पार्किंग के ऊपर बना खूबसूरत गार्डेन सफेद हाथी बना है। 80 करोड़ की लागत से बनी पार्किंग तो शुरू हो गई है, लेकिन गार्डेन का सही उपयोग नहीं हो पाया है। गार्डेन के अंदर बनी 12 हट और विदेशी घास धूल से बर्बाद हो रही है।

इस पार्किंग का निर्माण वर्ष 2015 में शुरू हुआ था। कुछ समय तक यह प्रोजेक्ट हाईकोर्ट में सुनवाई के कारण बंद रहा। हाईकोर्ट के निर्देश पर केडीए ने इस प्रोजेक्ट के साथ भूमिगत कामर्शियल काम्पलेक्स बनाने का प्रस्ताव वापस लिया था। कुछ शर्तों के साथ पार्किंग बनाने की इजाजत मिली थी। वर्ष 2017 में पार्किंग बन गई थी। इसके बाद ऊपर टेरिस गार्डेन बनाया गया। जिसको आधुनिक रूप में डेवलप किया गया। देखने में यह पार्क किसी वेडिंग रिसॉर्ट की तरह डेवलप किया गया है, लेकिन रेट न तय किये जाने की वजह से आज भी यह गार्डेन वीरान पड़ा है।

**550 चार पहिया वाहन खड़े हो सकते:** भूमिगत पार्किंग गणेश उद्यान के नीचे बनाई गई है, जिसमें 550 चार पहिया वाहन खड़े किए जा सकते हैं।


दोबारा पैचवर्क का निरीक्षण करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

# पैचवर्क उखड़ने में ठेकेदार पर जुर्माना, दोबारा काम कराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वार्ड 77 करहीं में घटिया सड़क पैचवर्क किए जाने पर नगर आयुक्त ने ठेकेदार पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए दोबारा काम कराया। जेई से लापरवाही पर स्पष्टीकरण मांगा है।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य अभियन्ता ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया। अभियन्ता ने बताया कि जोन-03 वार्ड 77 के अन्तर्गत बर्रा-2 सब्जी मंडी रोड व करहीं मुख्य मार्ग से पार्षद निवास तक सड़क पर पैच का कार्य पारस नाथ बिल्डर्स को 02.11.2023 को आवंटित किया था। यह कार्य 3,89,371 में होना था। ठेकेदार ने 07.03.2024 को मरम्मत का कार्य कराया। लेकिन सड़क उखड़ गई। इस पर अधिशाषी अभियन्ता जोन-3 ने 11.03.2024 को ठेकेदार पारस नाथ बिल्डर्स को नोटिस जारी करते हुए कमियां ठीक कराने को कहा था। ठेकेदार पर 10 हजार का अर्थदंड लगाया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि इस कार्य में अभी कोई भुगतान नही हुआ है।

# शमन के मानचित्र में रुकेगा खेल अब ध्वस्तीकरण के बाद नक्शा

केडीए वीसी का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**15%** से अधिक ध्वस्तीकरण क्षेत्रफल पर लिया जाएगा इंजीनियर का प्रमाण पत्र

**अमृत विचार।** केडीए वीसी राकेश कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रवर्तन विभाग की ओर से किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। वीसी ने जोनल प्रभारियों से केडीए की सीमा में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत हो रहे निर्माण कार्यों में जानकारी ली। जोनल प्रभारियों ने बताया कि स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध किए गए अवैध निर्माण के शमन के लिए दाखिल भवन मानचित्रों में 'ध्वस्तीकरण योग्य क्षेत्रफल' से 40 से 60 प्रतिशत तक होने पर भी पक्ष से शपथ पत्र लेकर शमन मानचित्र स्वीकृत जारी किए जाते हैं।

केडीए वीसी को इस दौरान पता चला कि शपथ पत्र देने के बावजूद भी आवेदक की ओर से 'ध्वस्तीकरण योग्य क्षेत्रफल' ध्वस्त नहीं किया जाता है। आवेदक से प्राप्त शपथपत्र के आधार पर शमन मानचित्र स्वीकृत करने पर उपाध्यक्ष ने नाराज़गी व्यक्त करते हुये कहा कि इस प्रक्रिया से एक सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित शहर की परिकल्पना को ठेस लगती है, यह नियम के विरुद्ध है।

केडीए वीसी ने स्वीकृत मानचित्र के विरूद्ध अथवा स्वीकृत मानचित्र के बिना किये गये अवैध निर्माण के शमन के दाखिल भवन मानचित्रों के निस्तारण के लिये कहा कि यदि प्रस्तुत शमन मानचित्र में 'ध्वस्तीकरण योग्य क्षेत्रफल' 15 प्रतिशत से अधिक है तो आवेदक को स्ट्रक्चरल इंजीनियर से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जाए कि शमन मानचित्र में दर्शित 'ध्वस्तीकरण योग्य क्षेत्रफल' के ध्वस्त किये जाने के बाद भवन पूर्णतया सुरक्षित रहेगा। तो ही शमन की कार्यवाही नियमों के अन्तर्गत की जायेगी। उन्होंने कहा कि शमन मानचित्र में दर्शित 'ध्वस्तीकरण योग्य क्षेत्रफल' ध्वस्त किये जाने के बाद ही शमन मानचित्र निर्गत किया जाए।

# राम मंदिर के बाद जल्द मिले कृष्ण जन्म भूमि: नलिनानंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जन आस्था के इस मामले पर जल्द ही पीएम और सीएम को दिया जाएगा ज्ञापन


**अमृत विचार।** प्रभु राम का मंदिर भक्तों को मिल गया। इसके लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। राम मंदिर तो मिला लेकिन अब जल्द ही कृष्ण जन्म भूमि के लिए भी प्रयास तेज करने चाहिए। इस में राम मंदिर की तरह देरी नहीं होनी चाहिए।

यह बात मंगलवार को स्वामी नलिनानंद गिरी जी महाराज ने गैंजेस क्लब में वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्म भूमि पर करोड़ो भक्तों की आस्था है। यह आस्था देश ही नहीं बल्कि विदेश में रह रहे भक्तों के मन में भी है। यही वजह है कि इस विषय पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिए जाने की तैयारी हो चुकी है। इस ज्ञापन में देश व विदेश के भक्तों की भावना भी मांग के रूप में होगी। वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि वे अब तक 86 देशों में हिंदू धर्म का प्रचार कर चुके हैं। सभी 84 देशों में मौजूद सनातनी पीएम और सीएम को इस विषय पर अप्लीकेशन देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीकृष्ण जन्म भूमि और ज्ञानव्यापी को लेकर उनके मन में बहुत दुख है। बाल योगी अरुणपुरी चैतन्य जी महाराज, कोपे-स्टेट चेयरमैन विजय कपूर सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रदूषण दूर करने को जागरुकता जरूरी

**कानपुर।** इकाइयों का प्रदूषण रोकने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। यह बात मंगलवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञों ने कही।

संस्थान और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रशिक्षण में चीनी मिलों और आसवनी इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण के लिये उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। 'उपयोगी और उपलब्ध सर्वोतम तकनीक' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य संस्थान के पूर्व निदेशक एसके मित्रा व मौजूदा निदेशक प्रो डी स्वाईन ने की। प्रो. डॉ. सीमा परोहा, सहायक आचार्य शैलेन्द्र कुमार त्रिवेदी, अनूप कुमार कनौजिया, महेन्द्र कुमार यादवख, विवेक प्रताप सिंह, डॉ. अनंत लक्ष्मी रंगनाथन ने विचार रखे।



तीरंदाज

# सैयां उड़ाए कनकइय्या मैं का करूं...

नाम तो चर्चा में आ गया है। यह भी खबर है कि अबकी जारी होने वाली सूची में महिलाओं को तरजीह भी दी जा सकती है। तो ऐसे टिकट पाने के लिए मन कुलाचे मारने लग जाए तो बड़ी बात न होगी। कानपुर से नाम चर्चा में आ गया है। मीडिया वालों नाम इतनी गंभीरता से चर्चा में ला दिया है लोग मानने लगे हैं कि इनका टिकट पक्का ही समझो। और फिर इस प्रभावशाली परिवार की बिरादरी के वोट भी बहुतायत में हैं। गुणा भाग में सीट निकलती दिख रही है। कुछ लहर और कुछ बिरादरी। हो गया बेड़ा पार। पर ऐसे मौके पर पंडित जी के योगदान के बिना गाड़ी कैसे पार लगेगी। हालांकि जिस संसदीय सीट से उनके नाम की चर्चा जोरों पर है, वहां इस बीच उनका प्राकट्य नहीं हुआ है। सुना है कि उनके समर्थक कहते नहीं अघा रहे हैं कि अब वह तभी आएंगी जब टिकट की हामी भर दी जाएगी। दूसरी तरफ यह भी सही है कि पंडित जी को गंभीरता से जुटना चाहिए। क्योंकि टिकटार्थी की बिरादरी और जनता के बीच स्वीकार्यता के संकते मिलने लगे हैं। एक वजह और है, पार्टी के दो दिग्गजों के बीच रस्साकशी का लाभ उन्हें मिल सकता है।

### तुम डार-डार, हम पात-पात

मौका अच्छा था। सो पूरा लाभ उठा लिया। कंटक बने दिग्गज की दिल्ली दौड़ से पहले ही सभी जरूरी लोगों की चौखट पर अरदास लगाकर उपलब्धियों का पुलिंदा पकड़ा आए। अब किसे भला इतनी फुरसत है कि उपलब्धियों का पुलिंदा पढ़े। कहीं बढ़ती उम्र रुकावट न बन जाए तो रोज सुबह-सबेरे टहल, व्यायाम करके नहा धोकर जब दरबार में दिखते हैं कि चेहरा पहले से ज्यादा चिकना दिखने लगता है। सुना कोई मेकअप मैन भी रखा है। चेहरे पर रंगरोगन झुर्रियां मुक्त चेहरा बना देता है। कोई नहीं कह सकता है कि 76 पार कर रहे हैं। आधार कार्ड आदि कहां लेकर जाओगे। आधार कार्ड ने चुगली कर ही दी। झटका लगने की आशंका बढ़े लगी। प्रतिस्पर्धी ने दिल्ली पहुंचने से पहले ही बुर्राक कुरता-धोती पहनकर एक-एक चिट्ठी थमा आए। अब यह चिट्ठी आधार कार्ड की चुगली छिपा लेगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा। पर प्रतिस्पर्धी को देखकर सन्न हैं।

### और अंत में... लंबी चोटी वाले, टिकुली चावल वाले ओए ओए..

जब जाग उठे अरमान तो कैसे नींद आए, बाबा दिल के मेहमान तो कैसे नींद आए। चमकदार कुरता-पाजामा, आंखों को बरबस आकर्षित करने वाली चैकेट। गांठ लगी सर्पीली चुटिया। खोल दें तो पीठ के बार्डर तक पहुंच सकती है। चमकते ललाट (न जाने कौन सी क्रीम या तेल लगाते हैं) पर लाल टीका ऊपर कभी न गिरने वाले चावल। खांटी मॉडरेट हिंदुत्व लुक वाले नेता जी दिल के सियासी जंगल में इच्छाओं का हिरन राजनीतिक कुलांचे मार-मारकर उन्हें प्रेरित कर रहा है कि भइया ब्राह्मण सीट है काम बन जाएगा। उत्तराखंडी हो तो क्या, दो चुनाव जीत चुके हो। पंडित तो हो न। यही बहुत है। मोदी राज में मिल रहा आमाझोर वोट ने प्रांतीय सीमा तोड़ दी हैं। कोई भी कहीं से लड़ जाए जीत जाएगा। फिर काहे पीछे हो। दिल की बात कहे दिल वाला सीधी सी बात न मिर्च मसाला। बस फिर क्या नाप ली दिल्ली और बैठ गए। फेस रीडिंग करे तो यही समझ आता है कि हम भी खेलेंगे, नहीं तो खेल बिगाड़ेंगे।

VAMCRH
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

# गंगा में गिर रहे नाले: टैपिंग, बॉयोरेमिडिएशन की व्यवस्था फेल

कानपुर। नगर निगम, जलनिगम और उत्तर प्रदेश नियंत्रण बोर्ड सब मिलकर भी शहर में गंगा को दूषित होने से नहीं रोक पा रहे हैं। कई बड़े नालों के जरिए

**लापरवाही**

सीवेज और कचरा सीधे गंगा नदी में जा रहा है, जो नाले बंद किए गए हैं, उनकी टैपिंग क्षतिग्रस्त होने से गंगा में लगातार गंदे पानी का रिसाव हो रहा है, तो बॉयोरेमिडिएशन के नाम पर किया जा रहा खुला खिलवाड़ अनटैप्ड नालों में देखा जा सकता है। इसके चलते गंदे पानी के साथ कूड़ा-कचरा भी गंगा में बहकर जा रहा है। शहर में अलग-अलग घाटों पर गंगा में कुल 16 नाले मिलते हैं। इनमें नौ नालों को पूरी तरह बंद किया जा चुका है। दो नाले आंशिक रूप से बंद हैं, वहीं पांच नाले ऐसे हैं, जो अभी बंद नहीं किए गए हैं। इन अनटैप्ड नालों का गंदा पानी जैविक विधि (बायोरेमिडिएशन) से शोधन करके गंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। लेकिन इस काम में लगातार लापरवाही से गंगा में सीवेज और गंदगी जाने से नहीं रुक रही है। हालत यह है कि लोग परेशान हैं।

**1810** करोड़ अभी तक खर्च हुए | **63** करोड़ रुपये नालों की टैपिंग करने की आई थी लागत | **11** नालों को अब तक शहर में किया जा चुका है बंद | **05** अनटैप्ड नाले अभी भी बने हैं मुसीबत की जड़ | **73** लाख रुपये बॉयोरेमिडिएशन पर हर साल खर्च

## नगर निगम और जलनिगम के अफसर साधे हैं चुप्पी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बॉयोरेमिडिएशन के नाम पर भगवतदास और डबका नाला में खुला खिलवाड़
- गंगा में कचरा जाने से रोकने की जुगाड़ टेक्नोलॉजी, लगाई जाली
- पेड़ के सहारे जाली बांधकर रोक रहे कूड़ा, गंगा में जा रहा दूषित पानी

**अमृत विचार।** नगर निगम नालों में बॉयोरेमिडिएशन के नाम पर जुगाड़ टेक्नोलॉजी अपना रहा है। इसके कारण परमट पर टेफ्को नाला, भगवतदास घाट नाला और डबका नाले से हर दिन हजारों मीट्रिक टन कूड़ा गंगा में गिर रहा है।

भगवतदास नाले के अंतिम छोर पर नगर निगम ने जिस कंपनी को बॉयोरेमिडिएशन का काम दिया है, उसने एक जाली को पेड़ के सहारे रस्सी से बांध रखा है। इस जाली में नाले में बहकर आने वाले कुछ कचरा फंस जाता है, जबकि कुछ आगे गंगा की धारा में बढ़ जाता है। इससे 100 मीटर आगे बॉयोरेमिडिएशन प्लांट लगाया गया है। लेकिन यह सही तरीके से नहीं लगा होने से नाले में बहकर आने वाला कचरे का बड़ा हिस्सा सीधे गंगा में जाता है। यही हाल डबका नाले का है, वहां तो बॉयोरेमिडिएशन प्लांट ही हटा दिया गया है।

### बॉयोरेमिडिएशन पर 73 लाख खर्च के बाद भी नतीजा सिफर

अनटैप्ड नालों पर बॉयोरेमिडिएशन के काम पर नगर निगम हर साल 73 लाख रुपये खर्च कर रहा है। बायोरेमिडिएशन, जैविक विधि से नाले के पानी को साफ करने की प्रक्रिया है। इसमें कुछ ऐसे घास और पौधे लगाए जाते हैं, जिनकी जड़ों में बैक्टीरिया पैदा होते हैं। बॉयोरिमिडिएशन के लिए केना घास समेत अन्य घास को नालों में लगाया जाता है। इसमें पनपने वाले बैक्टीरिया नालों में बहकर आने वाली गंदगी खाते हैं और पानी की सफाई में सहायक होते हैं।


भगवतदास घाट नाले पर पेड़ के सहारे जाली बांधकर रोका जा रहा कूड़ा। अमृत विचार


गंगा नदी में किनारे जमा कूड़ा-कचरे का ढेर। अमृत विचार

### अनटैप्ड नाले बन चुके मुसीबत

शहर में अंटैप्ड रानीघाट नाला, सत्ती चौरा नाला, गोलाघाट नाला, डबका नाला व भगवतदास पर बॉयोरेमिडिएशन कार्य नगर निगम से अनुबंधित कंपनी बायो आक्सीग्रीन टेक्नोलॉजी कर रही है। कंपनी के काम में लापरवाही बरतने, नियमित और सुचारू रूप से शोधन नहीं करने के कारण नालों का अशोधित पानी गंगा में सीधे नदी में जा रहा है। इससे गंगा का जल मैला हो रहा है और आचमन के योग्य नहीं है।

### जो नाले बंद उनसे भी गंदे पानी का रिसाव

यूपीपीसीबी के अधिकारियों को निरीक्षण में लगातार गंगा में गंदगी जाती मिल रही है। फरवरी के अंतिम सप्ताह में शीतलाबाजार नाले की टैपिंग क्षतिग्रस्त मिली थी। इससे पहले बुढ़ियाघाट नाले और सीसामऊ नाले की टैपिंग क्षतिग्रस्त मिली थी। यहां से गंगा में सीवर का गंदा पानी रिसकर जा रहा है। जलनिगम की लापरवाही पर यूपीपीसीबी ने नगर निगम को इन नालों पर भी बॉयोरेमिडिएशन प्लांट लगाने को कहा था, ताकि यदि रिसाव हो तो दूषित पानी गंगा में न जाए। लेकिन गंगा इन नालों से भी गंदी हो रही हैं और सबकुछ जानकर भी जिम्मेदार मौन हैं।

"अनटैप्ड नालों से शोधन कार्य नहीं हो रहा है। कई जगह नालों की टेपिंग भी क्षतिग्रस्त है। जब सीवर का बहाव ज्यादा होता है, तो गंदगी निकलकर सीधे गंगा में जा रही है। यह कार्य मशीनों से नहीं होता इसलिए समस्या हो रही है। बॉयोरेमिडिएशन में लगी कंपनी की ओर से लापरवाही बरती जा रही है। नगर निगम को इस बारे में लिखकर दिया गया है।

– अमित मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

टैपिंग क्षतिग्रस्त होने की समस्या है। जिन नालों में बॉयोरेमिडिएशन होना है, वहां करवा रहे हैं। कहीं दिक्कत है तो वहां मौके पर जाकर कंपनी को सही काम के निर्देश दे रहे हैं। –आरके पाल, अधिशाषी अभियंता, नगर निगम"

## 'पुलिस कर्मी पति व महिला मित्र रच रही हत्या की साजिश'

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र निवासी महिला ने पुलिसकर्मी पति पर आमनवीय कृत्य का आरोप लगाया। पीड़िता ने पति पर गुप्तांग में बोतल डालने, पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही पति के अवैध संबंध का विरोध करने पर उसकी हत्या की साजिश रचने की बात कही है। पीड़िता ने पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर सीएम से शिकायत की है।

महिला के मुताबिक मार्च 2023 में फिरोजाबाद में तैनात सिपाही से उनकी शादी हुई थी। शादी के बाद पति फिरोजाबाद ले गए, जहां उन्हें पति के कई महिलाओं से अवैध संबंध की जानकारी हुई। इसका विरोध करने पर पति शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। आरोप है कि पति ने महिला मित्र के साथ मिलकर हाथ पैर बांधकर मारपीट की और करंट लगाया। स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पति के हौसले बुलंद हो गए और वह नशे में धुत होकर आप्राकृतिक संबंध बनाता, गुप्तांग में बोतल डालता था। अश्लील वीडियो बनाता था। पति की महिला मित्र के घर जाकर उसकी मां से शिकायत की तो महिला के भाई ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई कि पति महिला मित्र संग मिलकर हत्या की साजिश रच रहे हैं।

## सार-संक्षेप



सांसद ने किया लोकार्पण। अमृत विचार

### कई सड़कों का सांसद ने किया लोकार्पण

**बिल्हौर।** मंगलवार को क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग विकास खण्डों में संपर्क मार्गों का लोकार्पण किया। बिल्हौर ब्लाक के गंगवापुर और शिवराजपुर ब्लाक के खेरेश्वर मंदिर के समीप प्यारेपुर मार्ग, उड्डा-मलखारिया संपर्क मार्ग का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद अशोक रावत ने लोगों से चुनाव अभियान में जुड़ने की अपील की। इस मौके पर जेपी कटियार, रवि बाजपेई, गुड्डू सिंह, सानू राठौर, शुभांशु कटियार, अनुराग शुक्ला मौजूद रहे। सांसद ने कई कार्यकर्ताओं के घर जाकर हाल-चाल लिया।


शिलान्यास करते नवीन पंडित। अमृत विचार

### राष्ट्रीय पार्क में सुंदरीकरण का शिलान्यास

**कानपुर।** भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित के प्रयास से सी ब्लाक स्थित राष्ट्रीय पार्क का सुंदरीकरण, आसपास इंटरलाकिंग, लाइटिंग आदि के कार्यों का शिलान्यास किया गया। नवीन के मुताबिक करीब एक करोड़ के कार्य होंगे। फिलहाल तीस लाख के कार्य किए गए हैं। रविवार को कार्यों का शिलान्यास किया गया। पार्षद नवीन पंडित ने बताया कि इस अवसर पर नीतू सिंह, रोहित शुक्ला, बालगोविंद अवस्थी, संतोष चंदेल, पप्पन गुप्ता, एसएन पांडे, सुरेंद्र पांडे, अरविंद शुक्ला, राजेश मिश्रा व भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अश्लील फोटो वायरल करने की रिपोर्ट

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अपने पति और देवर व बुआ के लड़के पर सोशल मीडिया में अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने का आरोप लगाते हुए महाराजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महाराजपुर इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया युवती कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

## बीवीएस क्लब हारा

**कानपुर।** केसीए की केडीएमए लीग में मंगलवार को खेले गये मुकाबले में कानपुर स्टारलेट ने बीवीएस क्लब पर 83 रनों से जीत हासिल की। पहले खेलते हुये कानपुर स्टारलेट ने बल्लेबाज अंशुल टेक चंदानी के शानदार 94 और दिग्विजय के अर्धशतक की बदौलत आठ विकेट खोकर 263 रन बनाये, जिसके जवाब में खेलने उतरी बीवीएस क्लब की पूरी टीम मिलकर 28.1 ओवर में महज 180 रन की बना सकी।

केडीएमए कानपुर क्रिकेट लीग के बी-डिवीजन के मैच में कानपुर स्टारलेट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दिग्विजय सिंह और कप्तान श्रेयस सिंह ने पारी को अच्छी शुरुआत दी। श्रेयाश सिंह 31 रन पर गेंदबाज आयुश सिंह के शिकार बने।

## गंगा की लहरों पर जल क्रीड़ा का दिखेगा रोमांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर बोट क्लब में 17 व 18 मार्च को 33वीं राज्य स्तरीय कयाकिंग- कानोइंग जल क्रीड़ा चैंपियनशिप का आयोजन होगा। इसमें गंगा की लहरों पर रोमांच देखने को मिलेगा। मंगलवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में जल क्रीड़ा एवं पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में बैठक हुई।

मंडलायुक्त ने कहा की गंगा किनारे बोट क्लब की गतिविधियों में जल क्रीड़ा आयोजन, ट्रेनिंग कैंप और गंगा वाटर रैली करायी जाएंगी। सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि 500 मीटर और 200 मीटर की प्रतियोगिताएं होंगी। यूपी कयाकिंग कानोइंग एसोसिएशन के सचिव डीपी सिंह और अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के तकनीकी निर्देशन में आयोजन होगा। रेस का संचालन क्याकिंग केनोइंग एसोसिएशन के 12 तकनीकी विशेषज्ञों के नियंत्रण में होगा। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर के और भी आयोजन होंगे।

### सुबह 9.50 बजे से आयोजन

नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि 17 मार्च को 09.30 बजे बोट के मार्च पास्ट के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। जल क्रीड़ा के वाटर स्कीइंग और ड्रैगन बोट के रोमांचक प्रदर्शन होंगे और भव्य गंगा आरती के बाद गंगा गीत और भजनों की धारा बहेगी।

## सीएए पर लोगों का भ्रम दूर करेगी भाजपा

**कानपुर।** मंगलवार को भाजपा उत्तर कार्यालय नवीन मार्केट में जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की अध्यक्षता में सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एवं सोशल मीडिया के नवनिर्वाचित संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्यों के साथ बैठक हुई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि नागरिकता संशोधन नियम के बारे में सोशल मीडिया पर लोगों को सही जानकारी दें, भ्रांतियों को दूर करें।

सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग है, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स एवं नमो ऐप से आम जनमानस तक पहुंच सकते हैं। सभी संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्य अपने फेसबुक, नमो ऐप से मोदी जी द्वारा की चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं बताएं। जन्मेजय सिंह, उपेंद्र तिवारी, जीतू कश्यप रहे।



पत्रकारों को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

## सात अनाथ कन्याओं का 17 को होगा विवाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन होगा

**अमृत विचार।** राम जानकी सामूहिक विवाह समारोह 17 मार्च को किदवई नगर स्थित अग्रसेन भवन से आयोजित किया जाएगा। इसमें सात अनाथ कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। सामूहिक विवाह के आयोजन की जानकारी मंगलवार को किदवई नगर स्थित एक होटल में अवर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन व अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के अध्यक्ष आदित्य पोद्दार ने दी।

उन्होंने बताया कि संस्थान चौथी बार अनाथ कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराने जा रहा है। विवाह से पूर्व 16 मार्च को मेहंदी का कार्यक्रम आयोजित कराया जाएगा। इसके बाद 17 मार्च को बरात, जयमाल व विधि-विधान से विवाह कार्यक्रम संपन्न करवाया जाएगा।

बताया कि सामूहिक विवाह के लिए 37 कन्याओं ने पंजीकरण करवाया था। इसमें सात ने सामूहिक विवाह के लिए सहमति जताई है। जिनमें से छह अनाथ कन्याएं शहर की व एक कन्या शुक्लागंज की रहने वाली है। विनायक पोद्दार, सुरभि द्विवेदी, प्रेम जायसवाल, विनीता अग्रवाल, धनपत जैन, रामगोपाल तुलस्यान मौजूद रहे।

## सामूहिक दुष्कर्म का लगाया आरोप, जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पनकी थानाक्षेत्र की घटना, दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार।** पनकी थाना क्षेत्र में एक युवती ने सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है। उसे बहाने से फ्लैट में बुलाया इसके बाद प्रेमी और उसके साथी ने वारदात को अंजाम दिया। उसने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी।

कल्याणपुर के आवास विकास तीन के महाबलीपुरम में किराए के मकान पर रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि एक एमएनसी कंपनी में काम करती है। इसी कंपनी में काम करने वाले युवक से उसकी जान पहचान हो गई। युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाएं। लेकिन मामले की जानकारी होने पर युवक के घर वालों ने फोन पर जाति सूचक शब्दों से उसे अपमानित किया। आरोप है कि मिलने की बात कहकर युवक ने उसे शताब्दी नगर स्थित अपने एक दोस्त के फ्लैट पर बुलाया। जहां युवक व उसके दोस्त ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस संबंध में पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच हो रही है।


बैठक को संबोधित करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले।

## 370 रद किया पीओके अभी बाकी है: भोले

**कानपुर।** भाजपा अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के छपेड़ा पुलिया कार्यालय में मंगलवार को पार्षदों एवं प्रमुख जनों की बैठक हुई। हुंकार भरते हुए कहा लोकसभा प्रत्याशी भोले पांच लाख से अधिक मतों से जीतेंगे। केंद्र में भाजपा गठबंधन की सीटें चार सौ के पार आएगी। बैठक में उपस्थित पार्षदों ने कहा इस मर्तबा मोदी, योगी के काम व राम के नाम पर जनता भाजपा प्रत्याशियों को एक तरफा समर्थन देने को तैयार है। हम सभी लोगों को संगठन के साथ तालमेल बिठाकर घर-घर, व्यक्ति-व्यक्ति संपर्क कर उन्हें मतदान स्थल तक ले जाने भर की जरूरत है। भोले ने उपस्थित लोगों ने कहा कि मोदी काल में 370 निरस्त किया गया अभी पीओके बाकी है। बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा संयोजक दिनेश राय रहे।

**लगाई फटकार** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में बिफरीं विधायक सरोज कुरील

## ऐसी बैठक का क्या मतलब जहां बोलने न दिया जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मिश्रिख सांसद अशोक रावत की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। इसमें अपना दल की घाटमपुर विधानसभा से विधायक सरोज कुरील ने कहा कि ऐसी बैठक का क्या मतलब है, जब बोलने ही नहीं दिया जाता है। क्षेत्र की समस्याओं को आखिर कहां उठाएं। बैठक में सिर्फ भाजपा विधायक और सांसद ही बोलते हैं। विधायक यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने कहा कि सभी विधायक और सांसद अपनी-अपनी समस्याओं को उठाते हैं। लेकिन, सहयोगी दलों के विधायकों को बोलने तक नहीं दिया जाता। इस मामले में उन्होंने डीएम से शिकायत की है। तो उन्होंने बैठक के बाद क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करने का आश्वासन दिया।



बैठक करते सांसद अशोक रावत। अमृत विचार

महापौर प्रमिला पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, एमएलसी अरुण पाठक, विधायक मोहित सोनकर की उपस्थिति में हुई बैठक में जल जीवन मिशन में पेयजल की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि योजना के कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाए जाने व टंकी से पानी सप्लाई के टेस्टिंग का कार्य पूरा हो जाने पर खोदी गई सीसी रोड, इंटरलॉकिंग एवं खड़ंजा इत्यादि की मरम्मत प्राथमिकता से व गुणवत्ता पूर्वक ठीक कराया जाए। इस दौरान बिजली की समस्याओं पर दक्षिणांचल चौबेपुर के अधिशाषी अभियंता समस्याओं पर सही उत्तर नहीं दे सके। इस पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा खनन के कारण जो सड़कें खराब हुई हैं उनको ठीक कराने के लिए तीन दिनों में प्रस्ताव देने के लिए कहा गया है। विधायक नीलिमा कटियार ने एल्मिको जाने वाले मार्ग पर रैंप बनाने की मांग उठाई। इस पर एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मांग का पूरा किया जाए, जिससे लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, एमडी केस्को सैमुअल पॉल, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (भू./आ.) रिंकी जायसवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी आलोक रंजन उपस्थित रहे।

### यह भी निर्देश दिए गए

- राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में ट्रांसपोर्टेशन में जिन सड़को का उपयोग किया जाता है और वह क्षतिग्रस्त हो जाती है एनएचएआई की समीक्षा कर समयबद्ध क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित करवायी जाये।
- पेंशन की समीक्षा में निर्देश दिये गये कि जोभी आवेदन प्राप्त हुए हैं और किन्ही कारणों से रिजेक्ट हो गये हैं तो सम्बन्धित विभाग आवेदनकर्ता को उसकी जानकारी प्रदान करें।
- जल संचयन हेतु जनपद में तालाब, पोखर व झील का चिन्हाकन कर उसको संरक्षित किया जाये, यदि कही पर कोई अवैध अतिक्रमण है तो मुक्त कराया जाए।

## सास और ससुर की जमकरकी पिटाई

**कानपुर।** लखनऊ अभिसूचना मुख्यालय में बहू की आमद करा कर लौट रही सास व ससुर की मायके पक्ष वालों ने पिटाई कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मामले की शिकायत करने पर बर्रा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि, जिस पर पीड़िता ने डीसीपी साउथ कार्यालय में गुहार लगाई।

कानपुर देहात, रसूलाबाद निवासी वीना त्रिपाठी ने बताया कि बहू यूपी पुलिस नें आरक्षी पद पर झांसी में तैनात थी। हाल में उसका लखनऊ अभिसूचना मुख्यालय में ट्रांसफर हुआ था। बताया कि बीते 16 फरवरी को वीना, पति विनोद और ड्राइवर नरेंद्र के साथ लखनऊ अभिसूचना मुख्यालय में आमद कराने गईं थीं। देर से पहुंचने के कारण आमद न हो सकी, जिसके बाद वह लोग हुसैनगंज स्थित मोती लॉज में रुक गई। आरोप लगाया कि रात में बहू नातिन को छोड़ कर होटल से चली गई और सुबह लौटी।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com


फायरिंग के विरोध में मुगल रोड पर जाम लगाकर बैठीं महिलाएं। अमृत विचार


जाम और हंगामे के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही। अमृत विचार


लोगों को समझाने का प्रयास करते रहे एसीपी रंजीत कुमार सिंह। अमृत विचार

# अगवानी के समय फायरिंग, कार चढ़ाने का प्रयास

## फायरिंग और भगदड़ में छह लोग घायल, एक संदिग्ध को दबोचा गया, गुस्साए लोगों ने मुगल रोड पर लगाया जाम

संवाददाता, घाटमपुर

- सजेती थाना क्षेत्र के नौरंगा में सोमवार रात हुई घटना
- फायरिंग करने के बाद कार पर सवार होकर भागे आरोपी

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के नौरंगा कस्बे में सोमवार की रात बारात की अगवानी के दौरान कुछ अराजकतत्वों ने तमंचे से फायरिंग की। बारातियों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो अराजकतत्वों ने उनके ऊपर कार चढ़ाने का प्रयास किया। फायरिंग, भगदड़ और कार चढ़ाने की कोशिश में छह लोग घायल हो गए। एक संदिग्ध को पकड़ा गया है। गुस्साए लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कुंआखेड़ा चौकी के सामने मुगल रोड पर जाम लगा दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। कार्रवाई के आश्वासन पर दोपहर बाद तीन बजे जाम खुला।

सजेती थाना क्षेत्र के नौरंगा कस्बे के एक गेस्ट हाउस में सोमवार को चंद्रापुर गांव निवासी प्रकाश सचान की बेटी मधु की शादी थी। इसी क्षेत्र के कुआंखेड़ा गांव के रहने वाले रूपराम सचान अपने बेटे शानू सचान की बारात लेकर गेस्ट हाउस पहुंचे थे। गेस्ट हाउस में बारातियों के स्वागत-सत्कार और नाश्ता-पानी के बाद अगवानी की तैयारी चल रही थी। अगवानी के लिए बाराती गेस्ट हाउस से बाहर निकल रहे थे।

बताते हैं कि रात 111:30 बजे अगवानी की तैयारी चल रही थी, तभी कुछ अराजक तत्व स्कार्पियो कार से वहां पहुंचे और तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी। अचानक फायरिंग शुरू होने से सनसनी फैलने के साथ भगदड़ मच गई। गोली के छर्रे लगने से कुआंखेड़ा निवासी सूरज सचान पुत्र उमाशंकर सचान, यहीं के नैवी के जवान शशांक सचान पुत्र दिनेश सचान, अलौकिक सचान पुत्र बाबूराम सचान और रेउना थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी राजेश कुमार सचान घायल हो गए। बताया जाता है कि राजेश कुमार सचान के पैर में गोली अभी भी फंसी है।

बारातियों ने फायरिंग करने वालों को पकड़ने की कोशिश की तो अराजकतत्वों ने उनके ऊपर कार चढ़ाने की कोशिश की। भगदड़ में घाटमपुर निवासी अजीत सचान पुत्र नरेश, गौरव पुत्र मोहन यादव और हमीरपुर जिले के पौथिया के रहने वाले दूल्हे के मामा आशीष सचान घायल हो गए। इसके बाद अराजकतत्व कार पर सवार होकर भाग निकले। एक संदिग्ध को पकड़ा गया है, जिसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस घटना से गुस्साए लोगों ने कुआंखेड़ा पहुंचकर पुलिस चौकी के सामने मुगल रोड पर जाम लगा दिया, जिससे घाटमपुर से चौडगरा की ओर से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। पुरुषों के साथ महिलाएं सड़क पर बैठ गईं। ट्रैक्टर आड़े-तिरछे खड़े कर आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन चलता रहा। बाद में पुलिस अधिकारियों के समझाने-बुझाने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद लोग माने और दोपहर बाद तीन बजे जाम खुल सका।


फायरिंग में छर्रे लगने से घायल हुए युवक।

### मुख्य आरोपी की गाड़ी में हूटर, पुलिस से दोस्ती

मुगल रोड पर जाम लगाकर बैठे ग्रामीणों का आरोप था कि मुख्य आरोपी गोपाल सचान की गाड़ी में हूटर लगे हैं। उसका पुलिस चौकी में आना-जाना है। वह दिन भर थाने और चौकी में ही उठता-बैठता है। पुलिस से उसकी दोस्ती है, जिसकी वजह से पुलिस उस पर कोई कार्रवाई नहीं करती। उसका खनन में काफी रुतबा है। पुलिस की ख्वाहिशें पूरी करने की वजह से उस पर कोई कार्रवाई करने से बचा जाता है। यही वजह है कि उसका काफी मन बढ़ा है।

### हाथों में तमंचे लहराते हुए चला रहे थे गोली

गेस्ट हाउस के बाहर जब अगवानी की तैयारी चल रही थी, उसी समय एकबारगी फायरिंग शुरू होने से हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शी बारातियों के मुताबिक तीन युवकों के हाथ में तमंचे थे, जो लहराते हुए गोली चला रहे थे। हालात देखकर अधिकांश बाराती अपनी जान बचाने को इधर-उधर भागे। ज्यादातर गेस्ट हाउस के अंदर घुस गए। कुछ साहसी बारातियों ने उनका सामना करने की कोशिश की तो उन्हें गोली लग गई।

### तीन नामजद, एक अज्ञात पर रिपोर्ट

इस सनसनीखेज मामले में गोली लगने से घायल राजेश कुमार सचान की तहरीर पर सजेती थाना क्षेत्र के गोपाल सचान पुत्र विनोद सचान, सजेती थाना क्षेत्र के चंदापुर निवासी बेटू सचान, सजेती थाना क्षेत्र के ही मनिहारपुर निवासी हिमांशू सचान पुत्र रंजीत सिंह और एक अज्ञात के खिलाफ धारा 307, 504, 34, 3 और 25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन

जाम और हंगामे की सूचना मिलने पर पहुंचीं एडीसीपी अंकिता शर्मा ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने गांव वालों से सख्त कार्रवाई करने के लिए 24 घंटे का समय मांगा। उन्होंने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण माने और मुगल रोड से जाम हटा लिया। पुलिस एक आरोपी संजू सचान उर्फ सुजीत सचान को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को इसके पास से तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस घटना की वजह जानने का प्रयास कर रही है।

### चार थानों के फोर्स के साथ एक ट्रक पीएसी पहुंची

शादी समारोह में फायरिंग और आधा दर्जन लोगों के घायल होने के बाद गुस्साए लोग सड़क पर उतरे तो भीड़ को समझाने में पुलिस को पसीना छूट गया। भीड़ का तेवर देखते हुए सजेती थाने के फोर्स के साथ साढ़, रेवना और घाटमपुर थानों का पुलिस बल बुलाया गया। एक ट्रक पीएसी भी मौके पर पहुंच गई। एसीपी रंजीत कुमार सिंह गुस्साए लोगों को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन पहले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर डटे लोग सड़क से हटने को तैयार नहीं थे। काफी जद्दोजहद के बाद जाम खुलवाया जा सका।

### शादी समारोह में खुशियों के साथ दौड़ी सिहरन

नौरंगा कस्बे के गेस्ट हाउस के अंदर शादी की खुशियां हिलोरें भर रही थीं। जयमाल की तैयारी चल रही थी। तमाम जनाती खाना खा रहे थे। नाते-रिश्तेदार एक-दूसरे से मिल रहे थे। बाराती अगवानी की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक गेस्ट हाउस के बाहर फायरिंग शुरू होने से शादी समारोह में सिहरन दौड़ने लगी। लोग माजरा समझने के लिए बाहर की तरफ दौड़े तो कुछ अराजक तत्व तमंचे से फायरिंग करते हुए गाड़ी में बैठकर भागने लगे। अराजकतत्वों की गाड़ी से कुचलकर दो बाराती घायल हो गए।


जाम के दौरान मुगल रोड पर लगी ट्रकों की लंबी कतार। अमृत विचार

### मुगल रोड पर लंबा जाम, वाहनों की कतार लगी

भोर पहर से ही लोगों के सड़क पर उतरने और जाम लगा देने से मुगल रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस रोड पर सबसे ज्यादा भारी वाहन गुजरते हैं। एक तरफ परास और दूसरी तरफ जहानाबाद की ओर जाम बढ़ता ही गया। जाम में भारी वाहनों के साथ यात्री वाहन भी फंसे रहे। कुछ यात्री पैदल रोड पार कर इधर से उधर निकलते रहे। जाम लगने से यहां से यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। जाम में फंसीं बसें घूमकर दूसरे रास्ते से अपने गंतव्य को रवाना हुईं। दोपहर बाद तीन बजे जाम खुलने के बाद भी यातायात सामान्य होने में घंटों लग गए।

# बंबा में उतराता मिला युवक का शव

संवाददाता, भीतरगांव

### शिनाख्त नहीं हो पाई

- तमाम कोशिशों के बाद भी नहीं हो सकी पहचान
- पुलिस ने पंचनामा भरकर शव मर्च्युरी में रखवाया

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव पुलिस चौकी क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग गांव के पास मंगलवार की सुबह बंबा में एक युवक का शव उतराता मिला। बंबा में शव मिलने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने युवक के शव को बाहर निकलवाया और शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी। शव का पंचनामा भरकर मर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। शव कई दिन पुराना लग रहा है।

भीतरगांव चौकी क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग गांव किनारे से निकले बंबे में मंगलवार की सुबह एक युवक का शव देवरा गांव की ओर बहता दिखा। शव बहता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक के शव को बंबा से बाहर निकलवाया। युवक काले रंग की पैंट, जॉकेट, अंडर वियर और मोजे पहन रखे ते। बाएं हाथ में चूड़ा और बीच वाली उंगली पर लोहे का छल्ला पड़ा था।

पुलिस के मुताबिक युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास है। पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी। संभावना जताई जा रही है कि युवक का शव दूर से बहकर आया है। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है। शव के शिनाख्त के लिए 72 घंटे इंतजार किया जाएगा। उसके शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।


बंबा में शव मिलने की खबर पर भीड़ जुट गई। अमृत विचार

# किशोरी का मोबाइल छीन भागे बाइकर्स

**भीतरगांव।** साढ़ क्षेत्र के कुड़नी मंदिर में साइकिल से दर्शन करने जा रही किशोरी का मोबाइल बाइक सवार तीन युवक छीन कर फरार हो गए। पीड़िता ने डायल 112 में मामले की सूचना दी।

मंगलवार को तीन बजे कर्चुलीपुर की सोनी पुत्री राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह साइकिल से कुड़नी मंदिर दर्शन करने जा रही थी। हाथ में मोबाइल पकड़े थी, तभी सामने से आए बाइक सवार तीन युवकों ने उसका मोबाइल छीनते हुए धक्का देकर गिरा दिया और मौके से भाग गए। पीड़िता किशोरी ने मामले की सूचना तत्काल डायल 112 में दी। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने आसपास तलाश करने की बात कही।

# स्कूल के विकास में मदद करें प्रधान

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** समग्र शिक्षा के तहत नोडल शिक्षक/प्रधानाध्यापकों, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षों एवं ग्राम प्रधानों के उन्मुखीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला ककवन बीआरसी में हुई।

कार्यशाला की रूपरेखा, उद्देश्य एवं समग्र शिक्षा के अंतर्गत योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बीईओ कमलेश गुप्ता ने ग्राम प्रधानों और एसएमसी अध्यक्षों से समस्त नामांकित बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ग्रामवासियों को जागरूक करने व प्रेरित करने की अपील की। आपरेशन कायाकल्प के असंतृप्त मानको को अतिशीघ्र पूर्ण कराने का अनुरोध किया गया।



कार्यशाला में शिक्षकों को योजनाओं की जानकारी दी गई। अमृत विचार

बीडीओ शिव नरेश ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। शिक्षक, शिक्षिकाओं से नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थिति होकर शिक्षण कार्य करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर कुछ ग्राम प्रधानों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये। आपरेशन कायाकल्प के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों एवं 10 ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार, अनिरुद्ध कुमार, अजय कुमार, मानस मिश्रा, अंकित कश्यप, अनुज गुप्ता मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक ने अधेड़ को रौंदा, थम गई सांसें

संवाददाता, सरसौल

- महाराजपुर क्षेत्र के फत्तेपुरवा गांव के पास हुआ हादसा
- साइकिल पर सवार होकर कंहईखेड़ा जा रहा था

**अमृत विचार:** महाराजपुर थाना क्षेत्र के फत्तेपुरवा में मंगलवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार अधेड़ को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

सरसौल के शिवपुरी का रहने वाला मुंशीलाल (57) साइकिल से रहनस मोड़ से फत्तेपुरवा के रास्ते कन्हईखेड़ा काम से जा रहा था, तभी सामने से सीमेंट के पाइप लाद कर आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया, जिससे मौके पर ही मुंशीलाल ने दम तोड़ दिया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। हादसे के काफी देर बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। बाद में शव का पंचनामा भरा गया।

# पत्नी की आदतों से ऊबे युवक ने मौत को गले लगाया

संवाददाता, भीतरगांव

### मोह भंग

- तीन माह के अंदर चार बार पत्नी को लेने गया था ससुराल
- वर्तमान में पत्नी अपनी मौसी के यहां हिरनी में रह रही थी
- फतेहपुर के जरारा गांव में तीन साल पहले हुई थी शादी

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव पुलिस चौकी के देवरा गांव में पत्नी के मायके चले जाने और कई बार लेने जाने पर भी नहीं आने से आहत होकर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपने चार भाईयों में दूसरे नंबर का था और वह अपनी पत्नी की आदतों से खासा परेशान रहता था।

भीतरगांव चौकी क्षेत्र देवरा गांव निवासी सुरेश पाल (30) पुत्र राम अवतार पाल की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व फतेहपुर जिले के जरारा गांव में हुई थी। गांव वालों के मुताबिक पत्नी के माता-पिता नहीं होने के कारण परिवारिक लोगों ने शादी की थी। शादी के बाद से ससुराल में आए दिन पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद होता रहता था।


सुरेश पाल।

तीन माह पहले पति से विवाद के बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी और फिर वहां से कुछ दिन पहले ही वह अपनी मौसी के यहां पतारा क्षेत्र के हिरनी गांव चली आई थी।

बताते हैं कि पति कई बार उसे विदा कराने के लिए गया, मगर पत्नी हर बार आने से इंकार कर देती, जिससे वह पूरी तरह टूट गया।

पत्नी छाया के वियोग में सोमवार की शाम सुरेश ने घर के अंदर पीछे वाले कमरे में अंगोछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर भीतरगांव चौकी पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों की माने तो पत्नी छाया उर्फ मन्नो की ससुराल में एक दिन भी नहीं पटी। उसकी आदतें पहले से ही खराब थीं। उसे मौसी का भी पूरा साथ मिलता है।

धर्म-अध्यात्म

भागवत कथा में आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने वामन अवतार और श्रीकृष्ण व श्रीराम जन्म का प्रसंग सुनाया

# कर्तव्य के पालन में तर्क नहीं, समर्पण की जरूरत

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** मनुष्य को कर्तव्यनिष्ठ होकर जीवन जीना चाहिए। कर्तव्य के पालन में तर्क नहीं, अपितु समर्पण की जरूरत पड़ती है। सुखमय जीवन के लिए उपयोगिता, भावना व कर्तव्य पालन बेहद जरूरी हैं। यह प्रवचन मंगलवार को क्षेत्र के पचोर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। इस दौरान उन्होंने वामन अवतार, श्रीकृष्ण व श्रीराम जन्म प्रसंग का वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने सुखी व सम्मानित जीवन के तरीके बताते हुए कहा कि जीवन के लिए उपयोगिता, भावना व कर्तव्य ऐसी मूलभूत आवश्यकताएं हैं, जिनके बगैर सुखमय जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए उपयोगिता, परिवार को मजबूती प्रदान करने के लिए भावना व घर परिवार व समाज में एकता व समन्वय स्थापित करने के लिए कर्तव्यनिष्ठ होना बेहद आवश्यक है।


कथा सुनाते वेंकटेश जी महाराज।


भागवत कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

कथा को आगे बढ़ते हुए आचार्य ने वामन अवतार, श्री कृष्ण व राम जन्म का सुंदर प्रसंग सुनाया। वामन अवतार की कथा सुनाते हुए आचार्य ने बताया कि राजा बलि बड़े पराक्रमी, दानी व भगवान के परम भक्त थे, लेकिन उन्हें इस बात का बहुत घमंड भी था। भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर राजा बलि की परीक्षा लेने की ठानी। राजा बलि द्वारा वामन स्वरूप भगवान से दान मांगने की बात कहे जाने पर वामन ने राज्य में तीन पग जमीन मांग ली। राजा बलि द्वारा कोई बड़ा दान मांगने की बात कहे जाने पर भगवान के अवतार वामन ने उनसे तीन पग जमीन की ही मांग की। राजा बलि ने संकल्प के साथ उन्हें तीन पग जमीन देने की घोषणा कर दी।इसके बाद भगवान विष्णु ने दो पग में ही राजा बलि के पूरे राज्य को नाप दिया। तीसरी पग के लिए राजा बलि के पास देने के लिए कुछ नहीं था, तब भगवान ने बलि से पूछा अपना तीसरा पग कहां रखूं। जिस पर राजा बलि ने महादानी होने का परिचय देते हुए तीसरे पग के स्थान पर अपने आप को भगवान के समक्ष समर्पित कर दिया। आचार्य ने श्री कृष्ण व श्री राम जन्म का सुंदर वर्णन भी भक्तों को सुनाया।

# निरीक्षण में गायब मिले कई शिक्षक

**घाटमपुर।** बीईओ राजेंद्र कुशवाहा ने डोभा, बसौरा और कधईपुर के विद्यालयों का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया, जहां सभी शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय में छात्र बस्ता लिए अपने शिक्षकों का इंतजार कर रहे थे। ग्राम प्रधान ने भी मौके पर पहुंचकर शिक्षकों के बारे में बीईओ को जानकारी दी।

बीईओ राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि रसोई का महीनों से ताला नहीं खुला था। खंड शिक्षा अधिकारी ने औचक निरीक्षण के बाद बातचीत में सब ठीक-ठाक बताया। डोभा ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि अमित दीक्षित निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी के साथ थे। उन्होंने बताया कि कई शिक्षकों के खंड शिक्षा अधिकारी के पास फोन आए। बीईओ ने उन्हें ऑफिस बुलाया, जहां अनुपस्थित शिक्षकों के साथ गुफ्तगू की गई।

## सार-संक्षेप


ग्राम परिक्रमा के समापन पर योजनाओं का कैलेंडर बांटा गया। अमृत विचार

### हाथीपुर में भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन

**सरसौल।** मंगलवार को सरसौल विकास खण्ड के हाथीपुर ग्राम सभा में भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन हो गया। किसान मोर्चा दक्षिण के जिलाध्यक्ष हर्ष प्रताप चौहान ने बताया कि किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को ग्रामीण इलाकों में घर घर पहुंचाया गया। गांव-गांव जाकर किसानों की समस्या पर उनसे चर्चा की गई। इससे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ प्रधान संघ के अध्यक्ष रोहित तोमर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर किसान मोर्चा दक्षिण के महामंत्री एवं सहकारिता चेयरमैन राहुल सिंह, रमेश कुशवाहा, अजय प्रताप, शैलेंद्र द्विवेदी, अमरेंद्र राय, जितेंद्र पांडेय, आशीष मिश्रा, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्राला में दौड़ा करंट, चालक गंभीर रूप से झुलसा

**घाटमपुर।** पतारा चौकी क्षेत्र में एक पेट्रोल पम्प के सामने ट्रक का ट्राला ऊपर करते समय 11 हजार वोल्ट की लाइन में छू गया, जिससे पूरे ट्रक में करंट दौड़ गया। ट्रक का टायर धू-धू कर जलने लगा। बिजौली निवासी चालक नसीम भी करंट की चपेट में आने से झुलस गया। पेट्रोल पंप कर्मियों ने उसे ट्रक से बाहर निकालकर 108 एम्बुलेंस के जरिए पतारा अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची घाटमपुर फायर स्टेशन की गाड़ियों ने ट्रक की आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।


तार में ट्राला छूने से दौड़ा करंट।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र में मंगलवार को सवाईपुर से धमना बुजुर्ग वाली सड़क में सर्वोदय माध्यमिक विद्यालय के पास वाहन की टक्कर से धमना बुजुर्ग निवासी अजय शुक्ला (35) की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सजेती थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# आलू पर छाई महंगाई, कैसे बनें चिप्स-पापड़

## 20 से 25 रुपये किलो आलू बिकने से महिलाओं में नाराजगी, लोकसभा चुनाव पर असर डाल सकती महंगाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** त्योहारी सीजन में बाजार में महंगी आलू बिकने से लोगों व खासकर गृहणियों में नाराजगी है। महिलाएं होली पर मनमुताबिक चिप्स-पापड़ आदि न तैयार कर पाने को लेकर मायूस हैं। इसलिए आलू की महंगाई आने वाले दिनों में होने जा रहे लोकसभा चुनाव पर भी असर डाल सकती है।

सामाजिक सौहार्द का पैगाम लेकर आने वाले होली के त्योहार पर घर आने वाले मेहमानों के सामने सभी अधिक से अधिक पकवाने सजाने की मंशा रखते हैं। इसीलिए होली के त्योहार से 15-20 दिन पहले से ही महिलाएं घरों में आलू, साबूदाना व चावल आदि से पापड़ व अन्य सामान बनाना शुरू कर देती हैं। जिससे होली पर परंपरा के तहत शुभकामनाएं देने वाले रिश्तेदारों सहित सभी मिलने वालों की अच्छे से आवभगत हो सके। इस बार फुटकर मंडियों में आलू की आवक कम होने से 20 से 25 रुपये किलो बिक रहा है। इससे मंडियों में आलू लेने जाने वाली महिलाएं मनमुताबिक आलू नहीं ले पा रही हैं। यही कारण है होली से पहले सुबह से ही घरों की छतों पर पापड़ आदि बनाए जाने से दिखती रही रौनक इस साल नहीं दिख रही है।

फुटकर मंडियों में आलू विक्रेताओं का कहना है कि इस बार प्रदेश में आलू को गैर राज्यों में भेजने पर रोक नहीं है। इससे किसान व थोक व्यापारी दूसरे राज्यों में आलू भेज रहे हैं। इसके अलावा मौसम के साथ न देने की वजह से उत्पादन भी कम हुआ है। यही कारण है कि आलू महंगा बेचना पड़ रहा है।



सब्जी मंडी में लगी आलू की दुकानें। अमृत विचार

### महिलाएं बोलीं-सरकार को रोकनी चाहिए बढ़ती कीमतें

आलू की महंगाई के कारण से सरोकार न रखने वाली गृहणियां त्योहार पर मनमुताबिक मात्रा में आलू के पापड़ व चिप्स आदि न तैयार कर पाने को लेकर मायूसी जताती हैं। उनका कहना है कि पिछले वर्षों में 50-60 रुपए धड़ी (पांच किलो) आलू बिकता रहा है। वह दावा करती हैं कि होली के बाद निश्चित तौर आलू की कीमतों में गिरावट आएगी। यही कारण है कि वह आलू विक्रेताओं के दावों पर भरोसा नहीं करती हैं।

### गृहणियों की सीधी बात



सब्जी मंडी में मिलीं नेहा कहती हैं कि आम आदमी की आवश्यकता की वस्तुएं अचानक महंगी नहीं होनी चाहिए। इससे बड़ी आबादी को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।



सुशीला ने कहा कि सरकार जनहित में आलू की कीमतें बढ़ने से रोकने के इंत्जाम करने चाहिए थे, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोरों के प्रति ध्यान नहीं दिया जाता है।



इसी तरह सुधा आलू की महंगाई को लेकर नाराजगी जताते हुए कहती हैं कि प्याज व टमाटर की कम से कम त्योहार पर सरकार को वाजिब कीमत पर आलू की उपलब्धता करानी थी।



प्रिया ने कहा कि होली पर मेहमानों की सबसे अधिक आवाजाही होती है। घर आने वालों की मेहमाननवाजी तो की जाएगी, लेकिन इसके लिए दूसरे खर्चे रोकने पड़ेंगे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज करने के आश्वासन पर माने परिजन

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत फुफेरे भाई के घर युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। परिजनों ने पड़ोसी गांव के युवक पर उसकी हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। युवती के हाथ में खरोंच के पुराने निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट सार्वजनिक करने मांग करते हुए परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। एसएचओ व एसओ पहुंचे और लोगों को समझाया। इसके बाद पिता की तहरीर पर आरोपी युवक पर दही पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने की एफआईआर दर्ज की।

दही थानाक्षेत्र के टीकरगढ़ी गांव के मजरा मल्लीखेड़ा निवासी राकेश पाल की बेटी निधी (20) का शव शहर के मोहल्ला शिवनगर कोयला वाली गली निवासी उसके फुफेरे भाई संतोष पाल के घर में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था। भाई सुमित पाल ने माखी थानाक्षेत्र के विजई खेड़ा गांव निवासी अतुल गौतम पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया था। बताया था कि इसी लड़के से परेशान होकर उसकी बहन ने गांव छोड़ा था और फुफेरे भाई के घर में रह रही थी। उसी ने आकर बहन की हत्या की है। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग के साथ बाएं हाथ में हल्की चोटों के निशान मिले हैं। इसमें 12 पुराने निशान और दो नए निशान थे। हैंगिंग की जानकारी पर परिजनों ने हंगामा किया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग पर अड़ गए। शव सड़क पर रख जाम लगाने का प्रयास किया। इस पर एसएचओ सदर कोतवाली प्रमोद मिश्र और दही एसओ ने परिजनों को समझाया और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।



हंगामा कर रहे परिजनों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

# 21 साल पहले हत्या के दोषी दो भाइयों को आजीवन कारावास

- तालिब सराय मोहल्ले में हुई थी युवक की हत्या
- युवक पर फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया था

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत करीब 21 साल पहले चार भाइयों ने एक युवक पर फायरिंग करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर सभी पर गैंगस्टर की भी कार्रवाई की थी। मंगलवार को गैंगस्टर कोर्ट में अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने दो भाईयों को आजीवन कारावास व 45-45 हजार का जुर्माना लगाया है। वहीं, इसी मामले के अभियुक्त दो भाइयों की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तालिब सरांय निवासी करीमुल्ला ने 13 दिसंबर-2002 को भतीजे शब्बन पर हुए जानलेवा हमले की तहरीर में बताया था कि घटना वाले दिन उसके वालिद की तबियत अचानक बिगड़ गई। इस पर उसका बेटा यासीन व भतीजा सब्बन बाइक से तालिब सरांय गए थे। बताया था कि बाद में वह और उसका भाई शमीमुल्ला भी वालिद को देखने जा रहे थे। घर के सामने सड़क पर पहले से खड़े इम्तियाज ने भतीजे शब्बन को गोली मार दी। उसके साथ तीनों भाई शमशाद, नौशाद व सज्जाद पुत्र मुन्ने खां भी मौजूद थे। गोली लगने से घायल भतीजे को जिला अस्पताल लाए थे। जहां से डाक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान सब्बन की मौत हो गई थी। पुलिस ने चारो भाईयों के विरुद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। चारों भाईयों ने चकमा देकर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में पुलिस ने चारों पर गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई की थी। जांच तत्कालीन सीओ रहे निरंकार सिंह ने वहीं हत्या व जानलेवा हमला की जांच तत्कालीन एसएसआई मदन मोहन यादव ने की।



# फलों के दाम छूने लगे आसमान, रोजेदार परेशान

- फल महंगे होने से रोजेदार थोड़े से ही काम चलाने को मजबूर
- फलों की दुकानों में खरीदारी के लिए लगने लगी भीड़

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रमजान शुरू होते ही फलों के दाम आसमान छूने लगे हैं। मंगलवार को राजधानी मार्ग से लेकर पोनी रोड पर लगी फलों की दुकानों में खरीददारी के लिये मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ रही। वहीं कल तक 100 से 120 रुपये किलो बिकने वाला सेब 160 से 180 रुपये तक पहुंच गया। जिससे फलों के ऊंचे दाम सुन कुछ लोगों ने थोड़े से ही फलों में काम चलाने को मजबूर हैं।

सोमवार को चांद दिखने के बाद मंगलवार को पहला रोजा पड़ा। जिस पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरे दिन रोजा रखा। रोजे को लेकर रहमत नगर, अहमद नगर, मदनी नगर, गोताखोर, कर्बला, हुसैन नगर, चंपापुरवा समेत तमाम मुस्लिम क्षेत्रों में चहल पहल देखने को मिली। वहीं सहरी और इफ्तार के लिए लोग रोजेदार फल, खजूर, मिष्ठान आदि से रोजा खोलते हैं। जिसके लिये मंगलवार को राजधानी मार्ग से लेकर प्रमुख बाजारों में लगी फलों की दुकानों में भीड़ देखने को मिली। जहां रोजेदारों ने फल खरीदे। वहीं सोमवार तक जो भी 100 रुपये किलो बिक रहे थे, उनके भाव 150 रुपये तक हो गये। अचानक फलों के दाम बढ़ने से रोजेदार थोड़े से ही फलों से काम चला रहे हैं।



राजधानी मार्ग पर लगी फलों की दुकान। अमृत विचार

### बाजार में इस समय फलों के दाम

| फल | पहले | अब |
|---|---|---|
| सेब | 120 से 140 रु. किलो | 160 से 180 रु. किलो |
| अंगूर | 120 रु. किलो | 180 रु. किलो |
| अंगूर काला | 100 रु. किलो | 160 रु. किलो |
| केला | 40 रु. दर्जन | 50 से 60 रु. दर्जन |
| संतरा | 30 से 40 रु. किलो | 50 से 60 रु. किलो |
| अनार | 100 से 120 | 140 से 150 रु. किलो |
| पपिता | 40 रु. किलो | 50 से 60 रु. किलो |
| तरबूज | 30 किलो रु. किलो | 30 रु. किलो |
| खजूर | 350 रु. किलो | 400 रु. किलो |

# प्रेमिका को खेत पर बुलाया खुरपी से काट दिया पंजा

- गंभीर हालत में लखनऊ के हायर सेंटर रेफर
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से की पूछताछ

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव गौरिया कलां के मजरा फत्तेपुर निवासी एक युवती को उसके प्रेमी ने खेत पर मिलने के लिये बुलाया और उससे शादी करने की बात कही। युवती के न मानने पर प्रेमी ने उसके हाथ का पंजा खुरपी से काटकर अलग कर दिया और मौके से भाग गया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर लखनऊ रेफर किया गया।

फत्तेपुर गांव निवासी बाबू की पुत्री पूनम मंगलवार शाम जानवरों के लिए घास लेने खेत गई थी। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजन उसे ढूंढने निकले। खोज के दौरान ही पूनम लहूलुहान हालत में खेत में बेहोश पड़ी मिली। उसका हाथ कलाई के पास से कटा हुआ मिला और उसका पंजा पास में ही पड़ा मिला। यह नजारा देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजन आनन-फानन पूनम को बेहोशी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवती को हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार पूनम की शादी तय हो चुकी थी। परिजन घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे सके। सूचना मिलते ही बेहटा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बाबत ग्रामीणों से पूछताछ की। वहीं बाद में घटना को लेकर पता चला कि गांव निवासी रिंकू से उसका प्रेम-प्रसंग था। प्रेमी ने उसे मिलने के लिये खेत पर बुलाया था। जहां किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। इससे नाराज प्रेमी ने खुरपी से युवती के हाथ का पंजा काटकर अलग कर दिया।

# कोर्ट के आदेश पर अवैध कब्जा पुलिस ने हटवाया

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव महरामऊ निवासी इंद्र पाल सिंह ने बताया कि उन्होंने 1986 में नगर के मोहल्ला दुर्गापुर में पेट्रोल पंप के लिये ढाई बीघा जमीन खरीदी थी। जिसमें से दो बीघा में उनका आर्यावर्त पेट्रोल पंप है। शेष भूमि को मोहल्ले के सतीश ने परिजनों के साथ जबरन कब्जा लिया था। आरोपियों ने वर्ष-1994 में दीवानी मुकदमा दायर कर दिया था। जिसमें लखनऊ हाईकोर्ट के निर्देश बाद एसडीएम कोर्ट ने उस जमीन को खाली करने के लिये आरोपियों को नोटिस चस्पा कर शांतिभंग की कार्रवाई की थी। मंगलवार को सीओ सोमोनेंद्र विश्वास तीनों थानों में पुरवा कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह, मौरावां चंद्रकांत सिंह व असोहा राज बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और विपक्षियों को चेतावनी देते हुए बुल्डोजर से अवैध निर्माण ढहाकर जमीन वादी पक्ष के सुपुर्द कर दी।

# संकरे रास्ते पर ई-बस फंसने से लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह वाहनों का अधिक भार होने के कारण नवीन पुल पर जाम लग गया। वहीं मंगलवार से ई बसों का संचालन भी शुरू हो गया। जिससे संकरे रास्ते में कई बार ई बसें आमने-सामने आने से जाम और तीखा हो गया। जिससे कानपुर जाने वाले लोग जाम में फंसे रहे। वहीं बैराज मार्ग स्थित नई सरैयां रेलवे क्रासिंग पर भी पूरे दिन रुक-रुक कर जाम लगता रहा। जिससे आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे नवीन पुल से एक के बाद एक ई बसें निकली। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। वहीं पोनी रोड तिराहे के पास आड़े तिरछे ई रिक्शा और टेंपो के कारण जाम लगा रहा। जाम को देख पुलिस ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद साढ़े नौ बजे एक बार फिर वाहनों का भार बढ़ गया और नवीन पुल पर जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक भीषण जाम लग गया। जाम में कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग फंसे रहे। जिस कारण आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं जाम हटवाने के लिये मंगलवार को कोई पुलिस कर्मी नहीं रहा। जिससे वाहन सवारों ने अपने वाहन आड़े तिरछे लगा दिये। जिससे जाम और तीखा हो गया।



नवीन पुल पर जाम लगने के कारण लगी वाहनों की कतार। अमृत विचार

### नई सरैयां रेलवे क्रॉसिंग पर पूरे दिन लगा जाम

मंगलवार को बैराज मार्ग स्थित नई सरैयां रेलवे क्रासिंग के दूसरी ओर गड्ढों के कारण जाम लगना शुरू हो गया। वहीं ट्रेनों के आने जाने के कारण भी पूरे दिन रुक-रुक कर जाम लगता रहा। जिस कारण कानपुर, लखनऊ, उन्नाव के तमाम वीआईपी फंसे रहे।

### ई-बसें चलने से और लगेगा जाम

अभी तक कानपुर से उन्नाव के बीच चलने वाली ई बसों को आयोध्या भेजा गया था। इसके बावजूद जाम लग रहा था। मंगलवार से ई बसें शुरू हो गई। जिससे बालूघाट से नवीन पुल के संकरे रास्ते में आमने-सामने बसें फंसने के कारण मंगलवार को सुबह, दोपहर और शाम को कई बार जाम की स्थिति बनी रही।

## सार-संक्षेप

### अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोग गंभीर घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अलग-अलग सड़क हादसों में 7 लोग गंभीर घायल हो गये। जिनमें प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया। एक ऐसा भी रहा जिसकी बाईक ट्रक के नीचे आ गयी लेकिन, उसे हल्की खरोंच ही आई। जिससे लोगों ने कहा कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है। पहली घटना पक्षीविहार के पास हुई। जिसमें दो बाईक सवार विमलेश व विकास निवासी करोवन सदर कोतवाली घालय हो गये। जिन्हें स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं, दूसरी घटना अजगैन के सामने हुई। जिसमें 4 लोग रोहित व अंकित पुत्र भिखारीलाल शर्मा व अमित पुत्र संजय सिंह नवाबगंज, दीपक पटेल पुत्र प्रीतम निवासी भूपतीखेड़ा गोमती नगर लखनऊ को चोटें आईं। सभी को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिसमें गंभीर हालत देख विमलेश व विकास को जिला अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा तीसरी घटना भल्लाफार्म के पास हूई। जिसमें सुरेश निवासी असोहा की बाइक ट्रक के नीचे आ गयी। लेकिन, वह बाल-बाल बच गया।

### रिश्तेदारी में आई महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली के गांव सरांय इन्दल में मांगलिक कार्यक्रम में आई महिला की हालत बिगड़ने पर उसे स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरांय इन्दल गांव निवासी सतीश की बेटी की गोदभराई थी। उसमें उसकी बहन गुड़िया निवासी हिन्दूखेड़ा निवासी सरोजनी नगर लखनऊ भी आई थी। कार्यक्रम होने के बाद वो अपनी मां से बात कर रही थी कि अचानक बेहोश हो गई। यह देख परिजन उसे लेकर स्वास्थ्य केंद्र आये। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन पोस्टमार्टम कराये बिना ही शव लेकर चले गये। मृतका के छोटे भाई सुनील ने बताया कि उसकी मौत से खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी का निधन, शोक की लहर

**पुरवा।** असोहा क्षेत्र के गांव केवनी निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्व. श्रीराम दीक्षित की 97 वर्षीय पत्नी शांती देवी का सोमवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। शांती देवी के निधन की खबर सुन ब्लाक प्रमुख असोहा आनंद गुप्ता, नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय, एसओ राजबहादुर उनके घर पहुंचे और शोक सवेंदना व्यक्त की। वहीं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी होने के चलते उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

विकास की किरण

एक स्टेशन-एक उत्पाद कार्यक्रम को पीएम ने वर्चुअली किया संबोधित, सांसद डा. साक्षी महाराज ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

# अमृत योजना से उन्नाव रेलवे स्टेशन पर होगा सुविधाओं का अंबार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** रेल यात्रा को सुरक्षित और सुविधापूर्ण बनाने के लगातार प्रयास जारी हैं। इसके लिए वर्तमान भाजपा सरकार पर्याप्त बजट उपलब्ध कराती आ रही है। इससे विश्व स्तरीय रेल सुविधाओं का लाभ देश वासियों को मिल सकेगा।

यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्नाव रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक स्टेशन-एक उत्पाद कार्यक्रम के लोकार्पण समारोह में मौजूद लोगों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने रेलवे सहित देश के विकास को अनदेखा किया। इसीलिए रेल यात्री मजबूरी में असुविधा पूर्ण यात्रा करते आ रहे थे। इसके विपरीत बीते 10 वर्षों में रेल की कायापलट करते हुए देशवासियों को तेजस व वंदेभारत जैसी आधुनिक ट्रेन में सफर करना संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि सुविधाओं के साथ संरक्षा पर भी सरकार पूरा ध्यान दे रही है, जिससे रेल यात्रियों को सुरक्षित सफर की सुविधा प्राप्त हो सके। इसके लिए जहां मानव रहित रेल समपार क्रासिंगों को समाप्त कर ओवर व अंडर ब्रिज बनवाए जा रहे हैं। इससे मानव रहित रेलवे क्रासिंग पर दुर्घटनाओं में लगातार कमी आती जा रही है। रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वाल बनाने का कार्य भी जारी है, जिससे न सिर्फ ट्रैक और ट्रेन सुरक्षित होंगी, बल्कि मनचाही आवाजाही पर विराम लगेगा। सांसद साक्षी महाराज ने उत्पाद बिक्री के लिए प्लेटफार्म नंबर-1 पर बने स्टाल का लोकार्पण करते हुए अपने 10 वर्ष के कार्यकाल सहित केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों गिनाईं।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बाशिंदों की सुविधा के लिए जहां रनथ्रू गुजरती रही ट्रेनों का उन्नाव में स्टापेज कराया है। वहीं अमृत योजना के तहत उन्नाव रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों को काफी बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि लखनऊ-कानपुर रूट पर स्वीकृत हुए 10 ओवर व अंडर ब्रिज में नौ उनके निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इसलिए वह विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पीएम व रेल मंत्री सहित सांसद का आभार जताना चाहते हैं। इस मौके पर एडीआरएम वीरेंद्र शुक्ल, एसीएम विनीत रंजन, स्टेशन अधीक्षक त्रिभुवन जोशी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह, वेणुरंजन भदौरिया व क्षेत्रीय सभासद ब्रजेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे। साथ ही आरपीएफ व जीआरपी के प्रभारी सहित स्टाफ की भी मौजूदगी रही।



एक स्टेशन-एक उत्पाद का लोकार्पण करते सांसद डा. साक्षी महाराज। अमृत विचार

### ओडीओपी को छोड़ गुड़ उत्पाद बेचेगा रेलवे

**उन्नाव।** रेल प्रशासन ने एक स्टेशन-एक उत्पाद में ओडीओपी में शामिल चर्म उत्पादों की बिक्री बढ़ाने में सहयोग करने से हाथ खड़े कर दिए हैं। इसीलिए स्टाल के लोकार्पण के समय स्टाल में गुड़ से तैयार उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। हालांकि करीब सवा साल पहले संबंधित स्टाल से चर्म उत्पादों की बिक्री शुरू हुई थी। लोकार्पण के समय अधिकारियों ने गुड़ निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन भले ही करा दिया हो लेकिन जानकार बताते हैं कि अब तक संबंधित स्टाल के लिए कोई वेंडर नहीं तय हुआ है। हालांकि स्थानीय स्टाफ ने इससे इनकार करते हुए दावा किया कि वेंडर का चयन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय द्वारा किया जा चुका है।

### चर्म उत्पादों की पहले बिक्री होती थी

**उन्नाव।** रेल अधिकारियों ने जिस स्टाल का लोकार्पण कराया है वो पहले संबंधित स्टाल न केवल आवंटित किया जा चुका था। बल्कि कारोबारी सफलता न दिलाने की वजह से आवंटी ने बीच में ही काम बंद कर दिया था। इस तरह वर्चुअल लोकार्पण में स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के लिए नई बोतल में पुरानी शराब भरने का काम किया गया। इस बात की लोगों के बीच जबर्दस्त चर्चा रही। रेल अधिकारियों ने गुड़ उत्पादों को भले ही एक स्टेशन-एक उत्पाद में शामिल किया है, लेकिन जिले में नाममात्र के किसान ही गन्ने की खेती करते हैं। इसलिए लोगों का कहना था कि बेहतर होता रेलवे गुड़ के बजाए मिलेट्स उत्पादों का चयन करते।

# वृद्ध की मौत के मामले में डीएम से न्याय की गुहार

फॉलोअप

- सोमवार को रुपये निकालने गए वृद्ध की बैंक गेट पर हो गई थी मौत

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के गांव जैतीपुर में आर्यावर्त बैंक के बाहर हुई वृद्ध की मौत के मामले में परिवार जन डीएम से शिकायत कर इसकी जांच कराने की मांग कर रहे हैं। वहीं बैंक केवाईसी अपडेट होने की बात कह रहा है। पैसा निकालने के लिये क्यों परेशान किया जा रहा था इस पर शाखा प्रबंधक कुछ बता नहीं सके। उन्होंने इसकी जांच कराए जाने की बात कही है।

जैतीपुर गांव स्थित आर्यावर्त बैंक की शाखा में गजराज बलदेव निवासी गरवर खेड़ा का बचत खाता था। बीते सोमवार वह पैसा निकालने आया तो बैंक के गेट पर ही उसकी मौत हो गई। पत्नी दुलारा ने बताया कि बैंक के कर्मचारी उसे लगातार टहला रहे थे और पैसा नहीं दे रहे थे। उनकी तबियत खराब थी और पैसा भी नहीं था। पैसा न होने से इलाज नहीं हो सका और उनकी मौत हो गयी। कहा कि इसकी शिकायत डीएम से कर मामले की जांच कराने की मांग की है। इस संबध में शाखा प्रबंधक अंकुर यादव ने कहा कि गजराज का खाता उनकी शाखा में है और इसमें केवाईसी भी अपडेट है। इसमें पेंशन भी आती है और बीती 6 फरवरी को अगूंठा लगाकर पैसा भी बैंक के बाहर निकाला है। बताया कि अगर कोई बीमार होता है और वो आने में असमर्थ है तो बैंक कर्मचारी भेजकर सत्यापन कराकर खाते में केवाईसी अपडेट कर देते हैं। हालांकि इस खाते में केवाईसी अपडेट थी।

# सीएम योगी आज देंगे 241.261 करोड़ की सौगात

## फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के चंद्रिका खेड़ा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण

संवाददाता उन्नाव/फतेहपुर चौरासी



निरीक्षण के दौरान एसपी से जानकारी लेते एडीजी व आईजी। अमृत विचार



सीएम के लिये हेलीपैड बनाते मजदूर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुधवार को जिले के फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के चंद्रिका खेड़ा गांव में आगमन होना है। जिसे लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इस दौरान सीएम जिलावासियों को 241.261 करोड़ की 103 विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। सीएम के दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर हेलीपैड, गांव व सभास्थल का निरीक्षण किया। वहीं, सांसद व विधायकों ने भी कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

बता दें कि बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के चंद्रिका खेड़ा गांव में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा अनावरण करने आ रहे है। सीएम के दौरे को देखते जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सांसद साक्षी महाराज, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना कार्यक्रम स्थल पहुंचे और मौका मुआयना किया। जहां उन्होंने हेलीपैड व सभा स्थल के लिये स्थान का चयन कर स्थलीय निरीक्षण भी किया।

- सांसद, सभी विधायक, डीएम एसपी, एडीजी व आईजी ने सभास्थल पहुंच किया निरीक्षण
- सूबे के मुखिया 103 विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

अधिकारियों ने बताया कि सीएम नवोदय विद्यालय से चंद्रिका खेड़ा गांव पहुंचकर शहीद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान सीएम 241.261 करोड़ की कुल 103 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे। बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने जो घोषणाएं की थीं उन्हें लोकसभा चुनाव के पहले पूरा करने के लिये वे उन्नाव आ रहे है। सीएम जवाहर नवोदय विद्यालय काली मिट्टी में जनसभा को संबोधित करने के साथ कई लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, डमी चेक व स्वीकृति पत्र आदि का भी वितरण करेंगे।

### एडीजी जोन व आईजी रेंज ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

सीएम की सभा व अन्य कार्यक्रमों को देखते हुए एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार सिंह व आईजी तरुण गाबा ने भी कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था परखने को निरीक्षण किया। अधिकारियों ने एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी भी हाल में सीएम की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिये। साथ ही सीएम की सुरक्षा को लेकर अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने भी डेरा जमा लिया है।



शहीद गुलाब सिंह लोधी की वह प्रतिमा जिसका होना है अनावरण।

# लोडर चालक व दो साथियों पर दर्ज हुआ हत्या का केस

फॉलोअप

- शीतलपेय एजेंसी के सेल्समैन पर मारपीट के बाद चढ़ाया था लोडर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा चौराहा में वाहन हटाने को लेकर एक शीतलपेय एजेंसी के सेल्समैन से पानी लदे लोडर चालक ने कहासुनी के बाद साथियों के साथ मारपीट की थी। भागते समय उस पर लोडर भी चढ़ा दिया था। एलएलएलआर अस्पताल कानपुर में उसकी मौत हो गई थी। मंगलवार को भाई की तहरीर पर पुलिस ने लोडर चालक व उसके साथियों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने सेल्समैन के शव का जाजमऊ चंदनघाट में अंतिम संस्कार कर दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर मोहल्ला निवासी मुकेश ने तहरीर देकर बताया कि उसका छोटा भाई संतोष एक शीतलपेय कंपनी की एजेंसी में सेल्समैन था। बीती सोमवार दोपहर वह कानपुर के बिल्हौर थानांतर्गत सहबसु गांव निवासी साथी सुमित शुक्ल के साथ बड़ा चौराहा स्थित एक दुकान में माल उतार रहा था। तभी शहर के हिरन नगर मोहल्ला निवासी लोडर चालक राजा तिवारी अपने दो साथियों के साथ पानी की सप्लाई कर रहा था। वाहन आगे पीछे करने को लेकर हुई कहासुनी के दौरान राजा व उसके साथी संतोष को पीटने लगे। बीचबचाव करने आए सुमित को भी पीट दिया। संतोष वाहन के पास खड़ा हो गया। इसी दौरान राजा ने जान से मारने की नियत से संतोष पर लोडर चढ़ाकर गंभीर घायल कर दिया था। इसके बाद वह आईबीपी चौराहा की ओर भाग गया था। घटना की जानकारी होने पर एजेंसी संचालक उसे जिला अस्पताल लाए जहां से उसे एलएलआर अस्पताल कानपुर भेज दिया गया था। जहां उसकी शाम को मौत हो गई।

# माइनर में उतरता मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



विनोद।

**अमृत विचार।** आसीवन थानांतर्गत एक युवक का शव माइनर में उतराता देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव बाहर निकलवाकर जांच की। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देखते ही बेहाल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

- सोमवार रात बिना बताए घर से निकला था युवक

आसीवन थानाक्षेत्र के रामदीन खेड़ा गांव निवासी विनोद उर्फ छोटू पुत्र श्याम लाल सोमवार शाम घर से बिना बताए निकाला था। रात में वह घर नही लौटा। मंगलवार सुबह मल्हीमऊ गांव की पुलिया के पास माइनर के बीच में उसका शव पड़ा देख राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव बाहर निकलवाया। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। युवक के एक बेटा आदर्श और बेटी पायल है। पति की मौत से पत्नी सुमित्रा सहित मां रुक्मिणी रो-रोकर बेहाल हैं। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों का कोई आरोप नहीं है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# मुस्लिम भाइयों ने रोजा रखा, खुदा की इबादत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव




**अमृत विचार।** सुबह शहरी कर मुस्लिम भाइयों ने पहला रोजा रखा। रमजान की पहली तारीख पर जहां सोमवार को देर रात तक बाजारों में रौनक रही। वहीं सुबह से ही रोजेदार नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों का रुख करने लगे, जिससे मुस्लिम बहुलता वाले इलाकों के मार्गों पर लोगों की आवाजाही दिखाई देने लगी। शाम के समय रोजेदारों ने घरों पर ही इफ्तार करते हुए रोजा खोला।

मंगलवार को रोजा रखने के लिए रोजेदार सुबह जल्दी ही बिस्तर छोड़कर शहरी की तैयारियों में जुट गए। इससे आम दिनों की तुलना में मुस्लिम आबादी वाली बस्तियों में सुबह से ही लोगों की आवाजाही दिखाई देने लगी। वहीं नमाज का समय होते ही मस्जिदों में नमाज अदा करने वाले नजदीकी मस्जिद का रुख करने लगे। रोजेदारों ने रमजान का पहला दिन घरों पर रहते हुए अल्लाह की इबादत करते हुए बिताया। रोजेदारों के लिए शहरी से इफ्तार तक हल्क के नीचे कुछ भी उतारने की मनाही होने से पहला दिन कुछ अधिक मुश्किल गुजरता है, लेकिन ऊपर वाले पर भरोसा रखने वालों को पूरा माह बिताने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है।

# बीएसए ने शिक्षक को निलंबित कर गठित की तीन सदस्यीय जांच टीम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- कन्नौज के वरिष्ठ लिपिक मामले को लेकर हुई कार्रवाई
- एंटी करप्शन टीम ने वरिष्ठ लिपिक को किया ट्रैप

**अमृत विचार।** भ्रष्टाचार के आरोप में बीएसए कार्यालय कन्नौज के पकड़े गए वरिष्ठ लिपिक के मामले में बीएसए संगीता सिंह ने जिले के बांगरमऊ ब्लाक में तैनात एक परिषदीय शिक्षक को निलंबित कर दिया है। संबंधित शिक्षक पर विद्यालय को जारी किए गए बजट में धांधली करने का आरोप है। करीब पांच वर्ष पहले शिक्षक को प्रशिक्षण प्रभारी के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट करने को लेकर निलंबित किया जा चुका है।

बीएसए के मुताबिक कन्नौज के बीएसए द्वारा पत्र भेजकर वरिष्ठ लिपिक मामले में जिले के बांगरमऊ ब्लाक के बैरी सादिकपुर स्थित परिषदीय विद्यालय के शिक्षक प्रवीण कुमार पाल की संलिप्तता की जांच कराते हुए कठोर कार्रवाई करने को कहा गया था। इस पर यहां बीएसए ने संबंधित शिक्षक की जांच शुरू कराई। बांगरमऊ के बीईओ ने बीएसए को बताया कि कन्नौज के वरिष्ठ लिपिक की ट्रेपिंग के दिन (29 फरवरी 2024) निरीक्षण के दौरान 12.30 बजे अनुपस्थित पाया गया था। यही नहीं इसके बाद वह एक मार्च 2024 तक बिना किसी सूचना के गायब रहने के बाद अगले दिन विद्यालय पहुंचा था।

बीएसए कन्नौज द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज देखकर न सिर्फ विद्यालय के स्टाफ के अलावा ब्लाक क्षेत्र के अन्य शिक्षकों ने भी संबंधित शिक्षक के होने की पुष्टि की, जिसमें वरिष्ठ लिपिक को एक मुड़ी हुई फाइल में रखकर घूस की रकम देने दिखाया गया था। यही नहीं विद्यालय की जांच में न सिर्फ बजट के दुरुपयोग की पोल खुली, बल्कि शिक्षक द्वारा दायित्वों के निर्वहन में भी लापरवाह ठहराया गया। बीएसए ने शिक्षक को निलंबित करते हुए बीईओ कार्यालय बांगरमऊ से संबद्ध कर दिया है। साथ ही बीईओ सुमेरपुर, बीईओ सिकंदरपुर सरोसी व बीईओ नवाबगंज को शामिल करते हुए जांच कमेटी गठित कर दी है।

# किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को मिली पांच साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहता मुजावर थानाक्षेत्र में किशोरी से छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में विशेष पाक्सो कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया। कोर्ट ने उसे पांच साल की सजा व 40 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने अपनी नाबालिग के साथ गांव के सुशील पुत्र रामभजन पासी पर छेड़छाड़, मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि नौ जून-2021 दोपहर करीब दो बजे गांव के सुशील ने उसकी बेटी को बुलाया और उससे छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करते हुए बेटी ने शोर मचाया तो उसके पति पहुंचे। जिनसे भी सुशील ने मारपीट की। 10 जून 2021 को रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेजा था।

### एनडीपीएस एक्ट के दोषी को एक साल की सजा

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी रामसनेही पुत्र बुधईला को माखी पुलिस ने सन-2021 में मादक पदार्थ (गांजा) के साथ गिरफ्तार किया था। उसके विरुद्ध एसआई स्वदेश कुमार ने एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर नौ अप्रैल-2021 में चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता विनय प्रकाश शुक्ला व मनीष की दलीलों के आधार पर एडीजे अल्पना सक्सेना ने रामसनेही को एक साल की सजा व दो हजार का जुर्माना लगाया है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर पिता-पुत्र को पीटा, दी तहरीर

**सफीपुर उन्नाव।** बालिका से छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में लाठी-डन्डे व ईंट-पत्थर चले। जिसमें दोनों ओर से एक वृद्ध महिला सहित पांच लोगों के सिर फटे और लहुलूहान स्थित में दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे। जहां पीड़िता के पिता की तहरीर लेकर पुलिस ने कार्यवाही शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव ककरौरा निवासी एक युवक शौच के लिए जा रही किशोरी से छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर पीड़िता के परिजन मौके पर पहुंचे और बचाव करने लगे। जिस पर युवक ने पीड़िता के पिता व भाई पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की।

# जुराखन खेड़ा में सिलेंडर में लगी आग, जला गृहस्थी का सामान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



मौके पर मौजूद दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जुराखन गांव में मंगलवार दोपहर एक महिला किचन में खाना बना रही थी, तभी लीकेज सिलेंडर में आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सामान धू धू कर जलने लगा। आग की सूचना दमकल को दी गई। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने किसी तरह आग बुझाई। इस दौरान हजारों का सामान जलकर खाक हो गया।

जुराखन खेड़ा निवासी दुर्गेश के घर में मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसकी भाभी किचन में खाना बना रही थी, तभी लीकेज सिलेंडर में आग लग गई। आग को देख वह शोर मचाते हुये बाहर की होर भागी। जिस पर आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सिलेंडर को धू-धूकर जलता देख कोई आग बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। जिस पर फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने जलते सिलेंडर को किचन से बाहर निकाला और उसकी आग बुझाई। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस दौरान किचन का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

## सार-संक्षेप

### घर में विषखापर निकलने से हड़कंप, युवक ने पकड़ा



विषखापर को हाथ में पकड़े युवक।

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के मिश्रा कॉलोनी मोहल्ले में मंगलवार सुबह एक घर में जहरीला विषखापर घुस गया। जिसे देख घर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। विषखापर की जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने वन विभाग को दी। इसके बावजूद कोई नहीं पहुंचा। जिस पर एक युवक ने किसी तरह उसे पकड़कर बोरी में बंद किया और जंगलों में छोड़ दिया। मिश्रा कॉलोनी निवासी ललित मोहन त्रिपाठी के घर में सुबह दस बजे घर में मौजूद लोगों ने कमरे की दीवार में विषखापर को देखा। विषखापर को देख घर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और सभी शोर मचाते हुये बाहर की ओर भागे। जिस पर आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जहरीले विषखापर की जानकारी वन विभाग को दी गई। सूचना के घंटों बाद भी वन विभाग का कोई कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। जिस पर मोहल्ले के एक युवक ने दस्ताने पहन कर बैठे विषखापर को पकड़ा और बोरी में भरा। जिसके बाद उसे दूर जंगलों में छुड़वा दिया गया।

### युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत एक किन्नर के साथ रहने वाले युवक का शव गांव के पास पेड़ में लटका देख लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचा किन्नर उसे इलाज के लिए ले जाता इससे पहले उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। बता दें कि अमेठी जिला के थाना पीपरपुर थानांतर्गत छोटा इब्राहिमपुर निवासी इस्तीयार (21) पुत्र मोहम्मद शकील का अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सराय चंदन गांव निवासी किन्नर दीपक उर्फ निशा से करीब सात महीने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती हो गई थी। इसके बाद से युवक अपना गांव छोड़कर किन्नर के साथ रह रहा था। मंगलवार देरशाम युवक और किन्नर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद युवक घर से बिना कुछ बताए निकल आया। कुछ देर बाद उसका शव गांव के बाहर बाग में आम के पेड़ में लटका मिला। फंदे से शव लटकता देख लोगो में सनसनी फैल गई। सूचना पर किन्नर पहुंचा और उसे फंदे से उतार कर इलाज के लिए ले जाने लगा। लेकिन इससे पहले उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। एसएचओ अजगैन अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बच्चों को छोड़कर लौट रही स्कूल वैन में लगी आग



धू-धूकर जलती वैन।

**फतेहपुर चौरासी।** छात्रों को घर छोड़कर लौट रही एक स्कूली वैन में अचानक आग लग गई। इसमें वैन धू-धूकर जलने लगी। प्रबंधक ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ऊगू कस्बा में संचालित शिवराज पटेल पब्लिक मेमोरियल स्कूल की वैन मिट्ठूखेड़ा गांव के पास बने रेलवे अंडर पास के नीचे अचनाक धू-धूकर जलने लगी। राहगीरों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। हालांकि ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वहीं, स्कूल के प्रबंधक पियूष पटेल ने बताया कि ड्राइवर के अनुसार शार्टसर्किट होने से वैन जल गई है। वैन बच्चों को छोड़कर लौट रही थी। तभी अचानक यह घटना हो गई।

### जयपुरिया क्रॉसिंग पर मालगाड़ी से कटा अधेड़, रुकी वंदेभारत

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार शाम कानपुर जयपुरिया क्रासिंग के पास एक अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ट्रैक पर शव पड़ा होने के कारण गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर लखनऊ से कानपुर की ओर जा रही वंदेभारत समेत कई ट्रेने खड़ी रही। शव हटने के बाद ट्रेनें रवाना हो सकी। कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित गेट नंबर 42 जयपुरिया क्रासिंग के पास मंगलवार शाम करीब शाम 4:45 बजे एक अधेड़ मालगाड़ी की चपेट में आने से कट गया। शव ट्रैक पर पड़ा होने के कारण मालगाड़ी खड़ी रही।

आपदा — गंगा रेती में फसलें डूबने से किसानों को हुआ भारी नुकसान, अब खर्च की सता रही चिंता

# बढ़ा गंगा का जलस्तर, जायद की फसल डूबी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



गंगा का जलस्तर बढ़ने से डूबी फसल। अमृत विचार

- 108 मीटर के ऊपर पहुंचा गंगा का जलस्तर

**अमृत विचार।** गंगा रेती में सैकड़ों किसानों ने उम्मीदों की जायद फसल बो रखी थी। जो अब धीरे-धीरे तैयार हो रही है। होली के बाद फसलों में कद्दू, खीरा, ककड़ी आदि सब्जियां आनी शुरू हो जाती हैं। इधर पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से पानी छोड़ा गया। जिस कारण शुक्लागंज की ओर गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जलस्तर बढ़ने के कारण कई किसानों की जायद की फसल जलमग्न हो गई। जिससे उन्हें हजारों का नुकसान पहुंचा है।

गंगा की रेती में शंकरपुर सरायं, सन्नी सरायं, लक्ष्मी खेड़ा, कन्हवापुर, गगनी खेड़ा, मनसुख खेड़ा, चंपापुरवा, गोताखोर, तेजीपुरवा, मनोहर नगर, मंशा खेड़ा, नाथू खेड़ा, पीपर खेड़ा, झब्बू पुरवा, लोचन खेड़ा, रजवा खेड़ा आदि तमाम गांव मजरों के हजारों किसानों ने बैराज रेती से लेकर जाजमऊ पुल के आगे तक रेती की खेती की थी। जिसमें खीरा, ककड़ी, तरबूज, कद्दू, करेला, लौकी खरबूजा, टमाटर, तरोई आदि की फसलें बोई रखी हैं। जो धीरे-धीरे तैयार हो रही है। इधर कई बार हुई झमाझम बारिश के कारण पश्चिम के बांधों में पानी अधिक हो गया। जिस कारण बराबर पानी छोड़ा जा रहा है। मंगलवार को बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण बैराज से लेकर जाजमऊ तक तमाम किसानों की जायद की फसलें जलमग्न हो गई। जिससे किसानों को हजारों का नुकसान हुआ है। वहीं केन्द्रीय जल आयोग के अनुसान सोमवार शाम गंगा का जलस्तर 107.810 मीटर मापा गया था। जो मंगलवार सुबह 108 मीटर के ऊपर पहुंच गया और 108.470 मी मापा गया। पूरे दिन इसी तरह गंगाा का जलस्तर बढ़ता रहा।

### जलस्तर बढ़ने से पंडों की झोपड़ियों तक पहुंचा पानी

गंगा का जलस्तर इधर काफी कम हो गया था, जिस कारण मिश्रा कॉलोनी से लेकर नमामि गंगे घाट तक पंडों ने तट के किनारे अपनी झोपड़ियां डाल दी थी। सोमवार से मंगलवार के बीच तेजी से जलस्तर बढ़ा। जिस कारण कई पंड़ों की झोपड़ियां तक पानी पहुंच गया। देर शाम पंडे अपनी झोपड़ियां हटाते रहे।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- सफीपुर कोतवाली के अंतर्गत सफीपुर ग्रामीण गांव के मजरा मोही खेड़ा का मामला

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का शव घर से थोड़ी दूर स्थित बाग में लगे पेड़ में गमछे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने युवक की मौत पर हत्या का शक जाहिर किया है।

सफीपुर ग्रामीण गांव के मजरा मोही खेड़ा निवासी अनिल (20) पुत्र स्व. शंकर का शव मंगलवार दोपहर घर से थोड़ी दूर गांव निवासी नन्हा के बाग में लगे आम के पेड़ में उसके गमछे से संदिग्ध परिस्थिति में लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। युवक के पिता की कुछ दिन पहले मौत हुई थी। अभी परिजन उसी सदमे में थे। अब जवान बेटे की असमय मौत ने सभी को झकझोर दिया। बताया जाता है कि शंकर ने दो शादियां की थीं। पहला विवाह फूलमती से किया था जिसकी करीब 16 साल पहले मौत हो गयी थी। इसके बाद उसने शारदा से शादी की थी। उससे एक बेटा है। कुल मिलाकर दो पत्नियों से एक बेटी व बेटे हैं। युवक के सगे भाई विजय ने उसकी हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। चर्चा है कि पिता की मौत के बाद से सौतेली मां के बीच एक मकान को लेकर विवाद चल रहा था। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताता कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रदोषे दीपक : चन्द्र :,प्रभाते दीपक :रवि : ।
त्रैलोक्ये दीपक :धर्म :, सुपुत्र : कुलदीपक : ।।

संध्या काल में चन्द्रमा दीपक है, प्रभात काल में सूर्य दीपक है, तीनों लोकों में धर्म दीपक है और सुपुत्र कूल का दीपक है।

## संपादकीय

# सीएए का विरोध

लंबे इंतजार और तमाम विरोध के बाद सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरे देश में लागू कर दिया गया। वर्ष 2019 में सीएए दोनों सदनों से पास हुआ था जिसके बाद देश में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में कई महीने तक धरना प्रदर्शन चला था। विरोध के पीछे यह तर्क दिया जा रहा था कि यह कानून मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा। इसी तर्क के साथ सीएए के लागू होने के बाद फिर विरोध शुरू होने लगा है। कानून लागू होने के बाद देश की राजनीति गरमा गई है। विपक्षी पार्टियां विरोध में उतर आ आईं हैं। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि वे बंगाल में इस कानून को लागू नहीं करेंगी। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी कानून का विरोध करते हुए इसको राज्य में न लागू करने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में लाभ के लिए तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। इस कानून को लागू करने से भाजपा को आगामी चुनाव में कितना फायदा मिलेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन विपक्षी पार्टियों के विरोध के बाद सवाल उठता है कि संसद द्वारा पारित कानून को लागू न करने की बात कहना कितना सही है। सर्वविदित है कि संसद द्वारा पारित किसी भी कानून को कोई भी राज्य सरकार राज्य में लागू होने से नहीं रोक सकती है। उसके बाद भी यह कहना कि हम राज्य में कानून लागू नहीं होने देगें, जनता को बरगलाने के सिवाय और कुछ नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार इस बात का आश्वासन दिया जाता रहा है कि यह नागरिकता देने वाला कानून है न कि नागरिकता छीनने का कानून।

गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता मिल सकती है। इन देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदायों के व्यक्ति जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था, कानून के तहत नागरिकता मांग सकते हैं। कानून का विरोध करने वालों का यह कहना है कि इस कानून में बाहर से आए मुसलमानों को नागरिकता देने का प्रावधान क्यों नहीं है? जबकि भारत की संस्कृति में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा रही है। यह बात सही है कि भारतीय संस्कृति समस्त धरती को अपना घर मानती आई है, लेकिन क्या यह सत्य नहीं है कि बांग्लादेश से आए रोहिंग्या मुसलमानों ने अवैध रूप से देश में कब्जा नहीं कर रखा है, जो आए दिन देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न पाए जाते हैं। यही स्थिति पाकिस्तान से आए लोगों की है, जो आए दिन देश की संप्रभुता व शांति को चुनौती देते हैं। देश की पार्टियों और विरोध करने वाले संगठनों को स्वहित में सोचने के बजाय देश हित सोचना चाहिए।

# धर्म: मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना।

अनेक लोग हैं जो कार्ल मार्क्स के धर्म संबंधी विचारों को विकृत रूप में व्याख्यायित करते हैं। वे मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं को गलत देखते हैं फिर सभी मार्क्सवादियों पर हमला आरंभ कर देते हैं। सवाल यह है क्या मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं से धर्म की कोई सही समझ बनती है? क्या दुनिया में मार्क्सवादी धर्म के बारे में एक ही तरह सोचते हैं? कार्ल मार्क्स ने अपनी धर्म संबंधी मान्यताओं का विकास हेगेल की न्याय संबंधी मान्यताओं के मूल्यांकन के क्रम में किया था। मार्क्स ने लिखा, धार्मिक व्यथा, एक साथ वास्तविक व्यथा की अभिव्यक्ति तथा वास्तविक व्यथा का प्रतिवाद दोनों हैं।

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना। मौजूदा हालात के संबंध में भ्रमों का परित्याग करने की मांग उन हालात के परित्याग की मांग करती है जिनके लिए भ्रम जरूरी बन जाते हैं। अतः धर्म की आलोचना भ्रूण रूप में आंसुओं की घाटी, धर्म जिसका प्रभामंडल है, की आलोचना है। यानी धर्म के अंत की शर्त है वास्तविक सुखों की सृष्टि, जब तक वास्तविक सुख पैदा नहीं कर पाते तब तक धर्म रहेगा। आम लोगों के दुख रहेंगे और आंसू भी रहेंगे। मार्क्स ने धर्म को उत्पीड़ित प्राणी की आह के रूप में देखा। धर्म के अंत का अर्थ है मनुष्य के दुखों का अंत। इस अर्थ में धर्म और दुख का गहरा संबंध है।

मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा है, "अधार्मिक आलोचना का आधार है: मनुष्य धर्म की रचना करता है, धर्म मनुष्य की रचना नहीं करता है। धर्म मनुष्य की स्व-चेतनता और स्व-प्रतिष्ठा है, ऐसे मनुष्य की जो अभी तक अपने आपको जान नहीं पाया है या फिर फिर से भटक गया है, लेकिन मनुष्य जिसने इस संसार से बाहर पड़ाव डाल रखा हो, कोई अमूर्त प्राणी नहीं है। मनुष्य तो मनुष्य का संसार,राज्य और समाज है। मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा-धर्म, संसार का सामान्य सिद्धांत है, वह इसका सर्वज्ञान गुटका है, इसकी लोकप्रचलित तर्कपद्धति है, इसका आध्यात्मिक कीर्ति शिखर है, इसकी उमंग है, इसकी नैतिक स्वीकृति है, इसका भव्य अभिनंदन है, यह संतोष और औचित्य स्थापना का सार्वभौमिक स्रोत है। यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, यद्यपि इसके मानवीय सारतत्व में सच्ची वास्तविकता निहित नहीं है। अतः धर्म के विरूद्ध संघर्ष का मतलब है, उस संसार के विरूद्ध किया जाने वाला परोक्ष संघर्ष, धर्म जिसकी आध्यात्मिक सुरभि है। यानी धर्म को समग्रता में देखना चाहिए,उसे अंशों में नहीं देखना चाहिए। इसलिए मार्क्स ने धर्म को सर्वज्ञान गुटका कहा है। धर्म मात्र पूजा या ईश्वर नहीं है, बल्कि उसका एक तर्कशास्त्र है, संस्कार है, यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, धर्म के खिलाफ लड़ने का अर्थ है उसके द्वारा रचे संसार के खिलाफ संघर्ष करना।

अनेक धर्म विरोधी लोग अपनी संतई चमकाने के लिए धर्म के अंश विशेष की आलोचना करते हैं, लेकिन धर्मरचित समग्र संसार की आलोचना से कन्नी काटते हैं। इस प्रसंग में प्रेमचंद उल्लेखनीय हैं, उन्होंने लिखा है, इस अनीति भरे संसार में धर्म-अधर्म का विचार गलत है, आत्मघात है और जुआ खेलकर या दूसरों के लोभ और आसक्ति से फायदा उठाकर संपत्ति खड़ी करना उतना ही बुरा या अच्छा है जितना कानूनी दांव-पेंच से। भारत के देवभक्तों को प्रेमचंद के इस कथन पर गौर करना चाहिए। देवता हमेशा रहेंगे और हमेशा रहे हैं। उन्हें अब भी संसार धर्म और नीति पर चलता हुआ नजर आता है। वे अपने जीवन की आहुति देकर संसार से विदा हो जाते हैं,लेकिन उन्हें देवता क्यों कहो? कायर कहो, स्वार्थी कहो, आत्मसेवी कहो। देवता वह है,जो न्याय की रक्षा करे और उसके लिए प्राण दे दे। अगर वह जानकर अनजान बनता है तो धर्म से फिरता है, अगर उसकी आंखों में यह कुव्यवस्था खटकती ही नहीं तो वह अंधा भी है और मूर्ख भी, देवता किसी तरह नहीं और यहां देवता बनने की जरूरत भी नहीं।

देवताओं ने ही भाग्य और ईश्वर और भक्ति की मिथ्याएं फैलाकर इस अनीति को अमर बनाया है। मनुष्य ने अब तक इसका अंत कर दिया होता या समाज का ही अंत कर दिया होता, जो इस दशा में जिंदा रहने से कहीं अच्छा होता। नहीं, मनुष्यों में मनुष्य बनना पड़ेगा। दरिंदों के बीच में उनसे लड़ने के लिए हथियार बांधना पड़ेगा। उनके पंजों का शिकार बनना देवतापन नहीं, जड़ता है। आज जो इतने ताल्लुकेदार और राजे हैं वह अपने पूर्वजों की लूट का ही आनंद तो उठा रहे हैं और क्या उन्होंने वह जायदाद बेचकर पागलपन नहीं किया? पितरों को पिंडा देने के लिए गया जाकर पिंडा देना और यहां आकर हजारों रुपए खर्च करना क्या जरूरी था? और रातों को मित्रों के साथ मुजरे सुनना और नाटक-मंडली खोलकर हजारों रुपए उसमें डुबाना अनिवार्य था? वह अवश्य पागलपन था। उन्हें क्यों अपने बाल-बच्चों की चिंता नहीं हुई? अगर उन्हें मुफ्त की संपत्ति मिली और उन्होंने उड़ाया तो उनके लड़के क्यों न मुफ्त की संपत्ति भोगें? अगर वह जवानी की उमंगों को नहीं रोक सके तो उनके लड़के क्यों तपस्या करें?"

न्याय-अन्याय के सवाल आज भी प्रासंगिक हैं इस पर प्रेमचंद ने लिखा, कहां है न्याय? एक गरीब आदमी किसी खेत से बाली नोचकर खा लेता है, कानून उसे सजा देता है। दूसरा अमीर आदमी दिन-दहाड़े दूसरों को लूटता है और उसे पदवी मिलती है, सम्मान मिलता है। कुछ आदमी तरह-तरह के हथियार बांध कर आते हैं और निरीह, दुर्बल मजदूरों पर आतंक जमाकर अपना गुलाम बना लेते हैं। लगान, टैक्स व महसूल और कितने ही नामों से उसे लूटना शुरू करते हैं और आप लंबा-लंबा वेतन उड़ाते हैं, शिकार खेलते हैं, नाचते हैं, रंग-रेलियां मनाते हैं। यही है ईश्वर का रचा हुआ संसार? यही न्याय है?

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिकयुग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।


नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिक युग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

## प्रसंगवश

# मनुष्य और व्यवहार

मनुष्य का चिंतन और व्यवहार रहस्यों से भरा हुआ है। मनुष्य महसूस कर सकता है कि वह स्वतंत्र है, किंतु वस्तुतः है नहीं। वह बाह्य जगत से, अपने परिवेश से तो बंधा है ही, स्वयं से भी बंधा है। आंतरिक बंधन जितना महीन उतना ही मजबूत।

मनुष्य को साधारणतः उसका एहसास ही नहीं होता। होश संभालने का मतलब स्वयं का और बाह्य जगत का पार्थक्य-बोध। बाह्य जगत से मनुष्य भले स्वतंत्र हो जाए,स्वयं से स्वतंत्र होना असंभव। असली बंधन वही है। एक उदाहरण। सुसंगतता और लोकप्रियता का द्वंद्व सुसंगत बने रहने के लिए मनुष्य को जेन्यूइन,तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ होना पड़ता है। उसकी प्रतिबद्धता अंदरूनी होती है,वह उसका झंडा नहीं गाड़ता। हर मुद्दे पर परस्पर सुसंगत स्टैंड लेना उचित, तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ हुए बिना असंभव है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यदि लोक स्वीकृति की भूख लगातार बनी रहे तो कोई सुसंगत नहीं रह सकता। लोक-स्वीकृति समय के प्रवाह के साथ रुख बदलने को बाध्य करती है। सुसंगतता और लोक स्वीकृति में से एक का चयन करना पड़े तो? इस तरह के चयन की सुविधा मनुष्य को उपलब्ध नहीं,क्योंकि वह करेगा वही जो उसकी मानसिक संरचना और अंतर्निहित प्रवृत्ति के अनुरूप होगा। यानी उसकी चेतना की प्रकृति में निहित होगा। स्वयं के संबंध में वह विवश है, जिसे लोक-स्वीकृति चाहिए,उसे सुसंगतता की परवाह नहीं होगी। उसके लिए सुसंगतता वहीं तक जहां तक वह लोक-स्वीकृति के साथ चल सके। जिसे सुसंगतता की परवाह होगी, उसके लिए सुसंगतता अपने आप में साध्य बन जाएगी।

लोक स्वीकृति उसे काटेगी नहीं, किंतु दोनों में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न होने पर उसे कोई द्वंद्व नहीं होगा। कोई चयन या कोई निर्णय नहीं करना पड़ेगा। वह स्वतः सुसंगतता की ओर झुक जाएगा। परस्पर असंगत स्टैंड उसे जीने ही नहीं देगा। बेचारा मनुष्य! न अच्छा बनने लिए स्वतंत्र, न बुरा। बस मुगालता पाल सकता है। मनुष्य स्वयं के बारे में मुगालते में रहने के लिए नियतिबद्ध है और इस नियतिबद्धता से गाफिल भी। रहस्य में रहस्य!

# जार बनने की राह पर पुतिन



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं।

हिलेरी क्लिंटन अपनी किताब "हार्ड च्वॉइसेस" में लिखती हैं: दूसरे विश्व युद्ध के दौरान एक रूसी योद्धा मोर्चे से घर वापस आया। जब वह अपने घर के नजदीक पहुंचा जहां वो रहता था, उसने सड़क पर कई लाशें देखीं जिन्हें कुछ आदमी ट्रकों में लाद रहे थे, जब वो नजदीक पहुंचा, उसने एक औरत की टांगे देखीं जिसने वही जूते पहने थे जिन्हें वो जानता था कि उसकी पत्नी के हैं। वो भागा और अपनी पत्नी की लाश मांगी। कुछ देर बहस के बाद उन लोगों ने उसे वो लाश दे दी और वो सिपाही अपनी पत्नी की लाश अपनी बांहों में उठाए वापस आ गया। थोड़ी पड़ताल करने पर उसे पता लगा कि वो जीवित है। वो उसे घर लाया, उसकी सेवा की और वापस तंदुरुस्त कर दिया।

आठ साल बाद 7 अक्टूबर 1952 को उनके यहां ब्लादिमीर पुतिन का जन्म हुआ। ये कहानी सोशल मीडिया पर खूब लोकप्रिय हुई थी, पर इसके आगे शायद लोगों को ये पता न हो कि पुतिन बस जन्मते नहीं हैं न बनाए जाते हैं वो खुद पुतिन बनना चुनते हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के दादाजी स्परइडॉन इवानोविच दरअसल लेनिन और स्टालिन के पर्सनल शेफ थे। द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी मां के ग्रेनेड हमले में घायल हो जाने के बाद उनके पिता ने उनकी बहुत सेवा की। वह एक फैक्ट्री में काम करते थे और उनकी मां ने कुछ दिनों तक गलियों में झाड़ू लगाने का काम भी किया।

पुतिन उन्हीं गलियों में वे एक स्ट्रीट फाइटर और चालाक बच्चों के रूप में पहचाने जाते थे। तब उनके पिता केजीबी में काम करने लगे थे। बड़े होने पर उन्होंने सोवियत खुफिया सेवाओं में केजीबी अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। 1989 में उन्होंने बर्लिन की दीवार का पतन देखा तब वह पूर्वी जर्मनी में ड्रेसडेन में थे। दो साल के बाद ही सोवियत संघ के पतन के साथ पुतिन व 8 लाख कर्मचारी और अधिकारी पूरी तरह बर्बाद हो गए। लेनिनग्राड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद पुतिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ सोवियत संघ के सदस्य बन गए थे और साथ ही वे खुफिया एजेंसी केजीबी में एक मामूली पद पर नौकरी भी करने लगे थे। वहां वे लेफ्टिनेंट कर्नल तक की रैंक पर पंहुच गए थे।

1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही उन्होंने केजीबी से इस्तीफा दिया और अपना राजनीतिक कैरियर शुरू किया। वह सेंट पीटर्सबर्ग के मेयर ऑफिस में कमेटी ऑफ फॉरेन रिलेशंस के लिए चुने गए और उसके हेड बने इसके बाद 1994 से 1996 के बीच में वह सेंट पीट्सबर्ग में कई सरकारी पदों पर रहे और 1996 में मास्को चले गए जहां वे तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के प्रशासन से जुड़ गए। 1999 में कुछ समय के लिए वह प्रधानमंत्री रहे और फिर बोरिस येल्तसिन के इस्तीफे के बाद वे राष्ट्रपति बने। इसके बाद 2004 से 2008 तक फिर 2012 से लेकर आज तक राष्ट्रपति पद पर बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। इतने लंबे समय तक किसी शक्तिशाली देश में किसी एक व्यक्ति का प्रमुख पद पर बना रहना बेहद आश्चर्यजनक होता है। पुतिन चिंगारी को सुलगने ही नहीं देते हैं वे देश को अंतर्राष्ट्रीय मसलों में उलझाकर रखते हैं ताकि लोगों का ध्यान देश की समस्याओं पर न जाएं, जो भी आवाज उठाने की हिम्मत करता है उसका अंत किसी एक्सीडेंट या किसी और तरीके से आराम से ऐसे समय में किया जाता है जबकि जनता का जोश कम पड़ गया होता है। एक मजबूत नेता के रूप में पुतिन की छवि रूस के लोगों को आकर्षित करती है। इसीलिए इतने सालों से वे सत्ता के शीर्ष पर जमे हुए हैं। वे ताकत दिखाने से कभी गुरेज नहीं करते उनका कहना है कि लड़ाई करनी है तो पहले पंच खुद मारना होगा। वे जनता से जुड़कर उनके दिल में जगह बनाना भी जानते हैं।

पिछले साल अगस्त में वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रेगोझिन की दस लोगों के साथ विमान हादसे में मृत्यु हो गई। जबकि प्रेगोझिन को कभी पुतिन का करीबी और शेफ कहा जाता था। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में भी प्रेगोझिन पुतिन के साथ थे। ज्ञात रहे कि जून 2023 में वेगनर चीफ ने अपनी आर्मी के साथ रूस के शहर रोस्तोव ऑन डॉन पर कब्जा कर लिया था। हालांकि वे चौबीस घंटे में ही विद्रोह समाप्त कर चुके थे, पर पुतिन कभी विद्रोहियों को हल्के में नहीं लेते हैं।

अभी पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं। वे रूस की जनता की सहानुभूति ले चुकी हैं। लोगों को श्रद्धांजलि देने से रोका जा रहा है। इसलिए भी पुतिन की ओर उंगलियां उठनी शुरू हो चुकी हैं।

## सोशल फोरम

# पीड़ित शिक्षक

भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे।

विधानसभा में मुख्यमंत्री कहते हैं कि स्कूलों में पढ़ाई नौ से पांच के बदले दस से चार तक चलेगी। एक वीडियो में पाठक जी भी यही दुहराते हैं, लेकिन आजतक इससे संबंधित अधिसूचना जारी नहीं हुई है। शिक्षक पीड़ित हैं और सरकार शिक्षा को फुटबॉल बनाकर खेल रही है। दूर-दराज स्थित स्कूलों को समय पर पकड़ने के लिए शिक्षक भोरे घर से निकलते हैं और अंधेरा होने पर लौटते हैं। सरकार की दृष्टि में शायद यही शिक्षा का उत्थान है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आठ घंटे स्कूल में बैठकर गंवाने से बेहतर है दो घंटे जमकर बच्चों के साथ मेहनत करना। पांच से छह घंटे पर्याप्त हैं पढ़ाई के लिए, मगर चुनावी तिकड़मों में व्यस्त सरकार को फुर्सत कहां कि देखें स्कूलों में क्या हो रहा है? जनता के करोड़ों-अरबों रुपए शिक्षा में पानी की तरह बहाए जा रहे हैं और उपलब्धि शून्य के करीब है। अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां के प्रधानाध्यापक इतने अक्षम हैं कि उनके पास कोई वर्ग तालिका ही नहीं है। न वर्ग करवाने में उनकी रुचि है। कुछ सजग बच्चे शिक्षक-शिक्षिकाओं के पास जाते हैं। वर्ग लेने का आग्रह करते हैं। अगर शिक्षकों का मन हुआ तो वर्ग लेने जाएंगे, वरना किसी और के पास भेज देंगे। भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे। जिस देश की राजनीतिक प्रणाली भ्रष्ट हो, उस देश में शिक्षा-प्रणाली अच्छी हो,यह असंभव है। राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव के लिए प्रशांत किशोर अथक परिश्रम कर रहे हैं। जिन्हें बिहार की दशा सुधारने में दिलचस्पी हो, उन्हें उनसे बात करनी चाहिए और संतुष्ट होने पर उन्हें मजबूती देनी चाहिए। मेरी दृष्टि में इस राक्षसी राजनीति को शिकस्त देने का एक अच्छा अवसर हाथ आया है। इसमें चूकना नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर भारतीय महिलाएं



प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं।

आधुनिक युग नवजागरण का युग है। संपूर्ण विश्व में महिला स्वातंत्र्य का युग चल रहा है। इसका प्रभाव भारत की महिलाओं पर भी पड़ा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं पर। 21 वीं शताब्दी में ग्रामीण महिला जागरण और जागरुकता में पर्याप्त प्रगति दृष्टिगोचर हो रही है। इसका मुख्य कारण महिला शिक्षा में विकास है।

आज की ग्रामीण क्षेत्र महिलाएं ग्रामीण संस्कृति को ध्यान में रखते हुए आधुनिकता के परिवेश में जी रही हैं। वह अनेक समस्याओं के साथ संघर्ष कर रही हैं। उन्हें सामाजिक समस्याओं के साथ-साथ आर्थिक समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इसीलिए उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में या गांव से बाहर नौकरी करनी पड़ रही है। वह परिवार को आर्थिक संकट से उबारने का प्रयत्न भी कर रही हैं।

महिलाओं के नौकरी करने से जहां परिवार का जीवन सुखद एवं संपन्न बनता जा रहा है वहीं अनेक समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। इस कारण उनके परिवार को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिनकी अपेक्षा की जाती है। उनके बच्चे सहज स्नेह से वंचित रह जाते हैं। परिवार के वातावरण में एक अनकहा तनाव भी व्याप्त हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को नौकरी करते हुए सादा जीवन उच्च विचार पर अमल करना लाभदायक तो होता है, किंतु गांव के परिवेश के साथ-साथ नौकरी कर पाना उतना ही कठिन भी होता है। भारतीय महिलाओं के विकास की गति आज भी धीमी है। इसका कारण हमारे पूर्वजों का महिलाओं को किसी प्रकार की स्वतंत्रता देने का विरोधी होना है। वैदिक काल में स्त्रियों को देवी, सहधर्मिणी, सहचरी आदि का दर्जा प्राप्त था। पौराणिक काल में महिलाओं को शक्ति स्वरूपा कहकर उनकी पूजा की जाती थी, परंतु 11 वीं शताब्दी से लेकर 19 वीं शताब्दी के मध्य का युग स्त्री जाति के लिए अभिशाप बनकर आया, उनके विकास, सम्मान और सशक्तिकरण पर गहरा आघात हुआ। मुगल शासन, सामंती व्यवस्था, विदेशी आक्रमण, विलासिता पूर्ण जीवन राजाओं का मुख्य उद्देश्य रह गया और इसी कारण बाल विवाह, पर्दा प्रथा और अशिक्षा आदि का जन्म हुआ। शासकों की विलासिता पूर्ण प्रवृत्ति ने महिलाओं को केवल उपभोग की वस्तु बनाकर रख दिया और महिलाओं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया और समय के साथ यह सभी सामाजिक कुरीतियां में परिवर्तित हो गई जिससे महिलाओं का निजी एवं सामाजिक जीवन अभिशाप बन गया। ब्रिटिश काल में से महिलाओं के पुनरुत्थान का समय प्रारंभ हुआ जिसमें महिला सुधार से संबंधित कई प्रकार के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन किए गए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरकार द्वारा महिलाओं के हित में कई योजनाएं तथा विकासात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया गया। महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्य धारा में समाहित किया गया, महिलाओं ने शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि में विभिन्न प्रकार के नए आयामों तय किए। आज महिलाएं एक ही दायरे में न रहकर केवल शिक्षक, नर्स, डॉक्टर न बनाकर इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, टेक्नीशियन, पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। यद्यपि आधुनिक काल में महिलाओं में शिक्षा का पर्याप्त विकास हो रहा है, किंतु परंपरागत परिवेश के कारण महिलाओं के प्रति और स्वयं महिलाओं के विचारों में विशेष परिवर्तन नहीं आया है। उन्हें चाहिए कि वह पुरुषों के वर्चस्व रूपी विचार से स्वयं मुक्त होकर न्याय और समानता के तत्व पर अपना दृष्टिकोण विकसित करें। देखा जाए तो महिलाओं की संख्या अल्पमत में नहीं है, फिर भी उनकी प्रगति, उनका योगदान अल्पमत में दिखाई प्रतीत होता है।

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक अनेक महिला नेताओं का योगदान उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता के पश्चात लगभग हर क्षेत्र में भारतीय महिलाओं ने सहभागिता ही नहीं की है,अपितु अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी किया है, जो क्षेत्र महिलाओं के लिए वर्जित माने जाते थे वहां भी महिलाओं की भागीदारी हुई और आशानुरूप परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। फिर भी सामाजिक समानता और समरसता के लिए पुरुष वर्ग की मानसिकता में परिवर्तन होना आवश्यक है।

# गाली का संबोधन और मित्र

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था।

1988 की बात है। हमारे एक मित्र के पिता एमएलसी थे और यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभापति भी। फ्लैट और गाड़ी सरकार ने दे रखी थी। इस कुर्सी पर किसी भी प्रकार की सुविधा की कोई कमी नहीं होती, जो चाहा, हाजिर हो गया, लेकिन वो ऊंची सोच वाले सरल और मृदुभाषी व्यक्ति थे।

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था। उन दिनों हम मोपेड धारी हुआ करते थे, जो दस साल से बराबर चल रही थी, लेकिन कभी- कभी बीमार भी हो जाती थी। कुल मिलाकर जैसे-तैसे वो हमारा बोझ उठा रही थी। दो का बोझ उठाना नामुमकिन था। समारोह के लिए हम लेट हो रहे थे। जाना भी दूर था। हमने मित्र से कहा पापा की कार ले लो। मित्र ने कहा कोई फायदा नहीं, कार भले सरकारी है, लेकिन पापा किसी को हाथ नहीं लगाने देते। हमने थोड़ा जोर दिया, हालात के दृष्टिगत शायद मान जाएं। मित्र ने कहा- ठीक है, तुम्हारी तसल्ली के लिए मांग लेता हूं। मित्र ने सकुचाते हुए पापा से विनती की, उन्होंने ध्यान से बात सुनी पुत्र को सर से पांव तक घूरा। फिर हमें भी घूरा, जेब में हाथ डाला। दस-दस के पांच नोट गिनकर पुत्र के हाथ पर रख दिए, रिक्शे या टेम्पो से चले जाओ। हाल ही में हमारे उन्हीं मित्र का 75वां जन्मदिन है। मित्र सिर्फ हमारे ही नहीं अनेक के हैं। वैसे मित्र हो या बैरी सबके दुःख-सुख में सबसे पहले हाजिर होते हैं। पूरे तन-मन और धन के साथ बरसों हम कर्मचारियों के अध्यक्ष रहे और महामंत्री भी, गालियां उनके मुंह से फूलों की तरह झरती हैं। जिस दिन गाली से संबोधन न दें समझो नाराज हैं।



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

# न्यू कंचौसी व न्यू अछल्दा स्टेशन का पीएम ने किया उद्घाटन

## वर्चुअल लोकार्पण कर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर रेलवे प्रोजेक्ट लटकाने का लगाया आरोप, कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी रहे मौजूद

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** डेडिकेटिड फ्रेट मॉल कॉरिडोर के न्यू खुर्जा, न्यू साहेनवाल पूर्वी गलियारा और न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद से 85 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 650 किमी लंबे रेलवे के मॉल कॉरिडोर के बनने से देश के 6 राज्य सीधे जुड़ जाएंगे। दो गुनी स्पीड से मालगाड़ियां एक जगह से दूसरी जगह जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने रेल लाइनों के विद्युतकारण 19 रेलवे वर्क शॉप, 10 हजार मानव रहित रेलवे फाटक को आधुनिक बनाने और तमाम रेलवे स्टेशनों को सूर्य ऊर्जा से संचालित करने समेत 85 हजार करोड़ रुपये की योजनाए राष्ट को समर्पित की। जिससे मॉल कॉरिडोर के किनारे उद्योग लगाने का काम तेजी से किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल की सरकार ने रेलवे का कायाकल्प करके हर रूट पर वंदे भारत, आस्था स्पेशल, आमरत भारत ट्रेनें चलाकर दिखा दिया है कि पांच साल में देश को विकसित देशों की कतार खड़ा होगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने काग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा की इतने सालों में कांग्रेस पार्टी की सरकार में रेलवे की तमाम परियोजनाएं लटकाती और भटकाती रही। इस मौके पर न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन पर डीएफसी द्वारा पंडाल और मंच सजा कर पीएम मोदी के लोकार्पण कार्यक्रम का गुजरात से वर्चुअल सीधा प्रसारण बड़ी स्कीन पर किया गया। जहां तमाम जनप्रतिनिधि रेलवे के अधिकारी क्षेत्र भर के लोग मौजूद रहे। समारोह में मुख्य अतिथि रसूलाबाद की विधायक पूनम संखवार, सहार ब्लाक प्रमुख ऋषि सिंह, मुख्य परियोजना प्रबंधक मनोहर अग्रवाल, रेलवे कानपुर के अधिकारी एडीईएन ए.के गुप्ता आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। डॉल्स डिलाइट पब्लिक स्कूल कंचौसी के बच्चो ने देश भक्ति गीतों पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर मंगलपुर थानाध्यक्ष जनार्दन सिंह, रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी प्रधानाचार्य उपेंद्र चतुर्वेदी, प्रधान अनुपम गुप्ता, प्रधान ब्रजेश राजपूत समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डीएफसी के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक ओझा ने किया।



वर्चुअल भाषण देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अमृत विचार


न्यू रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधि व बच्चे। अमृत विचार


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### सुबह लगभग दस बजे प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

औरैया नव निर्मित न्यू अछल्दा के नाम से बनी रेलवे स्टेशन का मंगलवार सुबह करीब 10 बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यक्रम को रेलवे स्टेशन पर लगायी गयी। एलईडी की बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री संबोधन दिखाया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के पहले एवं दूसरे कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुये कहा कि हमारी सरकार में भरपूर विकास किया गया है। सरकार की तमाम योजनाओं से लोग लाभान्वित भी हो रहे हैं। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांसद ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय सांसद रामशंकर कठेरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार व मोदी सरकार योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा रही है। प्रदेश में पिछली सरकारों द्वारा बनाया गया भय के वातावरण को योगी सरकार ने खत्म कर दिया है। अब आम नागरिक भयमुक्त होकर कहीं भी आ जा सकता है। क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ जमा रही। इस मौके पर पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के प्रतिनिधि मुकुट सिंह शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, ब्लॉक प्रमुख शरद राना, जितेंद्र सिंह सेंगर, दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा, पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल भगवती प्रसाद चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## जेल गया भाई का कातिल गोलू

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बड़े बेटे की छोटे बेटे के हत्या कर देने पर पिता कुछ कहने में असमर्थ हो गया है। हत्या का कारण पूछने पर वह फफक कर रोने लगा। उधर हत्यारोपी को जेल भेज दिया गया है।

रजपालपुर के महाराज सिंह के तीन पुत्र में बड़ा पुत्र अजीत, उसके बाद रंजीत व सबसे छोटा गोलू उर्फ गोयल है। महाराज सिंह चीनी मिल रोड के किनारे खोखा रखकर साइकिल की मरम्मत करते है। उनकी पत्नी का काफी समय पहले निधन हो चुका है। बेटे की मौत की जानकारी पर मौके पर मौजूद महाराज सिंह ने बताया उसका बड़ा बेटा अजीत परिवार समेत दिल्ली में रहता है। जबकि उसके दोनो बेटे मेरे पास गांव में रहते है।

पिता ने पुलिस को बताया कि वह काम पर लौट कर बड़ा पुत्र रंजीत के साथ खा पका लेते हैं। छोटा पुत्र गोलू कोई काम नहीं करता था। इतना कहते ही वह फफक पड़े। फिलहाल उसने अपने बेटेरंजीत की हत्या की रिपोर्ट छोटे बेटे के नाम दर्ज कराई है। पुलिस ने गोलू का चिकित्सीय परीक्षण करा कर न्यायालय में पेश किया न्यायालय ने उसे 14 दिन के रिमांड पर जिला जेल भेज दिया है।

# बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत

संवाददाता, बहुआ

- वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे थे बाइक सवार, अन्य सड़क हादसों में आठ लोग घायल
- घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी घर में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि निमंत्रण में जाते समय हादसा हुआ है। वहीं गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव के पास सोमवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहले हादसे में ललौली थाना क्षेत्र के गांधी नगर निवासी चंद्रभूषण अपनी पत्नी सावित्री, बेटी रजनी, सजनी, प्रतिमा व बेटा मुकेश के साथ बरौहा गांव जा रहे थे। तभी सुजानपुर गांव के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे दूसरी बाइक से जा टकराये। दोनों बाइकों की टक्कर बाद सभी लोग सड़क पर गिर गए। हादसे में चंद्रभूषण की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। पत्नी और बच्चे को मामूली चोट आई। वहीं दूसरा बाइक सवार विमल निवासी दतौली गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


रामू।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव निवासी रामू अपनी पत्नी सीता और गांव के ही रमेश के साथ सोमवार की रात एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में रामू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में सीता और रमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है दोनों बाइक सवार तेज गति से गाड़ी चला रहे थे। सड़क पर अंधेरा होने के कारण उन्हें सामने से आ रही बाइक दिखाई नहीं दी।

# बहन की डोली उठने से पहले ही उठी भाइयों की अर्थी

फालोअप

संवाददाता औंग

**अमृत विचार।** बहन की शादी की अगवानी के दौरान अचानक जनरेटर का डीजल खत्म हो गया। शादी समारोह में अंधेरा छा गया। दुल्हन के दो भाई बाइक से डीजल लेकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान सड़क हादसे में बिजली का तार टूट कर बाइक सवारों के ऊपर गिर गया। घटना में करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई।

औंग थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी अवधपाल की बेटी तनु की बारात सोमवार की रात कानपुर के किदवई नगर से आई थी। बारातियों के स्वागत सत्कार के बाद जनवासे से बड़ी धूमधाम से बारात अगवानी के लिए रवाना हुई। बारात जैसे ही दुल्हन के घर पहुंची, तभी अचानक जनरेटर का डीजल खत्म हो गया और शादी समारोह में अंधेरा छा गया। यह देख दुल्हन का 23 वर्षीय भाई दीपक और चचेरा भाई संदीप (26) आनन-फानन बाइक से डीजल लेने के लिए निकल गए। डीजल लेकर दोनों वापस लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही बाइक सवार रामपुर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया के पास पहुंचे, तभी जल्दबाजी के चक्कर में तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा भिड़ी। जबरदस्त टक्कर लगने से बिजली का तार टूट कर ऊपर गिर गया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में मातम हो गया।


शादी वाले घर में पसरा रहा मातम। अमृत विचार


संदीप सिंह।


दीपक सिंह।

### राहगीरों ने सड़क किनारे पड़ा देख बुलाई पुलिस

राहगीरों ने उन्हें सड़क किनारे पड़ा देख परिवार और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने आनन फानन में दोनों को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों भाइयों की मौत की जानकारी जब परिवार को हुई तो शादी वाले घर में चीख पुकार मच गई। शादी के जोड़े में सजी दुल्हन समेत बाराती और घराती रोते बिलखते अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। अस्पताल में चीख पुकार मच गई।

### दुल्हन को संभाला गया, पूरी कराई गईं रस्में

किसी तरह लोगों ने दुल्हन को संभाला और शादी की बाकी रस्में पूरी करने को लेकर चर्चा की। जिस पर रिश्तेदारों और दुल्हन के परिवार वाले बमुश्किल राजी हुए। जिसके बाद दुल्हन को घर लेकर जाकर बाकी रस्मों को पूरा कराकर रात करीब तीन बजे दुल्हन को विदा कर दिया गया।

### पिता बोले, बेटी की डोली और बेटे की अर्थी कैसे उठाते

दुल्हन के पिता अवधपाल ने बताया, बेटे और भतीजे की लाश मॉर्चरी में रखी रही और मजबूरी में बेटी की शादी की बाकी रस्में पूरी की गईं। बेटे और भतीजे की लाश के बीच बेटी की डोली कैसे उठाते इसलिए रात को ही बेटी को विदा कर दिया। अब पोस्टमार्टम के बाद बेटे भतीजे के शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।


सभा स्थल का जायजा लेते पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री आज फर्रुखाबाद में, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 मार्च को 13.50 बजे फर्रुखाबाद पहुंच रहे हैं। वह हेलीपैड खैराताल पर उतरकर सभा स्थल क्रिश्चियन इंटर कॉलेज मैदान के लिए प्रस्थान करेंगे। 13.55 बजे सभा स्थल पहुंचकर विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण, शिला न्यास करेंगे ।

यह जानकारी देते जिलाधिकारी बीके सिंह ने बताया कि 14:00 बजे से 15 बजे तक मुख्य मंत्री क्रिश्चियन इंटर कॉलेज मैदान में मौजूद रहेंगे । 15:00 बजे सभा स्थल से हेलीपैड खैराताल के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यहां व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हेलीपैड से लेकर सभा स्थल तक निरीक्षण कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मुख्यमंत्री की सभा के लिए बनाए जा रहे वाटरप्रूफ पंडाल का निरीक्षण कर रहे हैं ।

## हाईवे पर बगैर नंबर के दौड़ रहे हजारों डंपर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** नेशनल हाईवे पर बालू और गिट्टी ढोने वाले हजारों डंपरों में पीछे कोई नंबर नहीं होता है। जिसमें नंबर होता है उसका एक नंबर अस्पष्ट होता है। इससे दुर्घटनाओं के बाद वे आसानी भाग जाते हैं। जिले में बालू तथा महोबा में गिट्टी उद्योग है। दोनों को ढोने के लिए करीब 10000 डंपर 24 घंटे में नेशनल हाईवे 34 के अलावा राठ हमीरपुर, सुमेरपुर बांदा मार्ग से आते- जाते हैं। इन डंपरों में पीछे नंबर ही नहीं होता है। जिसमें होता है उसमें चार अंको में से एक अंक अस्पष्ट होता है। जिससे यह दुर्घटनाओं को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते हैं। इसी माह जलालपुर थाना क्षेत्र में एक बगैर नंबर के डंपर ने होमगार्ड को कुचल दिया था। एआरटीओ से लेकर यातायात प्रभारी को इन डंपरों के गायब नंबर प्लेट नहीं दिखती है।

# बारात जा रहे युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, शमसाबाद

**अमृत विचार।** ननिहाल में बारात में शामिल होने बाइक से जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सुबह पुलिस ने बाइक की नंबर प्लेट के जरिए पता कर परिजनों को सूचना दी। परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी बालक राम कश्यप का 35 वर्षीय पुत्र नेतराम कश्यप अपने मामा गंगा सिंह शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद के गांव फरीदपुर ननिहाल में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। रात में टॉपर और कढहर पुलिस चौकी के पास अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें नेतराम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रात में काफी खोजबीन की। लेकिन युवक के परिजनों का पता नहीं लगा। सुबह जलालाबाद कोतवाली के दरोगा राजकुमार सिंह ने बाइक नंबर प्लेट से युवक के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और दरोगा राजकुमार सिंह ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया। उसके एक पुत्र पिंटू 10 वर्ष और चार पुत्रियां है। पत्नी ईश्वर देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। जलालाबाद कोतवाली के दरोगा राजकुमार सिंह ने बताया सुबह 10:00 बजे के लगभग परिजनों की तहरीर पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मारी, दंपति घायल

- **फर्रुखाबाद।** जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली के गांव सलेमपुर निवासी रामखिलाड़ी, पत्नी पिंकी के साथ सोमवार को जिला शाहजहांपुर कोतवाली जलालाबाद गांव ककरारा ससुराल जा रहे थे। ढाईघाट रोड पर पुल के पास पीछे से आए ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। वहां पिंकी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर अलीम अंसारी ने उसको लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

- कायमगंज-फर्रुखाबाद क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी हाकिम सिंह की पुत्री शिल्पी (18) गांव कुअंरपुर इमलाक निवासी दौला खां (72) व नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी रीना (30) पत्नी सुधीर सड़क हादसे में घायल हो गए। तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# आइसक्रीम फैक्ट्री में छात्र की करंट से मौत

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- शहर के कांशीराम कॉलोनी हरदौली की घटना

**अमृत विचारः** आइसक्रीम फैक्ट्री में संदिग्ध हालात में करंट लगने से छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री के कर्मचारी गेट में ताला डाल कर मौके से फरार हो गए। मृतक की मां का आरोप है कि उसके बेटे की हत्या की गई है। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी एके दुबे मोर्चरी पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल की।

शहर के कांशीराम कॉलोनी हरदौली निवासी रविनारायण (17) पुत्र सुखुआ इंटर में पढ़ता था। परीक्षा खत्म होने के बाद मंगलवार की सुबह पड़ोस का ही एक युवक पुलिस लाइन स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में काम कराने ले गया था। संदिग्ध परिस्थितियों में करंट लगने से मौत हो गई। फैक्ट्री के कर्मचारी आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर आए। ट्रामा सेंटर के गेट पर लिटाकर मौके से फरार हो गए। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

मृतक की मां रामकली का कहना है कि सुबह उसका पुत्र चला गया था। बाद में उसकी मौत की खबर मिली। मां ने यह भी बताया कि उसके पुत्र की बाइक दूसरे गेट में खड़ी थी और मोबाइल और चाबी दूसरे गेट पर पड़ी थी। आरोप लगाया कि उसके पुत्र की करंट लगाकर हत्या कर की गई है। मृतक पांच बहनों में इकलौता भाई था। कोतवाली प्रभारी एके दुबे ने मां से पूछताछ की और बयान दर्ज किए।

गंभीर मामला

बीईओ पुष्पेंद्र जैन को विजिलेंस टीम ने घूस लेने के आरोप में किया था गिरफ्तार

# औरैया कांड में कन्नौज के शिक्षक का हाथ, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने मांगी जांच रिपोर्ट, शासन तक जबरन पकड़ने की गूंज
- विभाग ने शिक्षक को बताया एक अमान्य संगठन का पदाधिकारी

**अमृत विचार।** 29 फरवरी को बीएसए कार्यालय में एंटी करप्शन टीम द्वारा वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को घूस लेने के आरोप में पकड़े जाने के अगले दिन एक मार्च को औरैया में भी बीईओ को इसी आरोप में विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार किया। विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि कहीं न कहीं एक अमान्य शिक्षक संगठन का इसमें हाथ है और दोनों जिलों की कार्रवाई गलत तरीके से हुई है। आपस में इसका कनेक्शन होने की संभावना है। इससे बेसिक शिक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है। इसकी रिपोर्ट भी महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने तलब की है।

दरअसल, बीएसए अनिल कुमार ने पत्र भेजकर कन्नौज बीएसए उपासना रानी वर्मा से बिधूना के बीईओ पुष्पेंद्र जैन को पहली मार्च को विजिलेंस टीम की ओर से पकड़ने वाले मामले का जिक्र किया है। कहा है कि इस कार्रवाई में कन्नौज के भी एक सहायक अध्यापक का हाथ है। वह अमान्य शिक्षक संगठन का पदाधिकारी है। वीडियो, सोशल मीडिया प्लेटफार्म व व्हाट्सएप ग्रुपों में साक्ष्य भी मिले हैं। कन्नौज व औरैया कांड के मामले की गूंज जब शासन तक पहुंची तो महानिदेशक कंचन वर्मा ने विभागीय अधिकारियों से आख्या मांगी है। कहा गया है कि विद्यालय समय के दौरान आरोपी शिक्षक कन्नौज में मौजूद नहीं रहकर औरैया में विजिलेंस टीम की कार्रवाई में शामिल रहा। साथ ही बीईओ को जबरदस्ती 30 हजार रुपये लेने के आरोप में ट्रैप कराया गया। बीईओ के साथ भी मारपीट की गई। साथ ही बीईओ बिधूना के कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की केबिल काट दी गई। इससे बेसिक शिक्षा महकमे की छवि धूमिल हुई है। यह कार्य शिक्षक की गरिमा के विपरीत है।

शिक्षक के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक शिक्षक आचरण नियमावली-1956 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए बीएसए औरैया ने कहा है। पत्र मिलने के बाद बीएसए कन्नौज ने बीईओ कन्नौज, विपिन कुमार, जलालाबाद शिवेंद्र वर्मा और हसेरन के संजय कुमार की जांच कमेटी बनाई है। साथ ही जांच साक्ष्यों समेत जांच आख्या भी मांगी है।

### एनवीआर चुराने वालों पर होगी रिपोर्ट

**कन्नौज।** एंटी करप्शन टीम जब 29 फरवरी को बीएसए कार्यालय में आई थी तो उस दौरान दो युवकों ने बीएसए कक्ष में लगा सीसीटीवी फुटेज का एनवीआर चोरी किया था। दूसरे एनवीआर में कैमरों के जरिए यह मामला कैद हो गया। इस मामले में औरैया का शिक्षक पंकज कुमार निलंबित भी हो चुका है। अब उसके व सहयोगी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी है। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने कोतवाली सदर के निरीक्षक को पत्र लिखकर कहा है कि प्राथमिक स्कूल झबरा ब्लॉक बिधूना में सहायक अध्यापक पंकज कुमार (अब निलंबित) तैनात है। पंकज और उसके साथ आए आगरा के अज्ञात साथी के खिलाफ साक्ष्य मिटाने के लिए एनवीआर चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज करने को कहा है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बीईओ मुख्यालय को जिम्मेदारी दी गई है।

### मामले में दो शिक्षक हो चुके हैं निलंबित

एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई के बाद प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर ब्लॉक गुगरापुर के सहायक अध्यापक अनुराग सिंह को कन्नौज बीएसए ने निलंबित किया है। आरोप है कि गलत तरीके से वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को ट्रैप कराया गया। दूसरे प्राथमिक स्कूल झबरा ब्लॉक बिधूना के सहायक अध्यापक पंकज कुमार को भी औरैया बीएसए अनिल कुमार ने निलंबित कर दिया है। अब उन्नाव व कन्नौज के अधिकारियों के पाले में गेंद पहुंची है। उनकी ओर से भी जल्द कार्रवाई हो सकती है, ऐसा कहा जा रहा है।

# दबंग के हमले से गुस्साए शिक्षकों ने स्कूल में जड़ा ताला, एसपी से मिले

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई के ग्राम बिलबई में एक ग्रामीण के आतंक से परेशान विद्यालय के शिक्षकों ने स्कूल में तालाबंदी कर दी। जिससे मंगलवार को शिक्षण कार्य ठप रहा। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि गांव का एक दबंग व्यक्ति आए दिन कुल्हाड़ी लेकर कभी बच्चों पर तो कभी शिक्षकों पर जानलेवा हमला करने का प्रयास करता है।

इस बाबत जिला बेसिक शिक्षाधिकारी और कोतवाली में शिक्षकों द्वारा कई बार तहरीर दी गई। इसके बावजूद दबंग के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने पर सोमवार को दबंग ने एक शिक्षक को कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा दिया। शिक्षक ने स्कूल के पास बने एक घर में छिप कर जान बचाई। घटना से नाराज शिक्षकों ने विद्यालय में तालाबंदी कर शिक्षण कार्य ठप रखा। शिक्षक एसपी से भी मिले।

गौरतलब है कि प्राथमिक विद्यालय बिलबई में तैनात शिक्षक शिक्षण कार्य के समय डरे रहते हैं। उन्हें हर पल कुल्हाड़ी लेकर घूमने वाले दबंग का डर सताता रहता है। सोमवार की घटना के बाद सारे शिक्षक इतना भयभीत है कि मंगलवार को विद्यालय नहीं खोला। शिक्षकों ने बताया कि कई बार बीएसए और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महोबा को लिखित शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन आज तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने जिलाधिकारी मृदुल चौधरी से मुलाकात कर घटना के बाबत जानकारी दी। शिक्षकों ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को पत्र देकर बताया कि कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### बीएसए ने भी एसपी को भेजा पत्र

प्राथमिक विद्यालय बिलबई में कई माह से कुल्हाड़ी लेकर शिक्षकों और बच्चों पर हमला करने का प्रयास करने वाले दबंग के खिलाफ शिक्षकों द्वारा बीएसए को भी कई बार शिकायती पत्र दिया गया। आज तक कोई कार्रवाई न होने पर दबंग ने सोमवार को एक शिक्षक को कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा दिया। इससे प्राथमिक शिक्षक संघ में भी खासा आक्रोश है। उधर बीएसए अजय कुमार मिश्रा का कहना है कि शिक्षकों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के बाद पुलिस अधीक्षक को दबंग के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के लिए पत्र भेजा जा चुका है, यह मामला गांव का होने के कारण पुलिस ही कार्रवाई करेगी।

# निवेशकों के विश्वास पर खरा उतरेगा उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने 'इन्वेस्ट यूपी' व 'यूपीडीएएसपी' के नए कार्यालयों का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इन्वेस्ट यूपी के नए कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद निवेशकों के साथ वर्चुअल संवाद भी किया। कहा कि बीते सात वर्षों में प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए बहुत रिफॉर्म हुए है, आगे और भी रिफॉर्म होने जा रहे हैं। वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिक से अधिक निवेश को आकर्षित करना पड़ेगा।

जनपदों से तमाम बड़े उद्यमियों ने वर्चुअली जुड़कर निवेश को लेकर राय रखी और सुझाव भी दिए। मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी की बुकलेट उद्यमी मित्र का भी विमोचन किया। निवेशकों को औद्योगिक नीति और खाद्य प्रसंस्करण नीति के अंतर्गत लेटर ऑफ कम्फर्ट का



वितरण भी किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों के हितों की सुरक्षा की गारंटी शासन की प्राथमिकता है। पहले निवेश एनसीआर तक सीमित था, लेकिन ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सभी 75 जनपदों में निवेश परियोजनाओं की शुरूआत हुई है। इस निवेशक फ्रेंडली परिदृश्य में प्रदेश सरकार निवेश प्रक्रिया को सुगम बनाने, ब्यूरोक्रेटिक समस्याओं को कम करने और व्यवसाय संचालन को सुविधाजनक बनाने हेतु एक नियामक ढांचा बना रही है।

### खाद्य प्रसंस्करण नीति के तहत इन्हें मिला प्रोत्साहन

खाद्य प्रसंस्करण नीति 2023 के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ व गौतमबुद्ध नगर की फॉर्च्यून राइस लि., एसपीकेएन इंडस्ट्रीज प्रालि., शाहजहांपुर, फ्रोस्टार फूड प्रालि., मुरादाबाद, श्री बांके बिहारी फूड्स, संभल, गजानन एग्रो फूड्स प्रालि., लखनऊ, वेदांत एग्री प्रमोशन्स प्रालि., संभल, मित्तल ड्राय फ्रूट्स प्रालि., बिजनौर, विदुरभूमि एग्री, बिजनौर, भारतीयम फूड्स, लखनऊ और कृष्णा एरोमैटिक्स, संभल सहित 10 निवेशकों को प्रोत्साहन लाभ स्वीकृति आदेश वितरित किए।

औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि प्रदेश की चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था निवेश को आकर्षित करने की ब्रांड अंबेसडर बन चुकी है।

निवेशकों से संवाद स्थापित करने एवं निवेश को समयबद्ध ढंग से धरातल पर साकार करने में इन्वेस्ट यूपी की भूमिका सराहनीय है। इस अवसर पर प्रमुख उद्योगपतियों में पीटीसी इंडस्ट्रीज लखनऊ के स्मिता अग्रवाल, एमकेयू लिमिटेड कानपुर के चेयरमैन मनोज गुप्ता, अंकुर उद्योग के निदेशक निखिल जालान, केंट आरओ के चेयरमैन डॉ. महेश गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में तेजी से सुधरते व्यापारिक परिवेश पर अपने विचार व अनुभव साझा किए। मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अनिल राजभर, जसवंत सिंह सैनी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश समेत तमाम उद्यमी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## औद्योगिक नीति के तहत मिला लेटर ऑफ कम्फर्ट

लखनऊ। औद्योगिक नीति के तहत निवेश करने वाले निवेशकों को राज्य सरकार की ओर से लेटर ऑफ कम्फर्ट देकर करोड़ों रुपये प्रोत्साहन लाभ के रूप में अनुदान और छूट का लाभ दिया गया। गोरखपुर, चित्रकूट, अमेठी व प्रयागराज में बॉटलिंग संयंत्र स्थापित करने वाले एलियान्ज डिस्टिलरी (मथुरा) के निदेशक संजय सान्गवान व वरुण बेवरेजेज के मार्केटिंग मैनजर नील कमल लेटर ऑफ कम्फर्ट हासिल किया। इसके अलावा बिकानेरवाला फूड्स प्रालि., गौतमबुद्ध नगर के प्रबंध निदेशक श्याम सुंदर अग्रवाल, एवरी डेनिसन (इंडिया) प्रालि., गौतमबुद्ध नगर के निदेशक हेमंत तिवारी, स्पर्श इंडस्ट्रीज, कानपुर देहात के चेयरमैन विजय कुमार अग्रवाल, राजश्री फाइन कैमिकल्स इंडस्ट्रीज प्रालि., शाहजहांपुर के प्रबंध निदेशक रिषभ बंसल, बृंदावन एग्रो इंडस्ट्रीज, मथुरा के सीनियर मैनेजर-कमर्शियल अंजुल शर्मा और अल्ट्राटेक सीमेंट, सोनभद्र के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विनीत भटनागर को लेटर ऑफ कम्फर्ट प्रदान किए गए।

# सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने वाले दो दबोचे गये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मथुरा से गिरफ्तार किये गये कई मामले हैं दर्ज, 25-25 हजार रुपये इनाम घोषित था

**अमृत विचार।** यूपी एसटीएफ ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंध लगाकर पेपर लीक करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को मथुरा से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित था।

अपर पुलिस अधीक्षक फील्ड यूनिट नोएडा एसटीएफ नवेन्दु कुमार ने बताया यूपी में पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरफ से 17 और 18 फरवरी को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ था। मामला दर्ज कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। प्रश्न पत्र लीक करने वाले गिरोह से जुड़े दो सदस्यों को रविवार को मथुरा से गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान मोनू पंडित निवासी ग्राम अभ्यपुरा मानागढी थाना नोहझील, मथुरा और गौरव कुमार चौधरी निवासी ग्राम जावरा थाना मांट, मथुरा के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से क्रेटा कार बरामद की गई है।

बताया टीम गठित कर आरोपियों की लगातार धर पकड़ की जा रही



पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सदस्य मोनू पंडित और गौरव कुमार चौधरी।

है। इससे पहले मामले प्रमोद पाठक निवासी गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया गया था। उससे मिली सूचनाओं के आधार पर यह कार्रवाई की गई। नवेन्दु कुमार ने बताया मोनू पंडित के खिलाफ छह और गौरव कुमार के खिलाफ अलग-अलग थानों में तीन मामले दर्ज हैं। दोनों ने सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही उनके पास पहुंचने व रुपये लेकर अभ्यर्थियों को सौंपने का जुर्म कबूल किया।

**कॉलेज में एक दूसरे के संपर्क में आये थे आरोपी:** एसटीएफ अफसरों की पूछताछ में मोनू पंड़ित ने बताया बाजना इंटर कॉलेज मथुरा में पढ़ाई के दौरान उसकी मित्रता प्रमोद पाठक से हुई थी।

### मोनू ने अलीगढ़ में सेंटर खोल शुरू की थी धांधली

मोनू पंडित का मित्र प्रमोद पाठक जिसने वायुसेना में नौकरी करते हुए वर्ष 2017 में अलीगढ में आर्मी एवं सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग कराने ट्रेनिंग सेन्टर खोला था। यहां पर आरोपी वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी, जीडी, सीएसआईआर समेत यूपी की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे।

### 2015 में गिरोह के सदस्य बाबा से मिला था गौरव चौधरी

दूसरे आरोपी गौरव चौधरी ने बताया वर्ष 2015 में एसएससी की परीक्षा के दौरान आगरा निवासी गिरोह चलाने वाले सदस्य श्यामवीर बाबा के संपर्क में आया। इसके बाद से गौरव अभ्यर्थियों को श्यामवीर के पास लाने लगा। वर्ष 2019 में चौधरी ने ऑनलाइन परीक्षा कराने जीएस सेन्टर खोला।

# गनर छोड़कर तौकीर रजा हुए फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पहुंची पुलिस, आधी रात तक कुछ पता नहीं चला

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति देने के खिलाफ जेल भरो का एलान करने वाले मौलाना तौकीर रजा अब गिरफ्तारी के डर से अपने दोनों गनर दिल्ली में छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस अफसरों के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली पहुंची पुलिस टीम तौकीर की तलाश में दबिश दे रही है लेकिन आधी रात तक उनका कोई सुराग नहीं मिला।

अदालत ने पांच मार्च को शहर में 2010 में हुए दंगे के केस की सुनवाई के दौरान मौलाना तौकीर रजा खां को मुख्य अभियुक्त करार देकर 11 मार्च को पेश होने का हुक्म दिया था। बताया जा रहा है कि उस दौरान तौकीर दिल्ली में थे। पुलिस ने भी अदालत का समन तामील कराने में टालमटोल की। तौकीर

> तौकीर की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीम के साथ सीओ प्रथम दिल्ली पहुंच गए हैं और वहां लगातार दबिश दे रहे हैं। तौकीर अपने गनर छोड़कर फरार हो गए हैं, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> – घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

के 11 मार्च को पेश न होने पर अदालत ने गैरजमानती वारंट जारी कर पुलिस को उन्हें 13 मार्च को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया। मंगलवार को पुलिस टीम के साथ सीओ फर्स्ट संदीप कुमार सिंह तौकीर की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पहुंचे तो पता चला कि वह दिल्ली में ही अपने गनर छोड़कर फरार हो चुके हैं। पुलिस के मुताबिक देर रात तक दिल्ली में तलाश के बावजूद मौलाना तौकीर का कुछ पता नहीं चल पाया। तौकीर के दोनों गनर भी अभी दिल्ली में हैं, पुलिस टीम मौलाना के ठिकानों का पता लगाने के लिए उनसे भी मदद लेने की कोशिश कर रही है। अफसरों के मुताबिक दिल्ली में पुलिस लगातार तौकीर की तलाश में दबिश दे रही है।

### तौकीर के गनर से किया संपर्क

अदालत ने पांच मार्च को मौलाना तौकीर रजा को पेश होने का आदेश दिया था। इसके बाद पुलिस को तौकीर को अदालत का समन देना था। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान समन तामील न होने पर जब अदालत ने कड़ी नाराजगी जताई तब कहीं पुलिस ने तौकीर के सुरक्षाकर्मियों से संपर्क कर उनकी लोकेशन पता करने की कोशिश की, तब मालूम हुआ कि तौकीर उन्हें दिल्ली में छोड़कर फरार हो गए हैं।

# दो वंदे भारत समेत लोगों को मिलीं तमाम सौगातें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लखनऊ मंडल के यात्रियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने पटना और देहरादून से दो वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

साथ ही गोरखपुर से लखनऊ आने वाली वंदे भारत को प्रयागराज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गोरखपुर से आने वाली वंदे भारत लखनऊ से प्रयागराज के बीच 14 से और पटना से लखनऊ के बीच वंदे भारत 18 मार्च से चलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो लिंक के जरिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की कुल 32 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें लखनऊ मंडल के तीन रेल लाइनों के दोहरीकरण, लखनऊ के चारबाग में रेल कोच रेस्टोरेंट का लोकार्पण और 21 रेलवे स्टेशनों पर



वंदे भारत ट्रेन। फाइल फोटो

एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टालों का लोकार्पण किया।

लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लखनऊ जन औषधि केंद्र, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टाल और चारबाग रेलवे स्टेशन परिसर में रेल कोच रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चारबाग रेलवे स्टेशन पर भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, उत्तर रेलवे के डीआरएम एमएस शर्मा, पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार, सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा, गोमतीनगर विनय खंड के पार्षद संजय राठौर, भाजपा नेता दीपू जायसवाल सहित तमाम लोग रहे।

### गोमती नगर में रेल कोच रेस्त्रां शुरू

लखनऊ जंक्शन और गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। इसमें लखनऊ जं. स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल और जन औषधि केंद्र का लोकार्पण सदस्य विधान परिषद रामचंद्र प्रधान और महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी और वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने किया। इस मौके पर डीआरएम आदित्य कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा. राजीव कुमार और गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट के लोकार्पण कार्यक्रम में विधान सभा सदस्य डा. नीरज बोरा और सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने किया।

#### देश के हर कोने से जुड़ रहा हमारा शहर

वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि निश्चित रूप से रेल के क्षेत्र में हम विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त हो रहे हैं। यह हम सबके लिए गौरव का विषय है कि हम विश्व स्तरीय ट्रेन सुविधा देने का काम कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से हमारा शहर जुड़ रहा है। हम देश के हर शहर से ट्रेनों को जोड़ रहे हैं। हम कनेक्टिविटी के क्षेत्र में विश्व स्तरीय मानक को पूरा कर रहे हैं।

#### आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं दिया ध्यान

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि तकरीबन 12 वर्ष पूर्व तक रेलवे की छवि बेहद खराब थी। रेलवे स्टेशनों पर गंदगी का अंबार रहता था। रेल के अंदर यात्री को तमाम असुविधाओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे की सुविधा अपग्रेड हुई है और विश्व स्तरीय हुई हैं।

# दुष्कर्म को झूठा बताने का ऑडियो किया वायरल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आसाराम के गुर्गों ने पीड़िता के पिता की आवाज में किया खेल

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर की बिटिया से दुष्कर्म के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गईं हैं। उनके गुर्गों ने सोशल मीडिया पर पीड़िता के पिता की आवाज में ऑडियो वायरल कर दिया है, जिसमें वह आसाराम पर लगाए गए आरोपों को झूठा बता रहे हैं।

आसाराम पर वर्ष 2013 में शाहजहांपुर की नाबालिग लड़की ने जोधपुर आश्रम में दुष्कर्म का आरोप लगाया था, दिल्ली पुलिस ने जीरो नंबर पर एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद आसाराम की गिरफ्तारी बमुश्किल हो पाई थी। पीड़िता के पिता को शाहजहांपुर में कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठना पड़ा था। पीड़िता के परिवार को डराने के लिए आसाराम के गुर्गों की ओर से कई बार धमकियां भी मिलीं थी और एक गवाह की शाहजहांपुर में वर्ष 2015 में कैंट एरिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बावजूद पीड़िता के पिता डरे नहीं और न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रखी।

इन दिनों आसाराम दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। इसी बीच दुष्कर्म पीड़िता के पिता को खबर लगी कि उनकी आवाज में किसी ने सोशल मीडिया पर आसाराम के समर्थन में पोस्ट डाल दी है। पीड़िता के पिता का कहना है कि आसाराम के गुर्गे अभी शांत नहीं बैठे हैं।

## कन्नौज के युवक की हादसे में मौत

**बिलसंडा:** दोस्त के साथ शादी समारोह में शामिल होने आए कन्नौज के युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

कन्नौज जनपद के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम फतुआपुर रामपुर मझिला निवासी रानू पटेल (26) पुत्र आसरे सोमवार को बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम खजुरिया नवीराम में शादी समारोह में शामिल होने आया था। वह कन्नौज के रहने वाले दोस्त शिव सिंह के साथ आया था। नवीराम गांव में रानू की मौसेरी बहन मनोरमा पटेल भी रहती हैं। सोमवार देर शाम रानू अपने दोस्त के साथ बाइक पर घर से निकला था। दोनों कनपरा माइनर मार्ग पर बाइक से भीकमपुर की ओर आ रहे थे। तभी रात में करीब नौ बजे उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी।

# गैर कानूनी रिश्तों का समर्थन नहीं कर सकता न्यायालय

कार्यालय संवददाता प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव- इन रिलेशनशिप में रह रहे जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका पर विचार करते हुए कहा कि अपने जीवनसाथी को तलाक दिए बिना एक- दूसरे के साथ रहने वाले लोगों को सुरक्षा देने से हिंदू विवाह अधिनियम का उल्लंघन होगा।

कोर्ट ऐसे रिश्ते का समर्थन नहीं कर सकती जो कानून का उल्लंघन हो, क्योंकि इससे समाज में अराजकता फैलने का भय रहता है, साथ ही देश के सामाजिक ताने-बाने को भी नुकसान होगा। हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार अगर किसी व्यक्ति का जीवन साथी जीवित है तो उसे तलाक की डिक्री प्राप्त किए बिना किसी अन्य व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकल पीठ ने पूजा कुमारी और अन्य द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को खारिज करते हुए पारित किया और याचियों पर 2000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

मामले के अनुसार याची (महिला) पुष्पेंद्र कुमार की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी है और अन्य याची (पुरुष) अनिता कुमारी नाम की महिला का पति है। कोर्ट ने उनकी सुरक्षा याचिका पर विचार करते हुए पाया कि दोनों याची अपने विवाहित साथी से तलाक की डिक्री प्राप्त किए बिना लिव- इन रिलेशनशिप में एक-दूसरे के साथ रह रहे हैं। इस पर कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि दोनों याचियों ने अन्य व्यक्तियों से तलाक नहीं लिया है, इसलिए वर्तमान में वे विवाहित माने जाएंगे ।

# हवाई अड्डे की तरह बनेंगे बस अड्डे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन मंत्री ने 41.16 करोड़ रुपये की 18 परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने पहली बार परिवहन निगम को बजट में 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस धनराशि से इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। पीपीपी मॉडल से हवाई अड्डों की तरह बस स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। यह बातें मंगलवार को परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कही।

परिवहन राज्यमंत्री ने कहा कि पहले पीपीपी मॉडल पर लखनऊ का आलमबाग बस स्टेशन बनाया गया था। अब इसी तरह 11 बस स्टेशनों को भी पीपीपी मॉडल पर बनाने की तैयारी है। मंत्री ने मंगलवार को परिवहन निगम सभागार में परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम की 41.16 करोड़ रूपये लागत की कुल 18 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि 11 परियोजनाओं का शिलान्यास और 4 का लोकार्पण किया गया है। बरेली का फरीदपुर बस स्टेशन नया बनाया गया है। रायबरेली के बछरावां और महाराजगंज बस स्टेशनों का पुनर्निर्माण हुआ है। परिवहन निगम मुख्यालय में नया कंट्रोल कमांड सेंटर बनाया गया है।

परिवहन मंत्री ने यह भी बताया कि बसों में वीएलटीडी ( व्हीकिल लोकेशन एंड ट्रैकिंग डिवाइस) के साथ पैनिक बटन भी लगाया गया है। जिसका उपयोग करने पर निगम मुख्यालय स्थित कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं सम्बंधित क्षेत्रीय कन्ट्रोल रूम में मौजूद अधिकारियों संकेत मिलेगा। बस में यात्री पैनिक बटन दबाता है तो कंट्रोल कमांड सेंटर से उसे तत्काल मदद भेजी जाएगी। बताया कि जल्द ही एक एप लांच किया जाएगा। इस एप पर रेलवे की तरह यात्री को पता चलेगा कि उनकी बस कहां पहुंची है। कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर के माध्यम से बसों की वास्तविक स्थिति प्रदेश के लोगों को पता चलेगी। वास्तविक लोकेशन प्राप्त कर किसी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकती है। कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर को डॉयल 112 से भी जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, विशेष सचिव परिवहन केपी सिंह, परिवहन निगम के मासूम अली सरवर और मारूति सुजुकी के वाइस प्रेसीडेंट तरूण अग्रवाल उपस्थित रहे।

**पांच हजार इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी:** परिवहन मंत्री ने कहा कि राजस्व में लगातार सुधार हो रहा है। प्रदेश की इकोनॉमी को 01 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में परिवहन निगम का बहुत बड़ा योगदान होगा।

**स्ट्रीट फूड हब** एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस स्ट्रीट फूड हब में लोगों को तरह-तरह की चीजें मिलेंगी

# गुप्तार घाट पर मिलेगा 27 राज्यों के व्यंजन का मजा

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

- दुकानों का आवंटन, टेंडर की प्रक्रिया हुई पूरी लॉटरी सिस्टम से होगा

**अमृत विचार :** गुप्तारघाट स्थित मरी माता मंदिर के निकट जल्द ही 27 राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजन परोसे जाएंगे। यहां एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस स्ट्रीट फूड हब में लोग तरह-तरह के प्रसिद्ध व्यंजनों और फास्ट फूड का जायजा ले सकेंगे।

नगर निगम और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त योजना के लिए शासन स्तर पर टेंडर और अन्य प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। योजना के तहत वेंडरों का चयन किया जा रहा है। दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया लॉटरी से होगी और आवश्यकता वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। दुकानों के आवंटन के लिए जिलाधिकारी नितीश कुमार



लजीज व्यंजनों का प्रतीकात्मक चित्र।

की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। इसके अलावा सहायक आयुक्त खाद्य, नगर आयुक्त समेत वित्त विभाग के एक अधिकारी सदस्य के रूप में समिति में होंगे।

**स्ट्रीट फूड हब में मिलेंगे ये व्यंजन :** स्ट्रीट फूड हब में स्थानीय व्यंजन ही नहीं बल्कि चाइनीज फूड भी मिलेंगे। इसके अलावा गुजरात के ढोकले से लेकर आंध्र प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार आदि प्रदेशों के व्यंजन होंगे। शासन की तरफ से स्ट्रीट फूड के लिए गाड़ियां आवंटित की जाएगीं। करीब 30 दुकानों वाले इस स्ट्रीट फूड हब में ऐसे वेंडरों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिन्हें संबंधित काम की पूरी जानकारी हो और उनके पूर्वज उस व्यंजन की विधा में पारंगत रहे हों। लोग इसमें बढ़चढ़ कर लिया भाग।

> टेंडर हो गया है। नगर निगम के साथ मिलकर प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। शासन से रिपोर्ट मिलते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
>
> –मानिक चंद्र सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)

# बस से भिड़ी कार, तीन की हुई मौत

संवाददाता,कुण्डा प्रतापगढ़

- कार अनियंत्रित होने पर हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा
- प्रयागराज से भक्तिधाम मनगढ़ दर्शन को जा रहे थे सभी सवार

**अमृत विचार ।** प्रयागराज से भक्तिधाम मनगढ़ जा रही कार अगला टायर फटने से हाईवे पर हथिगंवा फूलमती धाम के पास अनियंत्रित कार सामने से आ रही रोडवेज बस से भिड़ गई। हादसे में मंगेतर जोड़े समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोगों को गम्भीर हालत में एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर बदहवास परिजन कुण्डा पहुंचे। रोडवेज चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी खोजबीन कर रही है जल्द ही सफलता मिलेगी।

लखनऊ - प्रयागराज हाईवे पर रोडवेज बस प्रयागराज की तरफ जा रही थी। सामने से भक्तिधाम मनगढ़ कार आ रही थी। हथिगंवा थाना क्षेत्र के फूलमती धाम के पास बिसहिया




में कार का अगला टायर अचानक फट गया। जिससे अनियंत्रित हो कर सामने आ रही रोडवेज बस से भिड़ गई। कार चला रहे मलाकराज रामबाग, कीडगंज प्रयागराज के 25 वर्षीय अनुज गोस्वामी पुत्र प्रेम गोस्वामी की कटरा कर्नलगंज, प्रयागराज के बंटी गोस्वामी की बेटी 22 वर्षीय वैष्णवी की सोमवार को सगाई हुई थी।

मंगलवार की शाम अनुज व उनकी मंगेतर,बहन की 12 वर्षीय बेटी गुनगुन पुत्री रंजीत छतनाग,झूंसी, प्रयागराज,परिवार की 40 वर्षीय अनीता गोस्वामी व 35 वर्षीय प्रतीक्षा गोस्वामी पत्नी रंजीत गोस्वामी घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर लोग दौड़े।

हादसे की सूचना पर एसओ नन्दलाल सिंह मयफोर्स,उसके बाद सीओ अजीत सिंह पहुंचे। क्षेत्रीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी को जेसीबी और कटर की मदद से बाहर निकाला गया। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी कुण्डा लाया गया। जिसमें अनुज,वैष्णवी और गुनगुन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दो की हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। एसओ नन्दलाल सिंह ने बताया कि कार में मिले पैन कार्ड की मदद से परिजनों को खबर दी गई।

## पोर्टल पर अपलोड करनी होगी रिपोर्ट

**लखनऊः** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालयों के विकास में खर्च की गई ग्रांट से कितनी प्रगति हुई इसकी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर समय से अपलोड करनी होगी।

महानिदेशक ने कहा कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत कम्पोजिट स्कूल ग्रांट के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए गये थे। ऐसे में 50 प्रतिशत धनराशि जिलों के सरकारी विद्यालयों के लिए अवमुक्त की जा चुकी है। निर्देश में ये भी कहा गया कि कम्पोजिट स्कूल ग्रांट 2023-24 की अवशेष 50 प्रतिशत धनराशि बीते 7 मार्च जारी की जा चुकी है। ऐसे में कम्पोजिट स्कूल ग्रांट के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशि तीन दिन के अन्दर विद्यालय प्रबन्ध समिति को हस्तान्तरित करते हुए सभी अधूरे कार्यों को पूरा कराना होगा।

## एक नजर

### पूर्व आईपीएस बृजभूषण बनाए गए राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य



अमृत विचार, लखनऊ : रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी बृजभूषण को राज्य मानवाधिकार आयोग का सदस्य बनाया गया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर से उनकी नियुक्त के बाद शासन ने बुधवार को आदेश जारी किया। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से जारी आदेश के अनुसार बृजभूषण का कार्यकाल तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने जो भी पहले घटित हो, तक के लिए होगा। मालूम हो कि बृजभूषण बीते वर्ष एडीजी जोन लखनऊ के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### हेल्थ कार्ड के लिए लोकभवन में लगाया गया शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत मंगलवार को लोक भवन में सचिवालय कर्मियों के हेल्थ कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर लाभार्थियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए गए ।इस मौके पर मुख्य सचिव के स्टॉफ अफसर रवीन्द्र कुमार ने सचिवालय कर्मियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की।

# जल जीवन योजना से खराब हुई सड़क तो संस्था की जवाबदेही होगी तय: योगी

## मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, कहा- तय समय सीमा के भीतर पूरा हो जाये काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी और अधिकारी। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने के दिए निर्देश
- गर्मी में नहीं होगी पेयजल की समस्या, विंध्य-बुंदेलखंड के लिए विशेष प्रबन्ध

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, पेयजल परियोजना के कारण जगह-जगह रोड की खुदाई हुई है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। कार्यदायी संस्था की यह जिम्मेदारी है कि कार्य समाप्ति के साथ ही सड़क की मरम्मत हो जाए। पेयजल परियोजना के कारण सड़क खराब न रहे। यदि ऐसा हुआ तो जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में' हर घर नल-हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है। लगातार प्रयासों से आज 02 करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले, ऐसे में इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन का कार्य आख़िरी चरण में प्रवेश कर गया है। अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराया जाए।

उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में पेयजल के वैकल्पिक प्रबंध कर लिए जाएं। वर्षा कम होने के कारण जलाशयों में अपेक्षाकृत कम पानी है। हमें समय रहते इसके लिए व्यवस्था कर लेनी चाहिए। गर्मी में एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए।

## सीएए से मुस्लिम समाज को घबराने की जरूरत नहीं

**अमृत विचार , लखनऊः** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री ने कहा कि बीजेपी ने राजनैतिक फायदा लेने की कोशिश में सीएए को लागू कर दिया है। इसको लेकर मुस्लिम समाज को घबराने की जरूरत नही है।

पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी की ओर से जारी प्रेस में नोट में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा सीएए कानून लागू किये जाने पर मुसलमानों को घबराने की जरूरत नहीं है। यह कानून नागरिकता देता है, छीनता नहीं है, इससे मुसलमानों का लेना देना नहीं है, यह कानून भारत सरकार बहुत पहले लेकर आयी थी और लागू करना चाहती थी लेकिन सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव का राजनैतिक लाभ लेने के लिए इंतिजार कर रही थी। अनीस मंसूरी ने कहा कि भारतीय संविधान में लिखा है कि देश में किसी भी धर्म के शरणार्थियों को नागरिकता दी जा सकती है, सरकार को संविधान की इस बात पर विचार करना चाहिए। सीएए पर देश भर से आई आपत्तियों का समाधान नहीं किया और अपने राजनैतिक लाभ के लिये लागू कर दिया है, यह देश के लिए विभाजनकारी है।

# पासपोर्ट के चार अधिकारियों समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में की कार्रवाई

**अमृत विचारः** सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद के चार अधिकारियों समेत पांच लोगों के खिलाफ मंगलवार को एक केस दर्ज किया है। सीबीआई ने इस मामले में गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी ली है।

रीजनल पासपोर्ट ऑफिस गाजियाबाद के पासपोर्ट असिस्टेंट रवि किशन, चंद्रकांत, सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार, जंदैल सिंह और प्राइवेट पर्सन मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद फरहान गौड को मुकदमे में नामजद किया गया है।

आरोप है कि पेंडिंग पासपोर्ट के निस्तारण के नाम पर पासपोर्ट असिस्टेंट रविकिशन ने मोहम्मद फरहान गौड़ के जरिये 14 जून 2022 से 14 जून 2023 के बीच 73 हजार रुपए की रकम घूस के रूप में ली। फरहान ने ये पैसा यूपीआई और अपने परिचित लोगों के वॉलेट, बैंक खाते से ट्रांसफर किया।

इसके अलावा पासपोर्ट सहायक चंद्रकांत ने 8 अगस्त 2022 से 3 जनवरी 2023 के बीच 59700 रुपए मोहम्मद फरहान से लिए। इसी तरह सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार ने 28 सितंबर 2022 से 2 जुलाई 2023 के बीच मोहम्मद फरहान से 22900 रुपए लिए।

सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट जंदैल सिंह ने भी 13 जून 2023 को एक लंबित पासपोर्ट जारी करने के बदले मोहम्मद फरहान से दो हजार रुपए लिए। ये सभी रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। शुरुआत में सीबीआई ने इसकी आंतरिक जांच की। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि हुई।

सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन यूनिट ने इसके बाद इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर लिया है।

# चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान ने भरी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 19 सीटर विमान से पांच जिलों के लिए हो रहा है संचालन

**अमृत विचारः** उड़ान योजना के तहत फ्लाई बिग एयरलाइंस ने उड़ान सेवा शुरू कर दी है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार को चित्रकूट और श्रीवस्ती के लिए फ्लाई बिग एयरलाइंस के विमानों ने उड़ान भरी। मुरादाबाद के लिए विमान सेवा अगले सप्ताह से शुरू हो सकती है।

बता दें कि फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से चित्रकूट, श्रावस्ती, मुरादाबाद, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए उड़ान सेवा दो मार्च से शुरू होनी थी। इसके लिए शेड्यूल भी जारी हुआ था मगर इसको टाल दिया गया। रविवार को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल उक्त पांच जिलों के हवाई अड्डे का लोकार्पण किया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को चित्रकूट और श्रीवस्ती के लिए सेवाएं शुरू की गईं। जबकि बुधवार को भी चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान उड़ान भरेंगे। जबकि 14 मार्च को आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए विमान उड़ान भरेगा। एक सप्ताह के भीतर उड़ान का नियमित शेड्यूल जारी हो जाएगा। शेड्यूल जारी होने के साथ ही बुकिंग भी शुरू हो जाएगी।

# सचिवालय संवर्ग के 13 अधिकारी तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थानांतरण के बाद नया कार्यभार नहीं ग्रहण कर रहे थे अफसर

**अमृत विचारः** शासन ने स्थानांतरण के बाद कार्यभार ग्रहण न करने पर सचिवालय संवर्ग के 13 अफसरों को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया। दो अफसरों की वर्तमान तैनाती स्थल पर हाजिरी पर रोक लगाई गई है। इस सिलसिले में मंगलवार को सचिवालय प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया।

बीती 12 जनवरी को विशेष सचिव नियुक्ति विजय कुमार संखवार को कृषि विभाग में विशेष सचिव पद पर तैनात किया गया था, पर उन्होंने अभी तक नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया। शासन ने नियुक्ति विभाग से उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त करते हुए कृषि विभाग में कार्यभार ग्रहण करने निर्देश दिया है। इसी तरह 1 मार्च को ही विशेष सचिव श्रम जयप्रकाश का स्थानांतरण कर उन्हें विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन बनाया गया, कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें भी तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया गया है। बीते एक मार्च को ही विशेष सचिव ग्राम्य विकास सत्य प्रकाश उपाध्याय को विशेष सचिन श्रम के पद पर तबादला होने व कार्यभार ग्रहण न करने पर तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त किया गया है। कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में उपसचिव पद पर कार्यरत अजय कुमार तिवारी को उप सचिव वित्त विभाग के पद पर कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्य मुक्त किया गया है। उप सचिव नियुक्ति विभाग निरमेश कुमार शुक्ल को उपसचिव औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना विभाग के पद पर भेजे जाने व कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्यमुक्त किया गया है। उपसचिव पंचायती राज अमिताभ श्रीवास्तव को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्यमुक्त किया गया। इसी तरह विशेष सचिव गृह विश्वजीत सिंह को खेल विभाग में उपसचिव पद के लिए कार्यमुक्त किया गया। लोक निर्माण विभाग के उपसचिव राजकुमार को उपसचिव नियुक्ति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्य मुक्त किया गया। अनु सचिव नियुक्ति विभाग जूली दुबे को लोक निर्माण विभाग में नवीन तैनाती स्थल के लिए कार्य मुक्त किया गया। अनु सचिव नियुक्ति अभिजीत को खाद एवं रसद विभाग के लिए, अनु सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को वित्त विभाग के लिए कार्य मुक्त किया गया। उप सचिव चिकित्सा शिक्षा सत्य प्रकाश सिंह के वित्त विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें वर्तमान तैनाती स्थल हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह संयुक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा कृपा शंकर यादव के भी न्याय विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें हस्ताक्षर पर रोक लगा दी गई है।

# अटल राय बने निदेशक पंचायती राज, रमेश फिरोजाबाद के डीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार की ओर से प्रशासनिक फेरबदल जारी है। शासन ने मंगलवार को फिरोजाबाद के जिलाधिकारी समेत सात आईएएस अधिकारियों का तबादला किया। विशेष सचिव खाद्य एवं रसद अटल कुमार राय अब निदेशक पंचायती राज होंगे। फिरोजाबाद के डीएम रहे उज्ज्वल कुमार को विशेष सचिव एमएसएमई के पद पर भेजा गया है, जबकि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक रमेश रंजन को फिरोजाबाद का नया डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव एमएसएमई अरुण प्रकाश अब विशेष सचिव नगर विकास होंगे। विशेष सचिव युवा कल्याण गौरव वर्मा को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन के पद पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव गन्ना विकास शेषनाथ को विशेष सचिव लोक निर्माण के पद पर भेजा गया है। अपर निबंधक सहकारिता ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन का दायित्व सौंपा गया है।

**चुनाव आयुक्त की रेस में** : भारत निर्वाचन आयोग में दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होनी है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 15 मार्च को बैठक होगी। माना जा रही है, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। चुनाव आयुक्त की रेस में 1988 बैच की आईएएस राधा चौहान और राजस्थान कैडर के आईएएस रोहित कुमार सिंह का नाम चर्चा में है।

# जिस जाति की संख्या भारी उसी का बसपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजग और इंडी गठबंधन से दूर बहुजन समाज पार्टी खामोशी से लोकसभा चुनाव में ताकत दिखाने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। पार्टी प्रमुख मायावती दलित समाज के साथ अन्य जातीय मतों के ध्रुवीकरण की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर सीटें जीतने की गणित को महत्व दे रही हैं। टिकट देने का सूत्र तय हुआ है कि जिस जाति की संख्या भारी, उसी का हो बसपा प्रत्याशी। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा में इसका साफ संदेश दिया गया है।

बसपा इसबार लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों की घोषणा मुख्यालय के बजाय क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर के जरिए कर रही है। चुनाव प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि प्रत्याशी चयन में बसपा किसी से पीछे नहीं है, बल्कि भाजपा और सपा के शोर-शराबे के साथ की जा रही घोषणाओं से इतर पार्टी सुप्रीमो मायावती एक-दो और पांच-दस सीटों की धीरे-धीरे प्रत्याशियों का चयन कोआर्डिनेटर का माध्यम से सामने ला रही है। हालांकि सूची लगभग सभी सीटों की तैयार है। यही नहीं पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, बिहार आदि राज्यों में प्रत्याशी चयन को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है।

### कन्नौज से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी प्रत्याशी

बसपा ने मंगलवार को कन्नौज लोकसभा सीट से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी को प्रत्याशी घोषित कर सपा और भाजपा को घेरने की कोशिश की है। इसके पहले दो दिन में चार और प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं, जो सभी मुस्लिम हैं। इनमें पीलीभीत से पूर्व मंत्री अनीस अहमद फूल बाबू, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन और मुरादाबाद से इरफान सैफी हैं। इससे अंदरखाने जहां भाजपा नेता खुश हैं तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन नेताओं की चिंता बढ़ गई है। 2014 में भी बसपा ने अकेले चुनाव लड़ा था, जिसका फायदा भाजपा को मिला और मुरादाबाद मंडल की सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि 2019 में बसपा-सपा के गठबंधन से मुकाबला करने उतरी भाजपा मंडल में खाता भी नहीं खोल पाई थी।

- बसपा में सोशल इंजीनियरिंग और वोट ट्रांसफर कराने की रणनीति पर टिकट

वैसे बसपा का काशीराम के जमाने में फार्मूला था कि सोशल इंजीनियरिंग के जरिए दलितों के साथ अन्य पिछड़ी और अतिपिछड़ी जातियों को पार्टी से जोड़कर वोट बैंक बनाया जाए। मगर, बाद में मायावती ने ऐसे तमाम नेताओं को पहले शिखर तक पहुंचाया, फिर अलग-अलग आरोपों के सामने आने के साथ पर कतरने और बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया। इससे वोट बैंक छिटकते गए। इसका असर है कि उप्र. विधानसभा में एक मात्र विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है।

मायावती का एक दशक पहले विधानसभा और लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन के पीछे सबसे हिट गणित रही है कि इलाके में जिस जाति की संख्या ज्यादा हो, उसे टिकट देकर दलित वोट के समीकरण से सीट जीती जाए। मगर, इस जीत में निर्णायक की भूमिका तब सपा से बसपा में वोट करने वाले मुसलमानों की ज्यादा संख्या का असर ज्यादा रहा है। साथ ही, अन्य पिछड़ी जातियों का झुकाव बसपा में था। एक दशक से मोदी मैजिक के दौर में ओबीसी जातियों का समीकरण सपा और बसपा दोनों से बिगड़ गया है।

इस बार लोकसभा चुनाव में मुसलमानों का झुकाव इंडी गठबंधन के साथ ज्यादा दिख रहा है। ऐसे में बसपा जाट लैंड में जाट प्रत्याशी और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में मुसलमानों को अब दिए गए टिकट से सपा और भाजपा दोनों को नुकसान पहुंचाती दिख रही है।

# यूपी में पर्यटन की अपार संभावनाएं : जयवीर




कार्यक्रम के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी ट्रैवल मार्ट- 2024 को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश धार्मिक, आर्थिक और प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। यहां पर्यटन की संभावनायें हैं। सरकार भी प्रयासरत है। दुनिया भर के टॉप ब्रांड आज अयोध्या में होटल बना रहे हैं। 2023 में करीब 48 करोड़ घरेलू पर्यटक यूपी पहुंचे थे। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में यूपी सरकार और फिक्की की ओर से आयोजित यूपी ट्रेवल मार्ट-2024 के दौरान पत्रकारों से कही।

मंत्री ने कहा प्रदेश में पर्यटन स्थल की खासियत और पर्यटकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी यूपी ट्रेवल मार्ट के जरिये की जा रही है। पर्यटन स्थल वहां से जुड़ी कहानियों की जानकारी से लोगों का आकर्षित करते हैं। बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने में कानून व्यवस्था और कनेक्टिविटी का योगदान होता है। इन तीनों मामलों में यूपी बेहतर है। बता दें सरकार के पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने मिलकर यूपी ट्रैवल मार्ट (यूपीटीएम) के छठे संस्करण का आयोजन 25 से 29 अप्रैल 2024 तक गोरखपुर में करने की घोषणा की है। इसी को लेकर आयोजित कर्टन रेजर में फिक्की और यूपी पर्यटन और उप-समिति के अध्यक्ष प्रतीक हीरा ने यूपी ट्रैवल मार्ट की जानकारी दी।


## वर्ग पहेली-8

**बाएं से दाएं**

1. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. गरूर)।
3. 1. छेद करना, बेधना, भेदना 2. क्षत या घाव करना 3. छिन्न करना, काटना 4. किसी तल में नुकीली वस्तु धंसाकर उसमें सुराख़ करना।
6. 1. चकमा देने वाला, फ़रेबी, फुसलाने वाला, झूठा आश्वासन देने वाला 2. दम देने या लगाने वाला, गांजा
10. वह कल्पित जिन्न या प्रेत जिसकी मुस्लिम समाज की स्त्रियों द्वारा पूजा की जाती है।

**ऊपर से नीचे**

2. रूढ़ परंपराओं को ज्यों का त्यों मान लेने वाली विचारधारा या प्रथा।
4. लंबा, विशाल, विस्तृत।
5. 1. छोटी पहाड़ी 2. टीला 3. चम्मच 4. एक ही काठ की बनी हुई नाव।
7. विवश, लाचार, जिसपर ज़ब्र किया गया हो, नि:सहाय।
8. सुस्ती, शिथिलता, उत्साहहीनता।
9. 1. सामान्य, मामूली, सार्वजनिक, आम 2. बहुत-सी जगह पर मिलने वाला, साधारण।



### वर्ग पहेली -7 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 थी | | 2 कि | य | त |
| 3 तू | ल | म | तू | ल | | |
| | | | | 4 क | ले | जी |
| | 5 उ | घा | ड़ | ना | | |
| 6 ए | षा | | | | | 7 ख |
| | गा | | | | | ट |
| 8 यौ | न | शो | ष | ण | | ना |

## सुडोकू -87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 6 | | | | 5 | |
| | | | | 3 | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 4 | | 3 | | 8 | | 5 | | |
| | 2 | | | | 9 | | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | | |
| | 6 | | | | 5 | 2 | | 1 |

### सुडोकू -86 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 14 मार्च 01.25 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 18.24 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष**: आज परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। कारोबार में सब कुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

**वृष**: आज यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

**मिथुन**: आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमीजन की भावनाओं की कद्र करें।

**कर्क**: आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं।

**सिंह**: आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**कन्या**: आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। ज्यादा सोचने की आदत से आपको बचना चाहिए। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

**तुला**: आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं।

**वृश्चिक**: आज आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

**धनु**: आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

**मकर**: आज योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

**कुंभ**: आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

**मीन**: आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | जान से प्यारा | सुबह : 11.01 |
| B4U Movies | दानवीर | शाम : 04.13 |
| Sony Max | बाहुबली 2 | सुबह : 09.58 |
| Sony Max | अनाड़ी | रात : 07.00 |
| Sony Pix | एस्केप रूम | सुबह : 10.28 |
| Sony Pix | द कान्जरिंग | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | यहां | सुबह : 10.30 |
| Zee Cinema | फ्रीकी अली | रात : 07.30 |
| Colors Cineplex | स्वदेश | दोपहर : 12.45 |
| Colors Cineplex | उंगली | रात : 10.35 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

कल मिंकी ने पड़ोसन से मिक्सी मांगी।
पड़ोसन- यहीं आकर यूज कर लो।
दूसरे दिन उसी पड़ोसन ने कहा, जरा अपनी झाड़ू दे दो।
मिंकी- तुम यहीं आकर यूज कर लो।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 डीएमओ 885 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14400-14500 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12100 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4950-5050 |
| मसूरमलका | 7000-7050 |
| मसूरदाल | 7100-7150 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी पड़कर 3.8% पर

## जनवरी के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आंकड़े जारी, दिसंबर वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत थी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से जनवरी, 2024 में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी होकर 3.8 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाले कारखाना उत्पादन की वृद्धि जनवरी, 2023 में 5.8 प्रतिशत रही थी। वहीं, एक महीने पहले दिसंबर, 2023 में आईआईपी की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही थी, जबकि नवंबर में यह 2.4 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह यानी जनवरी तक औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 5.9 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा-जनवरी, 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 3.8 प्रतिशत बढ़ गया।

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि जनवरी में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत थी। जनवरी के महीने में बिजली क्षेत्र का उत्पादन भी धीमी 5.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 12.7 प्रतिशत बढ़ा था। इसके अलावा समीक्षाधीन महीने में खनन उत्पादन वृद्धि भी साल भर पहले के नौ प्रतिशत के मुकाबले घटकर 5.9 प्रतिशत रह गई। देश में उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, जनवरी माह में पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 10.5 प्रतिशत रही थी।

### खुदरा मुद्रास्फीति मामूली नरम होकर 5.09% पर



खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में मामूली घटकर चार महीने के निचले स्तर 5.09 प्रतिशत पर आ गई। इसके साथ, यह लगातार छठे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में 5.1 प्रतिशत के लगभग बराबर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी में 8.66 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 8.3 प्रतिशत से मामूली अधिक है। मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल तथा उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई।

## मांडविया ने जन औषधि केंद्र संचालकों के लिए शुरू की ऋण योजना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि जन औषधि केंद्रों के संचालकों के लिए सिडबी की ऋण सहायता योजना इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने और मजबूती देने में मददगार साबित होगी। मांडविया ने ऋण सहायता योजना और इसके लिए एक समर्पित वेबसाइट की शुरुआत करने के बाद कहा कि जन औषधि केंद्र के छोटे संचालकों को बिना किसी गारंटी के सिडबी से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिडबी की इस योजना से जन औषधि केंद्र के संचालकों को कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। ऐसे कर्ज पर गारंटी, चाहे कार्यशील पूंजी हो या सावधि ऋण को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की तरफ से मुहैया कराया जा रहा है।

## आंकड़ों की कमी से किसानों की आय का पता लगाना मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद बोले-ये कमी बन गई है बाधा



नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा है कि किसानों की आय दोगुनी हई है या नहीं, इसका पता लगाने के रास्ते में कृषकों और अन्य स्रोतों से उनकी आय को लेकर आंकड़ों की कमी बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे हैं।

रमेश चंद ने यह भी कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिये तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने बातचीत में कहा-सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत है। लेकिन आवश्यक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2016 में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों के बारे में सुझाव देने को लेकर अप्रैल, 2016 में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई गई थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,200-50,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## यूएसएफओ, प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी की साझेदारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) के अंतर्गत सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) ने प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। यह समझौता देश भर में सस्ती और सुलभ डिजिटल सेवाओं का प्रसार करेगा।

समझौते का उद्देश्य सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के अंतर्गत भारतनेट बुनियादी ढांचे पर आधारित ग्रामीण भारत के लिए ब्रॉडबैंड सेवाओं को ओटीटी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ सहयोग करना है। डिजिटल नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और अटूट प्रतिबद्धता ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए संपर्क, सामग्री और वाणिज्य के समन्वय वाले इस अद्वितीय सहयोग को रेखांकित करती है।

यूएसओएफ देश में ग्राम पंचायतों और गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल कनेक्शन को सक्षम बनाने में सहायक रहा है। किया गया यह समझौता ज्ञापन प्रत्येक उपभोक्ताओं के बीच समूह प्रसार भारती ओटीटी को एक सेवा के रूप में सक्षम करेगा।

## वनवेब को जल्द स्पेक्ट्रम आवंटन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारती समूह द्वारा समर्थित वनवेब ने स्पेक्ट्रम के लिए आवेदन किया है और उसे उम्मीद है कि रेडियो तरंगों का शीघ्र आवंटन हो जाएगा। ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचसीआईपीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिवाजी चटर्जी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी को इस साल जून तक वाणिज्यिक उपग्रह संचार सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। एचसीआईपीएल और वनवेब ने पूरे भारत में 'लो अर्थ ऑर्बिट' (एलईओ) संपर्क सेवाएं मुहैया कराने के लिए एक छह वर्षीय वितरण भागीदार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## जीडीपी वृद्धि दर 8% के करीब रहेगी: नागेश्वरन

**मुंबई, एजेंसी**

- मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले उत्साह में सजग रहने की जरूरत



उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने पंजीकृत निवेश सलाहकार संघ (एआरआईए) के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिसे संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धि सांख्यिकी मंत्रालय के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक होगी। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में भारत की संभावनाओं के बारे में आशावादी होने के कई कारण हैं।

नागेश्वरन ने कहा-अगर चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं होते हैं, जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखे हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत के बजाय आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। गौरतलब है कि सांख्यिकी मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने हालांकि जीत की खुशी से प्रभावित हुए बिना लक्ष्य की ओर विनम्रता के साथ काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में हमें उच्च गति छोटी अवधि के लिए नहीं, बल्कि लंबी अवधि के लिए बनाए रखनी है। सीईए ने कहा कि 2023-24 में उद्योग और सेवाओं में वृद्धि भी देखी जा रही है।



# 10 साल तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत दूर तक जाना है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने की गुजरात के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक की शुरुआत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के पास देश की विरासत को बचाने की ''राजनीतिक इच्छाशक्ति'' नहीं थी और जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, उसका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद शहर के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक 'मास्टरप्लान' की शुरुआत की और 12 मार्च, 1930 को महात्मा गांधी द्वारा निकाले गए प्रसिद्ध दांडी मार्च या नमक मार्च के 94 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का भी उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री



अहमदाबाद में गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

नरेंद्र मोदी आज गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये 10 साल का काम सिर्फ एक ट्रेलर है, मुझे अभी लंबा सफर तय करना है।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा-जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, वह अपना भविष्य भी खो देता है। साबरमती आश्रम न सिर्फ देश, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए एक धरोहर है। मोदी ने कहा-साबरमती आश्रम न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बल्कि विकसित भारत के लिए भी तीर्थस्थल बन गया है। आज बापू की सोच हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य को एक स्पष्ट दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बनी सरकारों के पास देश के ऐसे धरोहर स्थलों को संजोकर रखने के लिए कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। कहा-इसका एक कारण भारत को विदेशी नजरिए से देखने की आदत थी और दूसरा कारण, तुष्टीकरण की मजबूरी थी।

### 85,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 10 नयी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत करने के साथ 85,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (समर्पित माल ढुलाई गलियारा यानी डीएफसी) परिचालन नियंत्रण केंद्र' का दौरा करने के बाद गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती क्षेत्र से परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने रेलवे कार्यशालाओं, लोको शेड, पिट लाइन/कोचिंग डिपो, फलटण - बारामती नयी लाइन और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी तथा पूर्वी डीएफसी के न्यू खुर्जा से साहनेवाल (401 मार्ग किमी) खंड और पश्चिमी डीएफसी के न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड खंड (244 मार्ग किमी) के बीच समर्पित माल गलियारे के दो नए खंड राष्ट्र को समर्पित किए। उन्होंने चार वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार की भी शुरुआत की। उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशन पर 50 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए।

## आप अयोग्य ठहराए जाने पर कोर्ट क्यों नहीं गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**अयोग्यता मामला**

- उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के 6 बागी विधायकों से किया सवाल



उच्चतम न्यायालय ने हाल में राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों से मंगलवार को पूछा कि वे उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 29 फरवरी को पार्टी व्हिप का 'उल्लंघन' करने पर कांग्रेस की अर्जी पर छह विधायकों को (सदन की सदस्यता के लिए) अयोग्य करार दिया था। इस व्हिप के अनुसार, उन्हें विधानसभा में मौजूद रहकर बजट के पक्ष में मतदान करना था। बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी, जो न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। इन याचिकाकर्ताओं के वकील ने यह कहते हुए पीठ से इस मामले की सुनवाई 15 या 18 मार्च के लिये स्थगित कर देने का अनुरोध किया कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे उनकी ओर से पेश होंगे, लेकिन वह सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा-लेकिन, हमें एक बात बताइए, आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए?'' जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने याचिका में इसकी वजह स्पष्ट की है और यह कि वे विधायक के रूप में निर्वाचित हुए हैं, तब पीठ ने कहा कि यह मौलिक अधिकार नहीं है। वकील ने कहा कि यह दुर्लभ मामला है, जहां 18 घंटे के अंदर विधानसभा अध्यक्ष ने हमें अयोग्य करार दिया। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च तय की। याचिकाकर्ताओं ने पठानिया, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा अन्य को इस याचिका में प्रतिवादी बनाया है। कांग्रेस के इन बागियों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था और बाद में वे बजट पर 'मत विभाजन' में अनुपस्थित रहे थे।

## एक नजर

### मुंबई में इमारत गिरने से 3 श्रमिकों की मौत

**मुंबई।** मुंबई के बोरीवली में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा गिर जाने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब एक बजे सोनी वाडी इलाके में कल्पना चावला चौक पर हुई। बताया कि निर्माणाधीन 24 मंजिला इमारत की 16वीं मंजिल पर स्थित मचान का कुछ हिस्सा गिर गया, जिससे चार श्रमिक घायल हो गए। उन्हें कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से तीन श्रमिकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे पीड़ित की हालत गंभीर है।

### छह वाट का बल्ब बचाएगा 30 प्रतिशत बिजली

**नई दिल्ली।** ऊर्जा बचत समाधान मुहैया कराने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईईएसएल ने मंगलवार को छह वाट के एलईडी बल्ब की पेशकश की। इस बल्ब से बिजली की खपत में लगभग 30 प्रतिशत की बचत होगी। यह एलईडी बल्ब किफायती प्रकाश योजना उजाला के तहत उपभोक्ताओं को मिलेगा। बता दें कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) बिजली मंत्रालय के तहत एक संयुक्त उद्यम है।

## मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, जैन और सिख शरणार्थियों को सम्मानित किया

**हैदराबाद, एजेंसी**

- तेलंगाना में अमित शाह ने स्वयंसेवकों की बैठक को किया संबोधित



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के जरिये हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन शरणार्थियों को नागरिकता देकर सम्मानित किया है। यहां भाजपा सोशल मीडिया स्वयंसेवकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण सीएए का विरोध किया।

शाह ने सीएए लागू करने को जायज ठहराते हुए कहा, ''हमने कहा था कि हम सीएए लाएंगे। कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा, ''आजादी के बाद कांग्रेस और हमारे संविधान निर्माताओं का यह वादा था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर सताये गए लोगों को भारत आने पर नागरिकता प्रदान की जाएगी, लेकिन तुष्टीकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लाखों-करोड़ों लोग अपनी आस्था और सम्मान को बचाने के लिए भारत आए लेकिन उन्हें नागरिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा-नागरिकता नहीं मिलने से उन्होंने अपने देश में खुद को अपमानित महसूस किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख शरणार्थियों को नागरिकता देकर उनका सम्मान किया है। शाह ने अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक को खत्म करने और देश के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने जैसी मोदी सरकार की कुछ उपलब्धियों को रेखांकित किया।

## राहुल ने महाराष्ट्र में किया जातिगत गणना का वादा

**मुंबई, एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो वह जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी तथा भाजपा नीत शासन में 'कमजोर' हुए वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद आदिवासी-बहुल नंदुरबार जिले में उन्होंने कहा कि भारत की आबादी में आदिवासियों की आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है और कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें विकास में उनकी जनसंख्या के अनुरूप हिस्सा मिले। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार 50% अधिक आदिवासी आबादी वाले गांवों को "संविधान की छठी अनुसूची" में शामिल करेगी, ताकि स्थानीय स्तर के फैसले आदिवासियों की सहमति के बिना लागू नहीं किए जा सकें।

## केंद्र सरकार ने बनाई न्यूज एजेंसी अनुराग ठाकुर आज करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली, ब्यूरो:** केंद्र सरकार ने समाचार एजेंसियों की तर्ज पर अपनी न्यूज एजेंसी का सृजन किया है। इसका शुभारंभ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर आज करेंगे।

सरकारी न्यूज एजेंसी शुरू करने की संरचना प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने तैयार की थी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह न्यूज़ एजेंसी ऑनलाइन हो जाएगी। कोई भी देश का नागरिक समाचार माध्यम जैसे अखबार, मैगजीन, यू ट्यूबर, डिजिटल मीडिया आदि इस एजेंसी के माध्यम से फ्री सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

## राशन वितरण घोटाले में शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राशन वितरण में कथित घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के सिलसिले में, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। ईडी ने मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को इससे पहले गिरफ्तार किया था। वह 2011 से 2021 तक प्रदेश सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री थे। न्यायमूर्ति देबांगशु बासक ने शेख के वकील और ईडी की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, ईडी ने शेख की याचिका का विरोध किया।

## मोरारजी देसाई योग संस्थान में 9 माह से निदेशक नहीं

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

**लापरवाही**

- आयुष मंत्रालय को अपनी पसंद की है तलाश

**अमृत विचार:** उत्तर भारत के योग क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाने वाला "मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान" पिछले 9 माह से नेतृत्व विहीन है। डा. ईश्वर वी बसवारेड्डी द्वारा गत वर्ष अवकाश ग्रहण करने के बाद निर्देशक का पद रिक्त है।

संस्थान के सूत्रों के मुताबिक डॉ. बसवारेड्डी गत वर्ष 30 जून को रिटायर हुए थे। उससे पहले इस पद पर योग्य उम्मीदवार के लिए विज्ञापन भी जारी किया गया था लेकिन आयुष मंत्रालय ने किसी को भी उक्त पद के लिए उपयुक्त नहीं समझा और मंत्रालय के एक निदेशक विक्रम सिंह को कार्यवाहक के रूप में संस्थान की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई। उन्होंने 13 दिसंबर तक निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इसी बीच चर्चा थी कि किसी योग गुरु को निदेशक बनाया जाएगा। लेकिन 22 दिसंबर को आयुष मंत्रालय की एक अन्य निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया। इसकी वजह से मंत्रालय के तमाम फैसले काफी विलंब से हो रहे हैं क्योंकि क्योंकि फुल टाइमर निदेशक नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अशोक रोड स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का परिसर कभी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योग गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी का आवास हुआ करता था। उनकी मृत्यु के बाद शहरी विकास मंत्रालय ने यह परिसर धीरेंद्र ब्रह्मचारी के शिष्यों से खाली करवा लिया और वहां पर आलीशान इमारत बनवाकर मोरारजी देसाई योग संस्थान की स्थापना कर दी गई थी। स्थापना के कई वर्षों बाद तक इस संस्थान में केवल डिप्लोमा होता था। लेकिन पूर्व निदेशक डा. बसवारेड्डी के अथक प्रयासों के चलते इसमें बीएससी एवं एमएससी पाठ्यक्रम को भी लागू कर दिया गया। इन दिनों पीएचडी पाठ्यक्रम की भी तैयारी चल रही थी और इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की भी प्रक्रिया शुरू हुई थी। मगर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेदिक लॉबी के दबाव के चलते इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने का फैसला वापस ले लिया गया और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में योग की जगह आयुष विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

कुल मिलाकर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सकों की वजह से योग संस्थान में ग्रहण लगा हुआ है।उसका सबसे बड़ा उदाहरण 9 माह से निदेशक पद पर किसी की नियुक्ति न होना है।

इस संबंध में योग संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि निदेशक पद पर किसी योग्य योग गुरु को नियुक्त करने के लिए दो-दो बार विज्ञापन दिए जा चुके हैं और प्रक्रिया जारी है।

# यशस्वी बने आईसीसी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई, एजेंसी**

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फरवरी के लिए आईसीसी के महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुना गया। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में 712 रन बनाए, जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से बनाया बड़ा स्कोर है।

उन्होंने दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक लगाकर भारत को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राजकोट में दोहरी शतकीय पारी के दौरान 12 छक्के लगाकर टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कहा कि मैं पुरस्कार पाकर खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और पुरस्कार मिलेंगे। यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ और मेरी पहली श्रृंखला थी। मैंने वास्तव में इसका लुत्फ उठाया। मैंने अच्छा खेल दिखाया और हम श्रृंखला 4-1 से जीतने में सफल रहे। मेरे सभी साथी खिलाड़ियों के साथ यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। उन्होंने विशाखापत्तनम में 219 रन की पारी खेलने के बाद राजकोट में नाबाद 214 रन बनाए थे।



### दो दोहरे शतक जड़ने वाले तीसरे युवा खिलाड़ी

दो दोहरे शतक जड़ने वाले वह डॉन ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने फरवरी में तीन टेस्ट मैचों में 112 की औसत से 560 रन बनाए, जिसमें 20 छक्के थे। जायसवाल ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पथुम निसांका को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

# मुंबई ने विदर्भ को दिया 538 रन का विशाल लक्ष्य

## मुशीर खान ने 136, श्रेयस अय्यर ने 95 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 73 रन की खेली शानदार पारी

**मुंबई, एजेंसी**

मुशीर खान (136) के शतक के अलावा श्रेयस अय्यर (95) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (73) के अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को विदर्भ को 538 रन का विशाल लक्ष्य दिया।

दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने बिना विकेट खोए 10 रन बना लिए हैं। ध्रुव शोरे सात और अथर्व ताइडे तीन रन बनाकर खेल रहे है। टीम को जीत के लिए 528 रन और बनाने हैं। मुंबई के बल्लेबाज मंगलवार को अधिक स्वच्छंद होकर खेले और टीम ने दूसरी पारी में 418 रन बनाए। मुंबई की पहली पारी के 224 रन के जवाब में विदर्भ ने पहली पारी में 105 रन ही बनाए और 119 रन से पिछड़ गए। मुंबई ने दिन की शुरुआत 2 विकेट पर 141 रन से की। रहाणे ने 58 रन से आगे खेलते हुए चौका जड़ा लेकिन हर्ष दुबे (5 विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर अक्षय वाडकर को कैच दे बैठे। उन्होंने 143 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का मारा। अय्यर ने 111 गेंद की पारी में 10 चौके और 3 छक्के मारे। उन्होंने मुशीर के साथ चौथे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। अय्यर शतक से सिर्फ 5 रन से चूक गए। उन्होंने आदित्य ठाकरे (1 विकेट) की गेंद पर लॉग ऑन पर अमन मोखाडे को कैच दे दिया। मुशीर ने बल्लेबाजी करते हुए आसानी से एक और दो रन जुटाए। उन्होंने खराब गेंद को सबक सिखाने में कोताही भी नहीं बरती। इस साल रणजी नॉकआउट मुकाबलों में नाबाद 203 और 55 रन की पारी खेलने वाले मुशीर ने मुंबई के मध्य क्रम को मजबूती दी और 326 गेंद पर 10 चौके मारे। दुबे ने पहली की तरह दूसरी पारी में भी मुशीर को पगबाधा किया। मुंबई के शम्स मुलानी ने 85 गेंद में 6 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन बनाकर टीम की बढ़त को 500 रन के पार पहुंचाया।



## खेल डायरी

### रोनाल्डो के गोल के बावजूद बाहर हुआ अल नासर



**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल नासर की टीम एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हार के बाहर हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन के खिलाफ पहले चरण के मुकाबले में 0-1 की हार के बाद अल नासर ने सोमवार को दूसरे चरण का मुकाबला 4-3 से जीता। कुल स्कोर पर मुकाबला 4-4 से बराबर होने के बाद पेनल्टी शूट आउट में अल नासर को 1-3 से शिकस्त मिली। शूट आउट में मेजबान टीम की ओर से सिर्फ रोनाल्डो गोल कर पाए। रोनाल्डो ने नियमित समय में कई मौके गंवाए। एक बार तो वह सिर्फ दो मीटर की दूरी से गेंद को गोल में डालने में नाकाम रहे जबकि अल ऐन के गोलकीपर खालिद ईसा मैदान पर गिरे हुए थे।

### चेल्सी ने ईपीएल में न्यूकासल को हराया

**लंदन, एजेंसी।** कोल पाल्मर ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यूकासल को 3-2 से हराया। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट की मौजूदगी में पाल्मर चेल्सी के लिए पांच मैच में गोल करने वाले छठे खिलाड़ी बने। पाल्मर ने 57वें मिनट में गोल दागा जो उनका सत्र का 11वां गोल है। वहीं निकोलस जैकसन (छठे मिनट) और मिखाइलो मुद्रिक (76वें मिनट) ने भी चेल्सी की ओर से गोल किए। न्यूकासल के एलेक्सांद्र आइसेक और जैकब मर्फी ने गोल दागे।

### उडिनेस ने सिरी ए में लाजियो को दी मात

**रोम, एजेंसी।** उडिनेस ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यहां लाजियो को 2-1 से मात दी। उडिनेस की यह साल की सिर्फ दूसरी जीत है, लेकिन इसकी बदौलत वह निचली लीग में खिसकने वाली टीमों के समूह से बाहर आ गया है। टीम ने इस साल इससे पहले सिर्फ यूवेंटस को हराया था और संभावित 27 में से सिर्फ सात अंक जुटा पाई थी। इस जीत से उडिनेस चार स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि लाजियो नौवें स्थान पर है। लोरेंजो लुका ने 47वें मिनट में उडिनेस को बढ़त दिलाई, लेकिन लाजियो ने दो मिनट बाद लॉटेरो जियानेटी के गोल से बराबरी हासिल की।

### लुका नार्डी ने जोकोविच को हराकर किया उलटफेर

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** लुका नार्डी ने शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 3 सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 123वें नंबर के खिलाड़ी नार्डी ने जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। इटली के नार्डी ने 'लकी लूजर' के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। लकी लूजर वह खिलाड़ी होता है जो क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में हार जाता है लेकिन पहले दौर से पूर्व हटने वाले चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर उसे मौका मिलता है।

# पंत आईपीएल के लिए फिट, दिल्ली के कप्तान के रूप में होगी वापसी

## बेहतर प्रदर्शन पर टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए फिट घोषित कर दिया, जिससे टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की उनकी संभावना बढ़ गई।

पंत को 14 महीने पहले कार दुर्घटना में चोटें लगी थीं। पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और विस्तृत रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बाद 22 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में दोहरी जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं। इससे लीग में उनकी भूमिका को लेकर लग रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। बीसीसीआई ने कहा कि 30 दिसंबर 2022 को उत्तराखंड के रूड़की में पास सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद 14 महीने के रिहैबिलिटेशन और उबरने की प्रक्रिया से गुजरने के बाद पंत को आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। कुछ हफ्ते पहले पंत ने कहा था कि उन्हें याद है कि डॉक्टर ने उनसे कहा कि ठीक होने में 16 से 18 महीने लगेंगे। मैंने कहा कि इसमें छह महीने कम कर दूंगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें एक हफ्ते पहले फिट घोषित किया था जब उन्होंने सभी फिटनेस परीक्षण पास किए थे। उन्होंने एनसीए द्वारा तैयार मैच जैसी स्थिति में लंबी बल्लेबाजी और लंबे समय तक विकेटकीपिंग की। ऐसी अटकलें थीं कि वह आईपीएल में केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' या बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन छह वर्षों में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक पंत वापसी करने को तैयार हैं। पंत के विकेटकीपिंग का मतलब यह भी है कि अगर वह आईपीएल में प्रभावशाली पारियां खेल पाते हैं तो उनके पास टी-20 विश्व कप खेलने का मौका होगा। पंत पिछले साल आईपीएल नीलामी के दौरान कैपिटल्स के अधिकारियों के साथ मौजूद थे और दुर्घटना के बाद से वह एनसीए में फिटनेस पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की कि गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की सर्जरी से आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनके सितंबर से पहले वापसी की उम्मीद नहीं है। इस गेंदबाज की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी को सर्जरी हुई। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है और वह आईपीएल से बाहर हैं। मेडिकल टीम राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर भी नजर रखे हुए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि तेज गेंदबाज की 23 फरवरी को बाईं जांघ की सर्जरी हुई।



### कोहली की आक्रामकता टीम को जरूरी जज्बा देती है: कुंबले



**बेंगलुरू।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता से हैरान हैं और उनका मानना है कि मैदान पर उनकी आक्रामकता, वह जिस भी टीम के लिए खेलते हैं, उसे जरूरी जज्बा देती है। कुंबले इसे कोहली की बड़ी विरासत मानते हैं जो आईपीएल के सभी 16 सत्र में सिर्फ एक फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से खेलने वाले खिलाड़ी हैं। कुंबले ने कहा कि मैं इसे प्रदर्शन में निरंतरता कहूंगा। जब मैं आरसीबी का हिस्सा था तो मैंने उसे आरसीबी में देखा था जहां अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद उसने टी-20 करियर की शुरुआत की थी। वह जिस तरह क्रिकेट खेलना चाहता है उस तरीके और सफेद गेंद के क्रिकेट में उसके प्रदर्शन में बदलाव आया। टेस्ट में हम उसकी महानता के बारे में जानते हैं।

# रोहित असाधारण कप्तान ही नहीं अच्छे इंसान भी: अश्विन

**चेन्नई, एजेंसी**

रविचंद्रन अश्विन के मन में असाधारण कप्तान के रूप में रोहित शर्मा के लिए हमेशा सम्मान रहा है लेकिन जब इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दौरान उनकी मां बीमार पड़ी तो उन्होंने जाना कि भारतीय कप्तान बहुत अच्छा इंसान भी हैं।

अश्विन का मानना है कि ऐसे समय में जहां लोग अपने बारे में सोचते हैं वहां रोहित जैसे नेतृत्वकर्ता भी हैं जो साथियों के लिए सब कुछ न्योछावर करने को तैयार रहते हैं। अश्विन को अपनी मां के बीमार होने से अपना 500वां टेस्ट विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद चेन्नई जाना पड़ा था। अश्विन ने कहा कि मैं कमरे में रो रहा था और किसी का फोन नहीं उठा रहा था। ऐसे में रोहित और राहुल (द्रविड़) मेरे पास आए और मैंने उनसे कहा कि मैं कुछ नहीं सोच पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं अंतिम एकादश का हिस्सा था और अगर मैं टीम छोड़ दूंगा तो उसमें केवल 10 खिलाड़ी रह जाएंगे। दूसरी तरफ मैं मां के बारे में सोच रहा था। मैं मां के पास जाना चाहता था। अश्विन को बाद में एहसास हुआ कि रोहित ने उनके लिए जो किया वह अकल्पनीय था। उन्होंने कहा कि राजकोट हवाई अड्डा शाम छह बजे बंद हो गया था। मैं नहीं जानता था कि क्या करना है। रोहित मेरे लिए चार्टर्ड विमान की व्यवस्था करने में लगे थे। अश्विन ने चेतेश्वर पुजारा का भी आभार व्यक्त किया जो अहमदाबाद से राजकोट पहुंचा और उनके साथ चेन्नई तक गया।



### अंग्रेजी टीम कुलदीप के रहस्य सुलझाने में विफल: बॉयकॉट



**लंदन।** महान बल्लेबाज ज्योफ बॉयकॉट ने कहा कि अंग्रेजी टीम के बल्लेबाजों की स्पिनर कुलदीप यादव से निपटने में विफलता टेस्ट श्रृंखला में भारत के खिलाफ करारी हार के कारणों में से एक थी। इंग्लैंड ने श्रृंखला की शुरुआत हैदराबाद में जीत से की लेकिन 1-4 से हार गई। कुलदीप ने आखिरी 4 मैच में 19 विकेट लिए। उन्होंने कहा कि मैं हैरान था कि उनमें से कितने बल्लेबाज कुलदीप को नहीं पढ़ सके और श्रृंखला के अंत तक समझदारी नहीं दिखा रहे थे। एक गेंदबाज आपके लिए रहस्य बन सकता है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बल्लेबाजों को उनसे निपटने का तरीका ढूंढने में सक्षम होना चाहिए।

# ली के मुकाबले से हटने पर सिंधू दूसरे दौर में

**बर्मिंघम, एजेंसी**

### ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां जर्मनी की यिवोनी ली के पहले दौर के मुकाबले के बीच से हटने पर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पहला गेम 21-10 से जीता, जिसके बाद दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी ली ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। हैदराबाद की 28 साल की सिंधू अगले दौर में कोरिया की आन से यंग से भिड़ेंगी, जिनके खिलाफ उन्होंने अब तक सभी छह मुकाबले गंवाए हैं। सिंधू कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिर्फ एक बार गेम जीतने में सफल रही हैं और उन्होंने पिछले साल दुबई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछली बार हुए मुकाबले में ऐसा किया था। दाएं घुटने की चोट से उबर रहीं आन से ने रविवार को फ्रेंच ओपन के रूप में सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता था।



सिंधू ने ली के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 4-4 के स्कोर के बाद लगातार अंक बनाते हुए ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से अंक जुटाए। ली ने नेट पर सर्विस मारकर सिंधू को 11 गेम प्वाइंट दिए। जर्मनी की खिलाड़ी ने इसके बाद बाहर शॉट मारकर पहला गेम सिंधू की झोली में डाल दिया।

# आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में जगह की पक्की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एलिस पेरी (15 रन पर 6 विकेट और 40* रन) के खेल से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने मंगलवार को डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की की। मुंबई को 113 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने 15 ओवर में 3 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त किया। टीम की 8 मैचों में चौथी जीत है। मुंबई दूसरे और दिल्ली पहले स्थान पर है। इन तीनों टीमों ने प्लेऑफ में जगह बनाई हैं। प्लेयर ऑफ द मैच पेरी ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी करते हुए ऋचा घोष के साथ 76 रन की साझेदारी कर टीम की जीत पक्की की। ऋचा ने नाबाद 36 रन बनाए। मुंबई के लिए हेली मैथ्यूज (26) और संजीवन संजना (30) ने 43 रन की साझेदारी की, लेकिन पेरी ने मैच पर आरसीबी की पकड़ बना दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति ने मैथ्यूज और शबनम के खिलाफ चौके जड़े। मैथ्यूज ने उन्हें जबकि नेट सिवर ब्रंट ने स्मृति को आउट किया। दोनों का कैच विकेटकीपर प्रियंका बाला ने लपका। आरसीबी की पेरी ने पावरप्ले में टीम का स्कोर 2 विकेट पर 39 रन पहुंचाया। अगले ओवर में शबनम ने सोफी डिवाइन को चलता किया। पेरी और ऋचा घोष ने सभल कर बल्लेबाजी की। आखिरी गेंद पर पेरी ने चौका लगाकर टीम की जीत पर मुहर लगा दी।








### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**मुंबई इंडियंस : 113 पर आल आउट,** हेली मैथ्यूज 26 (23 गेंद), संजीवन सजना 30 (21 गेंद), प्रियंका बाला 19* (18 गेंद)। **विकेट :** एलिस पेरी 6

**आरसीबी : 115/3,** स्मृति मंधाना 11 (13 गेंद), एलिस पेरी 40* (38 गेंद), ऋचा घोष 36* (28 गेंद)। **विकेट :** शबनम 1, हेली मैथ्यूज 1, नेट साइवर-ब्रंट 1

## बॉलीवुड हलचल

### सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। यह देशभक्ति गाना अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। गाने को बी प्राक ने अपनी आवाज दी है और इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है। वहीं, इसके लिरिक्स मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। फिल्म योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।



### काजमी की सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली फिल्म बैंडिट शकुंतला

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्मकार हैदर काजमी की फिल्म बैंडिट शकुंतला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर डायमेंशन म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इसके निर्माता लियाकत गोला, उपेन्द्र कुमार, पिंटू कुमार, शरवन प्रसाद, हैदर काजमी हैं। यह फिल्म बिहार की शकुंतला देवी के जीवन पर आधारित है। दिलचस्प बात यह है कि शकुंतला देवी खुद मुख्य किरदार में है। इस फिल्म की शूटिंग बिहार के जहानाबाद जिला स्थित काको पाली गांव में हुई है। हैदर काजमी ने कहा कि फिल्म की झलक जनता ट्रेलर के माध्यम से देख सकती है। उन्होंने कहा कि बैंडिट शकुंतला सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह अदम्य का प्रमाण है ऐसे व्यक्तियों की भावना जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपना रास्ता खोजने का साहस करते हैं, अंतर्राष्ट्रीय आलोचकों ने फिल्म को पसंद किया है।




### सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा

**मुंबई, एजेंसी।** अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और मारी सेल्वराज निर्देशित अन्टाइटल्ड प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम और अनुपमा परमेश्वरन की मुख्य भूमिका होगी। अपनी पहली तमिल फिल्म पोर थोज़िल की सफलता के बाद, अप्लॉज एंटरटेनमेंट फिल्म निर्माता पा रंजीत और अदिति आनंद के साथ मल्टी फिल्म पार्टनरशिप की घोषणा कर रोमांचित हैं। इसके अंतर्गत सबसे पहला प्रोजेक्ट एक स्पोर्ट ड्रामा होगा, जिसका निर्देशन मारी सेल्वराज कर रहे हैं। इस ड्रामा में एक युवा व्यक्ति के जीवन के साहस, धैर्य और महिमा की कहानी को दर्शाया जाएगा। इस फिल्म में सुपरस्टार अभिनेता चियान विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम ने मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन नजर आएंगी। समीर नायर, प्रबंध निदेशक, अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने कहा, नीलम स्टूडियोज के साथ हमारा कलेबॉरशन अप्लॉज एंटरटेनमेंट के लिए एक रोमांचक अध्याय का प्रतीक है। एक एक्सट्राऑडिनारी स्पोर्ट्स ड्रामा के साथ शुरू होने वाली यह साझेदारी, प्रभावशाली कथाओं को बुनने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। पा रंजीत और मारी सेल्वराज जैसी प्रतिभा को एक साथ लाना, एक प्रतिभाशाली समूह द्वारा समर्थित, हमारे लिए साउथ इंडियन सिनेमा की जीवंत दुनिया में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने की नींव रखती है। नीलम स्टूडियोज के पा रंजीत और अदिति आनंद का मानना है कि पेरीयेरम पेरुमल की सफलता के बाद नीलम स्टूडियोज इस परियोजना पर मारी सेल्वराज के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित है। हम सार्थक सिनेमा और प्रामाणिक कहानियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करके बेहद खुश हैं। निर्देशक मारी सेल्वराज ने कहा, पा रंजीत अन्ना के साथ मेरी पहली फिल्म पेरीयेरुम पेरुमल थी। यही एक प्रमुख कारण था कि फिल्म इतनी मजबूत ऊंचाइयों तक पहुंची। यह मेरी अगली फिल्मों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम था। मैं अपनी 5वीं फिल्म के लिए एक और मजबूत साथी - अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।



### भोजपुरी फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया का वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से एक किसान अपनी बीवी की खूबसूरती की तारीफ कर रहा है। इस गाने में पति-पत्नी बने निरहुआ और आम्रपाली ने सबका दिल जीत लिया है। किसान बने निरहुआ प्यार भरी नजरों से आम्रपाली को निहार रहे हैं। उन्हें ऐसी नजर से ताकते हुए देखकर आम्रपाली कह रही हैं कि देखतानी मीठी मीठी मुस्की तू मारा तारा, टुक टुक काहे निहारा तारा, काथी तोरा मन मे साँवरिया हो तब दिनेश लाल यादव निरहुआ कहते हैं कि हटे हटावले ना हटे नजरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मन कर कस लिहिं भरि अकवरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मरून कलर सड़िया गाने को कल्पना पटवारी और नीलकमल सिंह ने गाया है। गीत प्यारेलाल यादव कवि ने लिखा है और संगीत ओझा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखे हैं। फिल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं, जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है। आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज ने गाने गाए हैं। फिल्म फसल के सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है, वहीं मारधाड़ का पक्ष हीरा यादव ने देखा है।

### ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करेंगे सलमान खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान दक्षिण भारतीय फिल्मों के निर्देशक ए आर मुरुगदोस की फिल्म में नजर आ सकते हैं। ए आर मुरुगदोस ने आमिर खान को लेकर सुपरहिट फिल्म गजनी बनाई थी। अब सलमान खान, ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करने जा रहे हैं। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ए आर मुरुगदोस और मेरे दोस्त साजिद नाडियाडवाला को अगले एक्साइटिंग प्रोजेक्ट में ज्वाइन करके बेहद खुश हूं। ये कोलाब्रेशन बहुत ही स्पेशल है, इस सफर में आपका प्यार और ढेर सारा आशीर्वाद चाहिए। ईद 2025 में रिलीज हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# भारतवंशी बनवा सकेंगे ओसीआई कार्ड : मुर्मू

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान की घोषणा

पोर्ट लुइस, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत ने मॉरीशस में रह रहे भारतवंशियों की सातवीं पीढ़ी को भारत की विदेशी नागरिकता (ओसीआई) कार्ड देने के लिए विशेष प्रविधान को मंजूरी दी है। यह कदम यहां के युवाओं उनके पूर्वजों की भूमि से फिर से जोड़ने का एक प्रयास है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि भारत सरकार पवित्र गंगा तालाब परिसर का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटक केंद्र के रूप में पुनर्विकास करने में मॉरीशस सरकार की मदद करेगी। वह तीन दिवसीय मारीशस की राजकीय यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को मारीशस के 56वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि वह समारोह में भाग लेकर बेहद खुश हैं और प्रार्थना करती हैं कि दोनों देशों के संबंध मजबूत बने रहें। इधर, मॉरीशस विश्वविद्यालय ने मंगलवार को राष्ट्रपति मुर्मु को डाक्टर आफ सिविल ला की मानद उपाधि से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'एक्स' पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महात्मा के सार्वभौमिक आदर्शों को याद किया और मॉरीशस में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने वाले महात्मा गांधी संस्थान में बापू को श्रद्धांजलि दी। समारोह में राष्ट्रपति ने मॉरीशस में अपनी सांस्कृति विरासत को संरक्षित करने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद दिया। आज मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस है। राष्ट्रपति मुर्मू इसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंची हैं। उन्होंने मॉरीशस में महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक एक छोटी मेट्रो यात्रा भी की। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी के दांडी मार्च की शुरुआत के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने मेट्रो में थोड़ी देर यात्रा की और मॉरीशस के महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन पहुंचीं।


ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

# लोस चुनाव में 8.1% नए मतदाताओं की बढ़ोतरी

*इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे। ये लोग ही भारत को दुनिया में वोट डालने वाले सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में से एक बनाते हैं। यह संख्या 2019 के चुनावों से पहले रजिस्टर्ड 89.6 करोड़ लोगों से 8.1% अधिक है। इस बार कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता (2019 से 6.9% अधिक) और 47.1 करोड़ महिलाएं (9.3% अधिक) शामिल हैं। यह देश की आबादी का 66.8% है। देश में इस बार 21.6 करोड़ 18-29 वर्ष की आयु के मतदाता है। इनकी संख्या कुल मतदाताओं के 22% से अधिक हैं।*



## 2 करोड़ युवा पहली बार करेंगे मतदान

लेटेस्ट वोटर लिस्ट में 18-19 आयु वर्ग के लगभग 1.85 करोड़ पहली बार मतदाताओं को जोड़ा गया है। यह 2019 में जोड़े गए 18-19 वर्ष के बच्चों से 22.7% अधिक है। साथ ही, 17 साल से अधिक उम्र के युवाओं से नामांकन के लिए 10.6 लाख अग्रिम आवेदन प्राप्त हुए हैं। 2024 की अंतिम सूची के अनुसार, 20-29 आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 19.7 करोड़ से अधिक है। 1 जनवरी, 2024 तक थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 48,044 है। यह 2019 में 39,683 से अधिक है, जबकि पीडब्ल्यूडी (विकलांग व्यक्ति) मतदाता 45.6 लाख से 88.4 लाख हो गए हैं। यह संख्या लगभग दोगुनी बढ़ी है। नवीनतम सूची में 1.86 करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। इनमें 2.38 लाख 100 साल या इससे अधिक उम्र के व्यक्ति हैं।

## 12 राज्यों में महिला वोटर अधिक



मतदाताओं के लिंग अनुपात (प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर महिलाओं की संख्या) में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ये 2019 में 928 से बढ़कर इस बार 948 हो गया है। पिछले पांच वर्षों में 3.2 करोड़ पुरुषों की तुलना में 4 करोड़ से अधिक महिला मतदाता जुड़ी हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में 43.1 करोड़ के बाद से, इस वर्ष महिला मतदाताओं में 9.3% की वृद्धि हुई है। जबकि पुरुष मतदाताओं में 46.4 करोड़ से 6.9% की वृद्धि हुई है। तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और केरल सहित एक दर्जन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

## यूपी में मतदाताओं की संख्या बढ़ी

यूपी में इस बार करीब 26 लाख मतदाता बढ़े हैं। कुल वोटर्स की संख्या 15.30 करोड़ हो गई है। इस बार 57 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। जबकि 31 लाख लोगों के नाम सूची से कटे हैं। 1 जनवरी 2024 तक जोड़े गए युवा मतदाताओं की संख्या 15 लाख है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अनुसार इस बार प्रदेश में महिला, पुरुष मतदाताओं का अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। चुनाव आयोग का इस पर खास फोकस रहा है। यही वजह है कि पिछले 10 वर्षों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाता सूची में एक हजार पुरुषों की तुलना में 867 महिलाएं थीं, इस वर्ष यह अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-छह भरना होगा। मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म-सात व मतदाता सूची में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम सुधारने या फिर पता बदलने के लिए फॉर्म-आठ भरना होगा।




## एक नजर

### हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने किए हवाई हमले

**लंदन।** लाल सागर में जहाजों पर हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन पर करीब 15 हवाई हमले किए हैं। अल-मसीरा प्रसारक ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के विमानों ने उत्तरी यमन के सादाह प्रांत पर पांच हमले किए। इसके अलावा, उन्होंने होदेइदाह प्रांत सहित पश्चिमी यमन में लगभग 15 हमले किए। यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती आंदोलन ने नवंबर 2023 में इजराइल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई थी जब तक कि वह गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता।

### हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे 100 रॉकेट: इजराइली रक्षा बल

**यरूशलम।** इजराइल की ओर से लेबनान पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह उत्तरी इजराइल की ओर करीब 100 रॉकेट दागे। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने अपर गैलिली क्षेत्र और इजराइल के आधिपत्य वाले गोलान हाइट्स पर रॉकेट दागे हैं। देश की हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेटों को हवा में ही मार गिराया। हमलों में किसी के हताहत होने के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की कि हिजबुल्लाह के रॉकेट हमलों के जवाब में उसके लड़ाकू विमानों ने सुबह रॉकेट दागने के लिए इस्तेमाल किये गए तीन लॉन्चरों पर हमला किया।

### मध्य पाकिस्तान में इमारत ढही नौ लोगों की मौत, कई घायल

**मुल्तान।** पाकिस्तान के मुल्तान शहर में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी रिजवान कादिर ने कहा कि इमारत का मलबा आसपास के घरों पर भी गिरा, जिससे कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। पाकिस्तान में इमारतों का ढहना आम बात है, लागत में कटौती के लिए सुरक्षा दिशानिर्देशों की अनदेखी की जाती है। जून 2020 में देश के सबसे बड़े शहर कराची में एक इमारत गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।

### बोलीविया में भूस्खलन, बारिश और बाढ़ से 51 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया में नवंबर से अब तक भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से 51 लोगों की जान चली गई है। नागरिक सुरक्षा उप मंत्री जुआन कार्लोस कैल्विमोंटेस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बारिश से दक्षिण अमेरिकी देश में 43 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। बोलीविया में बारिश और प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। बोलीविया में बारिश का मौसम आमतौर पर नवंबर में शुरू होता है और मार्च तक रहता है।

# आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता में दोहरे दृष्टिकोण की गंध: रूचिरा

## यूएन में भारत के निशाने पर चीन, वीटो शक्तियों के उपयोग पर की कड़ी निंदा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में वैश्विक आतंकवादियों को काली सूची में डालने से रोकने के लिए अपनी वीटो शक्तियों का उपयोग करने वाले देशों की कड़ी निंदा की है। कहा कि यह अभ्यास अनावश्यक है और आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता के प्रति दोहरे दृष्टिकोण की गंध आती है।



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक साक्ष्य-आधारित सूची प्रस्तावों को बिना किसी उचित औचित्य के रोकना अनावश्यक है और जब आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो दोहरेपन की बू आती है उन्होंने कहा कि पिछले साल, भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसपर चीन ने तकनीकी रोक लगा दी थी।

### अरुणाचल को लेकर चीन की आपत्ति को भारत ने किया खारिज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे पर चीन की टिप्पणी को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम प्रधानमंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के संबंध में चीनी पक्ष की टिप्पणियों को खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन ने भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया था। चीन ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी के पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने को लेकर उसने भारत के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और भारत के इस कदम से सीमा विवाद के केवल (और) जटिल होने की बात कही। साथ ही चीन ने इस क्षेत्र पर फिर से अपना दावा जताया।

### तनाव से ना भारत को कुछ हासिल हुआ, न ही चीन को : जयशंकर



**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार वर्षों से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि इस अवधि में तनाव से हममें से किसी को भी फायदा नहीं हुआ। साथ ही कहा कि भारत उचित हल खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह ऐसा होना चाहिए जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को मान्यता देता हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा बातचीत के केंद्र में उचित और स्पष्ट रूप से होना चाहिए। हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा से लौटे जयशंकर ने एक कार्यक्रम में सीमा मुद्दे को हल करने के लिए अतीत में चीन की ओर से गई पेशकश पर उनके विचारों के बारे में कहा, सीमा विवाद पर बातचीत में शामिल किसी भी देश को यह विश्वास करना होगा कि इसका समाधान होना चाहिए।

## पाकिस्तानः नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री



**इस्लामाबाद।** अर्थशास्त्री इशाक डार ने मंगलवार को नए विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। आर्थिक संकट में घिरे पाकिस्तान की नई सरकार भारत और अन्य पड़ोसियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने के प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने मंत्रिमंडल में 19 सदस्यों को शामिल कर किया है। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार के नवाज के भी खास हैं। इससे पहले वह चार बार पाकिस्तान के वित्त मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

# स्व-निर्वासन के बाद पूर्व पीएम नवाज के बेटे लौटे पाकिस्तान

लाहौर, एजेंसी



- पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद 2018 में छोड़ा था देश

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के दोनों बेटे छह साल बाद ब्रिटेन से वापस अपने देश लौटे हैं। दरअसल, पनामा पेपर्स घोटाले में जवाबदेही अदालत द्वारा उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने के बाद छह साल के आत्म-निर्वासन के बाद वह पाकिस्तान वापस आए हैं।

2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में देश छोड़ दिया था। एक जवाबदेही अदालत ने उन्हें 2018 में एवेनफील्ड मामले में अपराधी घोषित किया था और उनके खिलाफ गैर-जमानती स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला शरीफ परिवार के लंदन में लग्जरी अपार्टमेंट के स्वामित्व और अधिग्रहण के इर्द-गिर्द घूम रहा है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी ने एक बयान में कहा, "नवाज के बेटे मंगलवार को लंदन से यहां पहुंचे और उन्हें कड़ी सुरक्षा में उनके जाति उमरा लाहौर स्थित घर ले जाया गया। मालूम हो कि नवाज शरीफ पीएमएल-एन सुप्रीमो हैं।

# फेक न्यूज पर लगेगी लगाम, गूगल ने ईसी से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** अल्फाबेट इंक के स्वामित्व वाली गूगल ने आगामी आम चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार रोकने, फेक न्यूज को बढ़ावा देने और एआई से तैयार किए गए डाटा को रोकने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के साथ हाथ मिलाया है।

गूगल इंडिया ने इसकी जानकारी अपने एक ब्लॉग में दी है। गूगल ने कहा है कि भारत में आगामी लोकसभा चुनाव के लेकर खास तैयारी की गई है। गूगल ने कहा है कि हम चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि लोगों को चुनाव और वोटिंग से संबंधित जानकारी अंग्रेजी और हिंदी दोनों में सटीक तौर पर मिल सके। गूगल ने कहा है कि हम एआई से तैयार किए गए कंटेंट को पहचान करने के तरीके भी लोगों को बताएंगे। इस तरह के मौके पर विज्ञापनदाता एआई का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हम भी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम लोगों को अधिक पारदर्शिता के साथ जानकारी मिले। हमारी विज्ञापन नीतियां पहले से ही लोगों को गुमराह करने के लिए हेरफेर किए गए मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाती हैं, जैसे डीपफेक या छेड़छाड़ की गई सामग्री।

## जल बिन सब सून...



**बेंगलुरु :** गत वर्ष कम बारिश और अब पारा बढ़ने के साथ कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पानी का संकट गहरा गया है। लोग पानी की बूंद-बूंद को परेशान हैं। शहर की सड़कों पर पानी के टैंकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। पानी की समस्या के कारण सामान्य दिनों में 700 से 800 रुपये में मिलने वाले पानी टैंकरों की कीमत 1500 से 1800 तक पहुंच गई है। जल संकट को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए हैं, हाथों में मटकी लेकर महिलाओं ने देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

# गुजरात में एटीएस-एनसीबी की कार्रवाई, 6 पाकिस्तानी गिरफ्तार

गुजरात, एजेंसी

- 480 करोड़ की ड्रग्स बरामद संयुक्त टीम ने अब तक जब्त की तीन हजार करोड़ की ड्रग्स

गुजरात एटीएस ने इंडियन कोस्ट गार्ड और एनसीबी के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया। इस ऑपरेशन में छह पाकिस्तानियों को भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ पकड़ा गया। इस ऑपरेशन में 480 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। सभी आरोपियों को पोरबंदर लाया जाएगा। कोस्ट गार्ड, एटीएस और एनसीबी ने मिलकर अब तक 3,135 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है।

एनसीबी ने इस ऑपरेशन को लेकर कहा कि 11 और 12 मार्च को रात भर के संयुक्त अभियान में, भारतीय तटरक्षक बल ने एक पाकिस्तानी नाव को 6 चालक दल के साथ और लगभग 480 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 80 किलोग्राम ड्रग्स के साथ पकड़ा। नाव को पोरबंदर से लगभग 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में आईसीजी जहाजों और डोर्नियर विमान के समुद्री-हवाई समन्वित अभियान में पकड़ा गया। ऑपरेशन में आईसीजी, एनसीबी और एटीएस गुजरात के बीच अच्छे समन्वित प्रयासों का प्रदर्शन हुआ। पिछले तीन वर्षों में एटीएस गुजरात और एनसीबी के साथ संयुक्त रूप से आईसीजी द्वारा की गई यह दसवीं गिरफ्तारी है, जिसमें 3,135 करोड़ रुपये मूल्य की 517 किलोग्राम नशीले पदार्थ की मात्रा है।

## हिंदू-अमेरिकी संगठन ने भारत में सीएए लागू होने पर जताई खुशी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतवंशी समुदाय ने भारत में सीएए लागू किए जाने पर खुशी जताई है। अमेरिकी हिंदू समूहों का मानना है कि भारत में सीएए अमेरिका में धार्मिक शरणार्थियों के लिए लागू लाडेनबर्ग संशोधन को प्रतिबिंबित करता है।

मीडिया के मुताबिक, हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) की कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा, भारत में लंबे समय से लंबित सीएए कुछ अत्यंत असहाय शरणार्थियों की रक्षा करता है। यह उन्हें वह मानवाधिकार प्रदान करता है, जिनसे उन्हें वंचित कर दिया गया था। यह उन्हें अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने के लिए आवश्यक नागरिकता का स्पष्ट और त्वरित मार्ग प्रदान करता है।

# बिना एनआरसी के आवेदन पर किसी को भी नागरिकता मिली तो दे दूंगा इस्तीफा: सीएम हिमंत



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सीएए को लेकर मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल गई तो वह अपने पद से इस्तीफा देने वाले पहल व्यक्ति होंगे।

मीडिया के अनुसार, असम के सीएम ने कहा कि 'अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल जाती है तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। दरअसल, चार साल बाद केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के लिए एक अधिसूचना जारी की। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के कुछ हफ्ते पहले ही लागू की गई है। विपक्षी राजनेताओं के विरोध के बीच दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए को पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। सरमा की टिप्पणी सोमवार को सीएए को लागू करने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार की आलोचना करने वाले विपक्षी दलों के साथ पूरे असम में विरोध प्रदर्शन के बाद आई है।

**विज्ञान** विकिरण का बड़ा जोखिम है अंतरिक्ष पर्यटन, वैज्ञानिकों की चेतावनी-संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी

# स्पेस टूरिज्म विश्व में तेजी से पसार रहा पैर, निजी कंपनियां आगे

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** स्पेस टूरिज्म यानी अंतरिक्ष की सैर कराने वाला रोमांचक पर्यटन है। मगर इस पर्यटन में खतरे भी कम नही हैं। हाल में हुए शोध में चेतावनी दी है कि ब्रह्मांड से आने वाला विकिरण अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है।

लिहाजा संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है। स्पेस टूरिज्म का सपना शायद सदियों पुराना रहा हो , लेकिन इसने वर्ष 2020 से जोर पकड़ा है। बेहद जोखिमभरा पर्यटन होने के बावजूद वर्तमान में दुनिया के हजारों लोग इस पर्यटन का आनंद लेना चाहते हैं। मगर इस पर्यटन में अंतरिक्ष मौसम विकिरण बड़ा जोखिम हो सकता है। इससे निपटने के लिए सुरक्षा उपाय पुख्ता किए जाने की सख्त जरूरत है।

दरअसल सौर विकिरण अंतरिक्ष में आए दिन पहुचते रहता है। जिससे स्वास्थ्य को बड़ा नुकसान हो सकता है। जिसमें कैंसर सबसे बड़ा खतरा है। साथ ही डीएनए को भी खतरा हो सकता है। इस पर अमेरिकी सरे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध किया है। सभी जानते हैं कि हमारा वायुमंडल सूर्य से आने वाले विद्युत आवेशित कणों से बचाता है और सूर्य से आने वाले विकिरण को चुम्बकीय क्षेत्र में समाहित कर लेता है। जिस कारण प्राकृतिक रूप से हमारे स्वास्थ्य की रक्षा होती है। मगर अंतरीक्ष में यह रक्षा सम्भव नही है। अंतरिक्ष मौसम विशेषज्ञों ने स्पेस टूरिज्म के तेजी से बढ़ते प्रचलन ने नए नियम बनाने की सख्त पैरवी की है। जिससे विकिरण संबंधित खतरे से यह पर्यटन मुक्त हो। सरे स्पेस सेंटर में शोधकर्ता क्रिस रीस के अनुसार अंतरिक्ष पर्यटन विशिष्ट है और तेजी से उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है। मगर अंतरिक्ष उड़ानों के दौरान अधिक लोग ब्रह्मांडीय विकिरण के संपर्क से प्रभावित हो सकते हैं।



स्पेस एक्स का अंतरिक्ष यान।

### शून्य ग्रेविटी का एहसास कराता है स्पेस टूरिज्म

स्पेस टूरिज्म आसमान में उतनी ऊंचाई तक ले जाता है, जहां शून्य ग्रेविटी का एहसास होता है। यह ऊंचाई 100 किमी तक होती है और लगभग आठ मिनट में यात्री इस ऊंचाई तक पहुँच जाते हैं। इस सफर में पृथ्वी को निहारना सुखद एहसास दिलाता है। यह यात्रा करीब डेढ़ घंटे की होती है। मगर इसका परीक्षण कई चरणों मे कई महीने चलता है।

### टूरिज्म में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा

अंतरिक्ष पर्यटन में प्रतिस्पर्धा तेजी से बढ़ने लगी है। जिसमें निजी स्तर पर कुछ देशों की कंपनियां शामिल हैं। इस दौड़ में स्पेस एक्स, वर्जिन गैलेक्टिक व ब्लू ओरिजन सबसे आगे हैं। इन कंपनियों के जरिए अभी तक कई दर्जन यात्री अंतरिक्ष की सैर कर चुके हैं। बड़ी बात यह है कि यह कंपनियां अब चंद्रमा व मंगल ग्रह की सैर कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिसमें स्पेस एक्स का दावा है कि वह सबसे पहले मंगल पर अपने यात्रियों को पहुचाएगा। अंतरिक्ष पर्यटन की बड़ती मांग को लेकर अमेरिका की निजी कंपनी स्पेस-एक्स सबसे आगे हैं, जो आने वाले कुछ सालों में मंगल की सतह पर कदम रखेगी।

## रूस का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचे 15 लोग

**मॉस्को।** रूस में मंगलवार को एक विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। इस घटना में रूस ने जानकारी देते हुए कहा कि उसका एक इल्यूशिन आईएल-76 सैन्य मालवाहक विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

दुर्घटना के वक्त विमान के एक इंजन में आग लग गया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। रूसी सोशल मीडिया नेटवर्क पर असत्यापित वीडियो में एक विमान को जलते हुए इंजन के साथ नीचे की ओर जाते हुए दिखाया गया है। हेलीकॉप्टर के चक्कर लगाते समय धुएं का बहुत बड़ा गुबार आसमान में उठता हुआ देखा गया।

# छह माह बाद आईएसएस से धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्री



केप कैनावेरल, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर छह माह बिताने के बाद चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को धरती पर लौट आए। अंतरिक्ष यात्रियों का कैप्सूल मंगलवार को अमेरिका में घूमता रहा और फिर फ्लोरिडा पैनहैंडल के निकट मेक्सिको की खाड़ी में उतरा। नासा के जैसमिन मोघबेली ने लौटने वाले दल का नेतृत्व किया।

दल में डेनमार्क के एंड्रियास मोगेन्सन, जापान के सातोशी फुरुकावा और रूस के कॉन्स्टेंटिन बोरिसोव भी शामिल रहे। ये गत अगस्त आइएसएस पर पहुंचे थे और गत सप्ताह उनके स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्री आइएसएस पहुंच गए। मोहबेली पर परिक्रमा परिसर छोड़ने के बाद रेडियो पर कहा कि हमने आपके लिए कुछ पीनट बटर और टॉर्टिला (मैक्सिकन रोटी) छोड़ा है।

इसके जवाब में नासा की लोरल ओ हारा ने जवाब दिया कि मुझे आपकी पहले से ही याद आ रही है और उपहार के लिए धन्यवाद।